राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 358
लखनऊ, सोमवार 31 अगस्त, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



डीएम ने जिला महिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण 10

बस स्टेशनों व पांच हवाई अड्डों पर खुलेंगे महिला उत्पाद विपणन केंद्र 03

### प्रधानमंत्री मोदी को मिला उज्बेकिस्तान का सर्वोच्च सम्मान

# यूरेनियम आपूर्ति पर सहमति

- दोनों देशों ने रिश्तों को 'व्यापक रणनीतिक साझेदारी' में बदला
- 2030 तक व्यापार पांच अरब डॉलर करने का लक्ष्य

**एजेंसी, ताशकंद।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय उज्बेकिस्तान यात्रा भारत-मध्य एशिया संबंधों के लिहाज से कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों के साथ रविवार को संपन्न हुई। उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव ने प्रधानमंत्री मोदी को देश के सर्वोच्च राज्य सम्मान 'ऑली दाराजली दोस्तलिक' से सम्मानित किया। यह सम्मान भारत और उज्बेकिस्तान के बीच मजबूत होते संबंधों और प्रधानमंत्री मोदी के योगदान के सम्मान में दिया गया। उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार यह मोदी को मिला 36वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है।

मोदी ने सम्मान को दोनों देशों की दीर्घकालिक मित्रता को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि भारत के 140 करोड़ लोगों का सम्मान है। 'दोस्तलिक' का अर्थ मित्रता है और यह भारत-उज्बेकिस्तान संबंधों की भावना को दर्शाता है। राष्ट्रपति मिर्जियोयेव के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में दोनों देशों ने यूरेनियम की दीर्घकालिक आपूर्ति के लिए व्यवस्था स्थापित करने पर सहमति जताई। भारत के लिए यह समझौता महत्वपूर्ण है क्योंकि देश अपनी बढ़ती परमाणु ऊर्जा जरूरतों के लिए यूरेनियम के स्रोतों में विविधता लाने पर जोर दे रहा है। भारत और उज्बेकिस्तान ने अपने संबंधों को 'व्यापक रणनीतिक साझेदारी' के स्तर तक ले जाने का फैसला किया। इसके साथ रक्षा, ऊर्जा, व्यापार, निवेश, डिजिटल क्षेत्र, शिक्षा और कनेक्टिविटी में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया गया। दोनों देशों के बीच 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को पांच अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, जबकि वर्तमान व्यापार एक अरब डॉलर से अधिक है। दोनों देशों ने रक्षा क्षेत्र में प्रत्यक्ष सहयोग, संयुक्त रूप से उपकरणों के उत्पादन और नई तकनीकों के विकास की संभावनाओं पर चर्चा की। आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद को क्षेत्रीय शांति के लिए गंभीर खतरा बताते हुए इनके खिलाफ सहयोग और जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रखने पर सहमति बनी।



तासकंद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उज्बेकिस्तान का सर्वोच्च सम्मान प्रदान करते राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव।

### यूं ही नहीं गए प्रधानमंत्री मोदी ताशकंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ताशकंद दौरा भारत के लिए ऊर्जा और रणनीतिक सुरक्षा के लिहाज से अहम उपलब्धि लेकर आया है। भारत और उज्बेकिस्तान ने अपने संबंधों को 'व्यापक रणनीतिक साझेदारी' के स्तर तक बढ़ाने का फैसला किया है। सबसे महत्वपूर्ण समझौता यूरेनियम की दीर्घकालिक आपूर्ति को लेकर हुआ है। पिछले दो महीने में यूरेनियम आपूर्ति पर भारत का यह दूसरा बड़ा समझौता है। इससे पहले 9 जुलाई को ऑस्ट्रेलिया के साथ भी ऐसी व्यवस्था हुई थी। यूरेनियम भारत की परमाणु ऊर्जा जरूरतों के साथ ऊर्जा सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।

### ट्रंप के टैरिफ की मोदी ने निकाली काट

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारतीय उत्पादों पर भारी टैरिफ और रूस से तेल खरीदने को लेकर लगाए गए अतिरिक्त शुल्क के बीच भारत ने अपनी विदेश नीति में बड़ा बदलाव किया है। अब भारत किसी एक शक्ति पर निर्भर रहने के बजाय दुनिया भर में व्यापारिक और रणनीतिक साझेदारों का दायरा बढ़ा रहा है। हिन्दुस्तान के मुताबिक, बीते एक वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 20 से अधिक देशों की यात्राएं कीं और 13 से अधिक देशों के नेता भारत आए। इस दौरान यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौता, ब्रिटेन के साथ व्यापार समझौता, जर्मनी के साथ पनडुब्बी तकनीक और फ्रांस के साथ एआई व व्यापार बढ़ाने पर सहमति बनी।

### मोदी की यात्रा की प्रमुख उपलब्धियां

- उज्बेकिस्तान का सर्वोच्च राज्य सम्मान 'ऑली दाराजली दोस्तलिक'
- भारत-उज्बेकिस्तान संबंध व्यापक रणनीतिक साझेदारी में बदले
- यूरेनियम की दीर्घकालिक आपूर्ति की व्यवस्था पर सहमति
- 2030 तक व्यापार पांच अरब डॉलर करने का लक्ष्य
- रक्षा सहयोग और संयुक्त उत्पादन पर जोर
- विदेश मंत्री स्तर की समन्वय परिषद का प्रस्ताव
- संयुक्त आयोग को मंत्री स्तर तक ले जाने का फैसला
- सिस्टर-सिटी और सिस्टर-स्टेट साझेदारी को बढ़ावा

### भारत के लिए क्यों अहम है उज्बेकिस्तान

**ऊर्जा सुरक्षा** : यूरेनियम की दीर्घकालिक आपूर्ति से परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के लिए स्रोतों में विविधता आएगी।
**रणनीतिक स्थिति** : मध्य एशिया में उज्बेकिस्तान भारत की क्षेत्रीय पहुंच और रणनीतिक साझेदारी के लिए महत्वपूर्ण है।
**खनिज संसाधन** : मध्य एशिया ऊर्जा और महत्वपूर्ण खनिज संसाधनों की दृष्टि से अहम क्षेत्र है।
**व्यापार विस्तार** : 2030 तक पांच अरब डॉलर के व्यापार लक्ष्य से आर्थिक संबंधों को नई गति मिलने की उम्मीद है।
**सुरक्षा सहयोग** : आतंकवाद, उग्रवाद और अफगानिस्तान से जुड़े क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर सहयोग बढ़ाने का अवसर मिलेगा।

### नेपाल की अंतहीन त्रासदी

# पावर प्रोजेक्ट के सुरंग में फंसे 898 कर्मचारी

- छोटा रास्ता बना पहुंचाया गया खाना, लेकिन फंसे लोगों से संपर्क नहीं
- राहत कार्य युद्धस्तर पर, लाशों का मिलना जारी, अब तक 804 मौतें

**एजेंसी, काठमांडू।**

नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन से हालात लगातार गंभीर बने हुए हैं। जलप्रलय की चपेट में आए हाइड्रोपावर प्रोजेक्टों की सुरंगों में फंसे कर्मचारियों को सुरक्षित निकालने के लिए बड़े पैमाने पर राहत और बचाव अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न हाइड्रोपावर परियोजनाओं की सुरंगों में करीब 898 कर्मचारी फंसे थे, जिनमें से 361 को सुरक्षित बाहर निकाला जा चुका है। हालांकि, अब भी सैकड़ों कर्मचारी मलबे से बंद सुरंगों में फंसे हुए हैं और उनसे सीधा संपर्क स्थापित नहीं हो सका है।

सबसे गंभीर स्थिति अपर त्रिशूली-1 हाइड्रोपावर परियोजना में बताई जा रही है। यहां करीब 300 कर्मचारियों के सुरंग के अंदर फंसे होने की आशंका है। भारी मलबा, पत्थर और कीचड़ सुरंग के रास्ते में जमा होने के कारण बचाव दलों के लिए अंदर पहुंचना बेहद चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। बचाव अभियान में फंसे लोगों तक जीवनरक्षक सामग्री पहुंचाना सबसे बड़ी प्राथमिकता बनी हुई है। राहत दलों ने ड्रिलिंग के जरिए करीब छह इंच का एक छेद बनाया है। इसी छोटे रास्ते से सुरंग के भीतर हवा पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा इसी माध्यम से भोजन और अन्य जरूरी सामग्री पहुंचाने की कोशिश की जा रही है।

सुरंग के भीतर की स्थिति का पता लगाने के लिए कैमरे और दूसरे तकनीकी उपकरणों का इस्तेमाल किया जा रहा है। बचाव दल इस रास्ते को और बड़ा करने की तैयारी में हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर कर्मचारियों तक सीधे पहुंच बनाई जा सके।



### 30 हजार की आबादी वाला इलाका मलबे में दफन

बाढ़ और भूस्खलन ने नेपाल के पहाड़ी इलाकों में कई बस्तियों का नक्शा बदल दिया है। करीब 30 हजार की आबादी वाले प्रभावित क्षेत्र में घरों और बुनियादी ढांचे पर मलबे की मोटी परत जम गई है। कई परिवारों का अपने घरों से संपर्क टूट गया है और बड़ी संख्या में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। सड़क और पुल बह जाने से प्रभावित क्षेत्रों तक राहत सामग्री पहुंचाना मुश्किल हो रहा है। प्रशासन ने अस्थायी राहत शिविरों में लोगों के ठहरने और भोजन-पानी की व्यवस्था शुरू की है। नेपाल में जारी राहत अभियान के बीच सबसे बड़ी चुनौती हाइड्रोपावर परियोजनाओं की सुरंगों में फंसे कर्मचारियों को सुरक्षित निकालना है। छह इंच के छेद के जरिए हवा और भोजन पहुंचाने की कोशिश की जा रही है, जबकि कैमरों और तकनीकी उपकरणों से अंदर की स्थिति का आकलन किया जा रहा है। बचाव दलों को उम्मीद है कि मलबा हटाकर जल्द ही सुरंग के भीतर सुरक्षित रास्ता बनाया जा सकेगा।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,58,390/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,45,200/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,18,830/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,55,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### जंगल में मिली नेहरू की प्रतिमा, जताया आक्रोश

**कोलकाता।** पश्चिम बर्धमान जिले में पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा जंगल में फेंके जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर कांग्रेस ने नाराजगी जताते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पार्टी ने कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### आईएएस अधिकारी हिरासत में

**बेंगलुरु।** कर्नाटक लोक सेवा आयोग की पशु चिकित्सा अधिकारी भर्ती परीक्षा में कथित अनियमितताओं के मामले में सीआईडी ने आईएएस अधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार गंगवार को हिरासत में लिया है। अधिकारियों के मुताबिक, जांच में सहयोग नहीं करने के आरोप में यह कार्रवाई हुई। प्रवर्तन निदेशालय ने 23 अगस्त को गंगवार के बेंगलुरु और बरेली स्थित परिसरों पर छापेमारी की थी। मामले में भर्ती अनियमितता और धनशोधन से जुड़े पहलुओं की जांच जारी है।

### अभिषेक बनर्जी को पुलिस का नोटिस

**कोलकाता।** बिलबोर्ड हटाने को लेकर हुए विवाद में तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी को कोलकाता पुलिस ने नोटिस जारी किया है। उन्हें मंगलवार दोपहर शेक्सपियर सरणी थाने में पेश होने को कहा गया है। मामले में तीन प्राथमिकी दर्ज हुई हैं, जिनमें दो में बनर्जी को आरोपी बनाया गया है।

### मुठभेड़ में मारे गये चार हथियारबंद अपराधी

**शिलॉन्ग।** मेघालय के ईस्ट गारो हिल्स जिले में पुलिस और आतंकवाद निरोधक दस्ते की संयुक्त टीम के साथ मुठभेड़ में चार हथियारबंद लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, सोंगसाक-कागल मार्ग पर नाकेबंदी के दौरान संदिग्ध वाहन को रोकने पर उसमें सवार लोगों ने गोलीबारी की। जवाबी कार्रवाई में चारों घायल हुए और अस्पताल में उनकी मौत हो गई।

# सपा के भ्रष्टाचार का जीवंत स्मारक है जेपीएनआईसी : योगी

- जयप्रकाश नारायण के नाम का इससे बड़ा अपमान नहीं हो सकता
- बोले सीएम, जनता के पैसे पर डकैती की किसी को छूट नहीं

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर (जेपीएनआईसी) को सपा के भ्रष्टाचार का जीवंत स्मारक बताया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ वीरांगना अवंतीबाई लोधी की भव्य अश्वारोही प्रतिमा का लोकार्पण करने के बाद जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नाम पर बने केंद्र की यह स्थिति उनके नाम का अपमान है।

योगी ने कहा कि जेपीएनआईसी परियोजना की शुरुआती लागत करीब 200 करोड़ रुपये थी, लेकिन उनके अनुसार 864 करोड़ रुपये खर्च होने के बावजूद यह अधूरी रही। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए तत्कालीन सरकार ने कमेटी गठित की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि खर्च हुआ पैसा उत्तर प्रदेश की जनता का है और जनता के पैसे के इस्तेमाल में किसी को मनमानी की छूट नहीं दी जा सकती। सरकार जेपीएनआईसी को लखनऊ विकास प्राधिकरण के मार्गदर्शन में विकसित करेगी और खर्च हुई धनराशि की वसूली का प्रयास करेगी।

मुख्यमंत्री ने सपा पर जातीय राजनीति और दंगों को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में दंगे, कर्फ्यू, अवैध कब्जे और भय का माहौल उसकी पहचान रहे। इसके विपरीत भाजपा सरकार मिशन शक्ति के जरिए महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन पर काम कर रही है। उन्होंने बताया कि ऊदा देवी, झलकारी बाई और अवंतीबाई लोधी के नाम पर तीन महिला पीएसी बटालियन गठित की गई हैं। योगी ने कहा कि स्नातक अंतिम वर्ष की 50 हजार छात्राओं को रानी लक्ष्मीबाई के नाम पर स्कूटी दी जाएगी। 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं के लिए परिवहन निगम की बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा भी शुरू की गई है। अवंतीबाई लोधी के शौर्य का उल्लेख करते हुए उन्होंने समाज की एकता का आह्वान किया और कहा, हम बटेंगे नहीं तो कटेंगे भी नहीं। पीडीए की राजनीति पर सवाल उठाते हुए उन्होंने सपा पर समाज को जाति के नाम पर बांटने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के सम्मान और सामाजिक एकता के लिए सभी को साथ खड़ा होना होगा। मुख्यमंत्री ने दोहराया, हम बटेंगे नहीं तो कटेंगे भी नहीं।

संबंधित खबर पृष्ठ 3 पर



### ये दंगों के बादशाह हैं, कर्फ्यू इनकी पहचान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ लखनऊ छावनी को मॉडल छावनी के रूप में विकसित करने के लिए करीब 101 करोड़ रुपये की 12 विकास परियोजनाओं का भूमिपूजन और शिलान्यास किया।
उन्होंने कहा कि लखनऊ अब स्मार्ट रोड, किसान पथ और आउटर रिंग रोड जैसी आधुनिक सुविधाओं से जुड़ रहा है। ब्रह्मोस मिसाइल निर्माण केंद्र से शहर रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जनसभा में योगी ने सपा को 'दंगों का बादशाह' बताते हुए कहा कि कर्फ्यू उसकी पहचान रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकार में सरकारी खजाने की लूट, जमीनों पर अवैध कब्जे और भय का माहौल था।

# डिजिटल अरेस्ट पर संसद के कानून का इंतजार नहीं करेंगे : सीजेआई

**एजेंसी, लंदन।**

भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा है कि भारतीय न्यायपालिका 'डिजिटल गिरफ्तारी' जैसे नए और बदलते साइबर अपराधों के खिलाफ सक्रियता से कदम उठा रही है। ऐसे मामलों में न्यायपालिका संसद की ओर से नया कानून बनाए जाने का इंतजार नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि आर्थिक अपराधों का स्वरूप लगातार बदल रहा है और उनसे निपटने के लिए कानूनी तथा संस्थागत व्यवस्था को भी बदलती चुनौतियों के अनुरूप विकसित करना जरूरी है।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने शनिवार को लंदन में आयोजित 43वें अंतरराष्ट्रीय आर्थिक अपराध संगोष्ठी के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय ने हाल में 'डिजिटल गिरफ्तारी' से जुड़े मामलों का स्वतः संज्ञान लिया था। उन्होंने बताया कि इस तरह की धोखाधड़ी में जालसाज वीडियो कॉल के जरिये खुद को पुलिस अधिकारी, न्यायिक अधिकारी या वरिष्ठ नौकरशाह बताकर लोगों को डराते हैं और उनसे धन ऐंठते हैं।



# जयपुर में नीट-पीजी परीक्षा रद्द परीक्षार्थियों ने किया हंगामा

**एजेंसी, जयपुर।**

जयपुर के सीतापुरा स्थित आईओएन डिजिटल जोन परीक्षा केंद्र पर रविवार को नीट-पीजी 2026 परीक्षा के दौरान तकनीकी गड़बड़ी को लेकर जमकर हंगामा हुआ। परीक्षा देने पहुंचे डॉक्टरों और अन्य परीक्षार्थियों ने आरोप लगाया कि परीक्षा के दौरान कंप्यूटर बार-बार बंद होते रहे, जिससे उनका पेपर प्रभावित हुआ। परीक्षार्थियों के अनुसार करीब दो घंटे में परीक्षा लगभग 10 बार बाधित हुई। परीक्षा समाप्त होने के बाद सैकड़ों अभ्यर्थियों ने केंद्र के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया।

हंगामा बढ़ने के बाद इस केंद्र पर हुई परीक्षा को रद्द कर दिया गया। अब यहां 5 सितंबर को दोपहर तीन बजे से दोबारा परीक्षा कराई जाएगी।

### आईएसआईएस साजिश

## फसीउर रहमान को सात साल की कठोर सजा

**एजेंसी, बेंगलुरु।** बेंगलुरु की विशेष राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) अदालत ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन आईएसआईएस से जुड़ी साजिश के मामले में दोषी सैयद फसीउर रहमान को सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने उस पर 48 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। मामले में देश में लक्षित हत्याओं के जरिये सांप्रदायिक दंगे भड़काने और अशांति फैलाने की साजिश के आरोप लगाए गए थे।

# भारत के डीएनए में एकता व विविधता : भागवत

- मैडिसन स्क्वायर गार्डन में भारतीय-अमेरिकियों को किया संबोधित
- इंसान को भगवान के करीब ले जाती है सही सोच

**एजेंसी, न्यूयॉर्क।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को न्यूयॉर्क के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में आयोजित 'यूनिवर्सल वननेस सेलिब्रेशन' में भारत की एकता और विविधता को उसकी मूल पहचान बताया। भारतीय-अमेरिकी समुदाय और विभिन्न धर्मों के नेताओं की बड़ी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत के डीएनए में एकता और विविधता दोनों हैं। लोग भाषा, पहनावे और जीवनशैली में अलग हो सकते हैं, लेकिन उनके बीच एक स्वाभाविक जुड़ाव है।

अमेरिकन हिंदूज फॉर एंगेजमेंट एंड डायलॉग (एएचईएडी) की ओर से आयोजित कार्यक्रम में 5,000 से अधिक भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक शामिल हुए।



### आईएएस दिव्या मित्तल ने दिया इस्तीफा



**समृद्धि न्यूज, गोरखपुर।** देवरिया की जिलाधिकारी के रूप में सेवाएं दे चुकीं आईएएस अधिकारी दिव्या मित्तल ने करीब 13 वर्ष की प्रशासनिक सेवा के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए स्वेच्छा से भारतीय प्रशासनिक सेवा से त्यागपत्र देने की जानकारी साझा की। दिव्या मित्तल वर्तमान में विशेष सचिव के पद पर तैनात थीं। दिव्या मित्तल ने अपनी पोस्ट में लिखा कि उन्होंने 13 वर्षों की इस अविस्मरणीय यात्रा को अपनी इच्छा से विराम देने का निर्णय लिया है। उन्होंने अपने जीवन के सफर का उल्लेख करते हुए कहा कि साधारण परिवेश में पली-बढ़ी होने के कारण उन्होंने एक अच्छे और सफल जीवन का सपना देखा था। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की और आईआईटी दिल्ली तथा आईआईएम बेंगलुरु से शिक्षा प्राप्त की। शिक्षा पूरी करने के बाद दिव्या मित्तल की नौकरी लंदन में लगी। हालांकि, अच्छी नौकरी और सफलता हासिल करने के बावजूद उन्हें जीवन में कुछ अधूरापन महसूस हुआ। इसके बाद उन्होंने प्रशासनिक सेवा में आने का निर्णय लिया। आईएएस अधिकारी के रूप में उन्होंने उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों और विभागों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभालीं।

**पहल**

### विदेशी निवेश को बढ़ावा देने की सरकार की नई तैयारी

# एफडीआई की राह होगी आसान, मंजूरी व केवाईसी नियम बदलने की तैयारी

- सीसीईए की सीमा 5,000 करोड़ से बढ़ाकर 15,000 करोड़ करने पर विचार
- निवेश प्रस्तावों के निपटारे में लगने वाला समय घटने की उम्मीद

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत में विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार एफडीआई से जुड़ी मंजूरी और केवाईसी प्रक्रिया को सरल बनाने की तैयारी में है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि बेहतर प्रक्रिया, प्रभावी केवाईसी और तेजी से मिलने वाली मंजूरी से विदेशी निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा और देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रवाह मजबूत होगा। सरकार उद्योग जगत से मिले सुझावों के आधार पर निवेश व्यवस्था में बदलाव पर विचार कर रही है। गोयल के मुताबिक जिन विदेशी निवेश प्रस्तावों के लिए उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) या केंद्र सरकार की मंजूरी जरूरी होती है, उनके निपटारे की प्रक्रिया को और तेज किया जा सकता है।



विदेशी निवेशकों की केवाईसी प्रक्रिया को भी अधिक प्रभावी बनाने पर विचार हो रहा है। इसके लिए दूसरे देशों के नियामकों के साथ आपसी मान्यता समझौते किए जा सकते हैं। इससे एक देश में पूरी हुई नियामकीय जांच और मंजूरी को दूसरे देश में मान्यता मिल सकेगी और कंपनियों को समान दस्तावेजी प्रक्रिया बार-बार पूरी करने की जरूरत कम होगी। सरकार आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) से जुड़े नियमों में भी बदलाव पर विचार कर रही है। फिलहाल 5,000 करोड़ रुपये से अधिक के एफडीआई प्रस्तावों के लिए सीसीईए की मंजूरी आवश्यक होती है। इसे बढ़ाकर 15,000 करोड़ रुपये किए जाने पर विचार है। प्रस्ताव लागू होने पर 15,000 करोड़ रुपये तक के निवेश प्रस्तावों को सीसीईए के स्तर पर मंजूरी की जरूरत नहीं होगी। इससे बड़े निवेश प्रस्तावों को मंजूरी मिलने में लगने वाला समय कम हो सकता है। भारतीय कंपनियों में विदेशी कंपनियों के डाउनस्ट्रीम निवेश से जुड़े नियमों को भी सरल बनाने पर विचार किया जा रहा है। भारत में ज्यादातर क्षेत्रों में ऑटोमैटिक रूट से 100 प्रतिशत तक एफडीआई की अनुमति है। हालांकि रक्षा, मीडिया और कुछ संवेदनशील क्षेत्रों में निवेश की सीमा या सरकारी मंजूरी की व्यवस्था लागू है।

वित्त वर्ष 2025-26 में भारत में एफडीआई प्रवाह 17 प्रतिशत बढ़कर 94.5 अरब डॉलर पहुंच गया। सरकार अब मैन्युफैक्चरिंग, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य उभरते क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने पर जोर दे रही है। गोयल ने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल विदेशी कंपनियों से तैयार उत्पादों की असेंबली कराना नहीं, बल्कि कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पाद तक पूरी सप्लाई चेन भारत में विकसित करना है। जिन क्षेत्रों में लागत के कारण भारत प्रतिस्पर्धा में पीछे है, वहां जरूरत के आकलन के बाद उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) शुरू करने पर विचार किया जा सकता है।

### कई देशों से व्यापार समझौते पर बातचीत जारी

भारत इजरायल, चिली, पेरू, कनाडा, खाड़ी सहयोग परिषद, यूरेशियन आर्थिक संघ और दक्षिण अफ्रीकी सीमा शुल्क संघ के साथ व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है। मेक्सिको के साथ बातचीत शुरू करने की शर्तों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं, सीपीटीपीपी में शामिल होने के सुझाव भी मिले हैं, लेकिन फिलहाल सरकार का ध्यान द्विपक्षीय व्यापार समझौतों पर है।

मण्डलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल का दिख रहा प्रभाव

# संवाद से समाधान, ग्रामीणों को मिल रहा लाभ

- सहमति से 330 ग्राम हुए वाद-मुक्त
- 769 वादों का हुआ संवाद से समाधान



**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में देवीपाटन मण्डल में संचालित वाद-मुक्त देवीपाटन संवाद से समाधान अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में विवादों का स्थानीय स्तर पर आपसी संवाद एवं सहमति से समाधान कराया जा रहा है।

अभियान के देवीपाटन मण्डल अंतर्गत चयनित 500 ग्रामों में से 330 ग्रामों को वाद-मुक्त घोषित किया जा चुका है, वहीं सामुदायिक मध्यस्थता एवं आपसी सहमति द्वारा अब तक 769 वादों का संवाद से समाधान हुआ। मण्डलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देशन में गोण्डा, बहराइच, बलरामपुर एवं श्रावस्ती जनपदों की 16 तहसीलों में यह अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य मण्डल के सभी ग्रामपंचायत स्तर पर सिविल, राजस्व एवं सामुदायिक प्रकृति के विवादों का गाँव स्तर पर ही संवाद और मध्यस्थता के माध्यम से उभय पछो का आपसी सहमति से समाधान कराना है, जिससे ग्रामीणों को अनावश्यक मुकदमेबाजी से राहत मिले तथा समय एवं धन की बचत हो रही है। यह अभियान प्रत्येक चयनित ग्राम में लेखपाल, पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान, महिला प्रतिनिधि एवं ग्राम के वरिष्ठ सदस्य को शामिल करते हुए पाँच सदस्यीय सामुदायिक मध्यस्थता पैनल गठित किया गया है। ग्राम पंचायत भवन अथवा सार्वजनिक स्थल पर मध्यस्थता केंद्र स्थापित किए गए हैं तथा प्रक्रिया की निगरानी के लिए नायब तहसीलदार अथवा तहसीलदार को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। जनपदवार प्रगति जनपद गोण्डा में 82 ग्राम वाद-मुक्त हुए हैं तथा 167 विवाद प्राप्त हुए। बलरामपुर में 86 ग्राम वाद-मुक्त हुए तथा 237 विवाद प्राप्त हुए। बहराइच में सर्वाधिक 109 ग्राम वाद-मुक्त घोषित किए गए तथा 141 विवाद प्राप्त हुए। श्रावस्ती में 53 ग्राम वाद-मुक्त हुए तथा 224 विवाद समाधान किया जा रहा है। मध्यस्थता के माध्यम से मुख्य रूप से चकमार्ग, आबादी के रास्ते, नाली, बंटवारा, वरासत एवं सीमा/सरहद से संबंधित विवादों का समाधान कराया जा रहा है। विभिन्न ग्रामों में सामुदायिक बैठकें, स्थलीय निरीक्षण एवं सत्यापन की कार्यवाही लगातार की जा रही है। प्रशासन का लक्ष्य शेष ग्रामों में भी मध्यस्थता प्रक्रिया को पूर्ण कर सम्पूर्ण देवीपाटन मण्डल को वाद-मुक्त मण्डल के रूप में स्थापित करना है। इस पहल से ग्रामीणों को त्वरित एवं सहमति आधारित समाधान मिलने के साथ-साथ न्याय व सामाजिक सौहार्द और आपसी विश्वास को भी मजबूती मिल रही है।

# नेपालगंज रोड ब्रॉडगेज रेल लाइन का उद्घाटन आज

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**

नेपालगंजरोड (रुपईडीहा) बहराइच ब्रॉडगेज रेल लाइन का 31 अग्रस्त को शुभारंभ होगा। रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे। वहीं, दिल्ली से केंद्रीय रेल मंत्री कार्यक्रम में वर्चुअल प्रतिभाग करेंगे। इस सूचना से जिले के लोगों में हर्ष है।

पूर्वोत्तर रेलवे के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अरिजीत सिंह ने बताया कि सुगम रेल सेवाओं के विस्तार के लिए किए जा रहे निरंतर कार्यों के तहत बहराइच से नवनिर्मित, विद्युतीकृत बहराइच-नानपारा-नेपालगंज रोड ब्रॉडगेज रेल लाइन का 31 अगस्त को डेढ़ बजे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया जाएगा।



- दिल्ली से रेलमंत्री और बहराइच से सीएम व सांसद करेंगे उद्घाटन

नेपालगंजरोड रेलवे स्टेशन पर सोमवार को आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ भी शामिल होंगे। मालूम हो कि दो वर्ष पूर्व 241 करोड़ रुपये की लागत से नेपालगंजरोड-बहराइच रेलवे स्टेशन का निर्माण ब्रॉडगेज में परिवर्तित हुआ था, लेकिन पांच बार से उदघाटन की तिथि आने के बाद भी शुभारंभ नहीं हो सका। अब रेलवे के मंडल वाणिज्य प्रबंधक की ओर से पत्र जारी कर जिलेवासियों को सौगात दिया गया है। रेल प्रखंड का शुभारंभ होने से गाड़ी संख्या 14213/14 वाराणसी-बहराइच एक्सप्रेस ट्रेन, गाड़ी संख्या 15131/32 वाराणसी सिटी-गोरखपुर एक्सप्रेस ट्रेन और गोंडा-बहराइच के मध्य चलने वाली गाड़ी संख्या 75109/10 एवं 75111/75112 डेमू ट्रेनों का संचालन नेपालगंज रोड से किया जाएगा।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी लखनऊ सुमित कुमार ने बताया कि शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शामिल होंगे। औपचारिक रूप से सोमवार को प्रखंड पर स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जाएगा। इसके दूसरे दिन से इंटरसिटी व डेमू ट्रेनों का संचालन नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन से किया जाएगा। यह जिले के लोगों के लिए बड़ी उपलब्धि होगी।

## छह साल के बच्चे पर कुत्ते का हमला, घायल



बचाने की कोशिश में पिता भी घायल, अस्पताल में भर्ती

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।** रामगांव थाना क्षेत्र के बालुवापुर गांव में शनिवार शाम एक आवारा कुत्ते ने छह वर्षीय बच्चे पर हमला कर दिया। बच्चे को बचाने पहुंचे उसके पिता पर भी कुत्ते ने हमला किया। ग्रामीणों के हस्तक्षेप के बाद कुत्ता भागा और गंभीर रूप से घायल बच्चे को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, रामगांव थाना क्षेत्र निवासी मोहम्मद अहमद शनिवार को अपनी पत्नी और छह वर्षीय बेटे के साथ बालुवापुर स्थित अपनी ससुराल आए थे। शाम के समय उनका बेटा घर के बाहर खेल रहा था, तभी अचानक एक कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। बच्चे की चीख सुनकर पिता मोहम्मद अहमद उसे बचाने दौड़े, तो कुत्ते ने उन पर भी हमला कर दिया। बच्चे और पिता की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने डंडे लेकर कुत्ते को खदेड़ा, जिसके बाद वह बच्चे को छोड़कर भाग गया। हमले में बच्चे की जांघ पर गंभीर घाव हो गए हैं, जबकि पिता भी घायल हुए हैं। दोनों को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों की निगरानी में बच्चे का इलाज चल रहा है। घटना के बाद गांव में आवारा कुत्तों को लेकर लोगों में दहशत का माहौल है।

## खबरें एक नजर में

### युवक ने मालगाड़ी के आगे कूदकर दी जान



**बहराइच।** जरवल रोड रेलवे स्टेशन पर शनिवार को एक युवक ने मालगाड़ी के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान कैसरगंज थाना क्षेत्र के पवैया चौराहा निवासी अर्जुन (21) के रूप में हुई है। मृतक के बड़े भाई इंद्राज ने पुलिस को बताया कि अर्जुन लखनऊ में कपड़े की दुकान पर काम करता था और अपनी पत्नी के साथ वहीं रहता था। वह रक्षाबंधन पर शुक्रवार को अपनी छोटी बहन से राखी बंधवाने गांव आया था। परिजनों के अनुसार, बहन के बुलाने पर अर्जुन के गांव आने की बात को लेकर उसकी पत्नी नाराज हो गई थी। पत्नी की कथित नाराजगी और उलाहना से अर्जुन परेशान था। इसी परेशानी के चलते वह घर से निकलकर जरवल रोड रेलवे स्टेशन पहुंचा। बताया गया कि स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक की लाइन संख्या तीन पर एक मालगाड़ी खड़ी थी। मालगाड़ी के चलने के दौरान अर्जुन अचानक गार्ड के आगे वाले डिब्बे के नीचे लेट गया। ट्रेन की चपेट में आने से उसकी तत्काल मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी जरवल रोड चौकी के हेड कांस्टेबल कमलेश्वर यादव, कांस्टेबल अंगद निषाद और बुद्धल थाना के उपनिरीक्षक रामबाबू पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गोंडा भेज दिया है।

### कार की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत



**बहराइच।** जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र में शनिवार देर रात एक सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। कटी चौराहे के पास तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान कटी चौराहे के पास रहने वाले मानस यज्ञसैनी के रूप में हुई है। उनकी मार्केट में विशंभर स्वीट हाउस नाम से दुकान थी। मानस शनिवार रात करीब 11 बजे अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में एक तेज रफ्तार कार ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे के बाद परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और घायल मानस को तत्काल जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया गया है कि मानस की शादी दो साल पहले ही हुई थी। देहात कोतवाल ने बताया कि दुर्घटना करने वाले वाहन और उसके चालक को हिरासत में ले लिया गया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### नल पर पानी भरने गई किशोरी की सर्प दंश से मौत



**मसौली-बाराबंकी।** जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बुधेड़ा में रविवार की सुबह घर में लगे नल पर पानी भरने गयी 13 वर्षीय किशोरी को एक जहरीले सांप ने डस लिया जानकारी होने पर परिजन इलाज के लिए सीएचसी बड़ागांव को लेकर आये जिसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। मौके पर पहुंची मसौली पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रविवार की सुबह जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बुधेड़ा निवासी आशाराम की 13 वर्षीय खुशबू घर में लगे नल से पानी भरने गई थी तभी खुशबू को जहरीले सांप ने डस लिया। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव लेकर आये जहा मौजूद चिकित्सा अधिकारी डॉ. केतन आनंद ने जांच के बाद खुशबू को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही बच्ची की मृत्यु हो चुकी थी। सूचना पर थाना मसौली के पहुंचे उपनिरीक्षक आदित्य गौतम ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### मनोकामना मन्दिर के स्थापना दिवस तैयारी पूरी

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** हैदरगढ़ – बछरावां मार्ग पर बाबा का पुरवा गांव के समीप स्तिथ मनोकामना हनुमान एव दुर्गा मंदिर का वार्षिक स्थापना दिवस सोमवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। गत वर्षों के भाँति इस वर्ष भी स्थापना दिवस के अवसर पर रमेश कुमार एंड पार्टी के द्वारा आल्हा गायन एव विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के हज़ारो की संख्या में भक्तगण शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करेंगे एव आल्हा गायन का आनंद उठाएंगे। विदित हो मनोकामना हनुमान मंदिर क्षेत्र के हज़ारो भक्तों की आस्था का प्रतीक है सैकड़ो भक्त प्रतिदिन बजरंग बली की पूजा अर्चना करने पहुँचते है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**हैदरगढ़-बाराबंकी।** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर चौबिसी गांव के निकट रविवार सुबह हुए सड़क हादसे में बाइक सवार 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पड़ोसी जनपद अमेठी के थाना मोहनगंज अंतर्गत तिलोई निवासी आनंद कुमार पुत्र किशोरी लाल गुप्ता रविवार सुबह बाइक से गोसाईगंज से अपने घर वापस लौट रहे थे कि तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राइवेट वाहन द्वारा उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ लाया गया जहां पर इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा परिजनों को सूचना दी गई। जिसके बाद यहां पहुंचे परिजनों के बीच कोहराम मच गया। बाद में शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में बालिका की मौत

**सिद्धौर बाराबंकी।** कोतवाली असन्द्रा क्षेत्र के दुनौली मजरे कादीपुर गांव में रविवार की सुबह करीब एक वर्षीय बालिका की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के नाना की तहरीर पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आरोप है कि दंपति के आपसी विवाद के चलते पिता ने उसकी हत्या कर दी। कोतवाली असन्द्रा क्षेत्र के दुनौली मजरे कादीपुर गांव निवासी गोपी रावत की पत्नी अर्चना रावत के साथ रक्षाबंधन के पर्व पर ससुराल रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत रामसनेहीघाट के जेठवनी गए थे। जहां पर इस दंपति के विवाद के बाद गोपी रावत अपने घर लौट आया। मगर आरोप है कि शनिवार को वह दोबारा ससुराल पहुंचकर अपनी एक वर्षीय बालिका अरोही को घर उठा लाया। जिसकी रविवार सुबह संदिग्धावस्था में मौत हो गई। इसकी सूचना पर उसके ससुर बृजेश रावत व बेटी ससुराल पहुंची। मृतका के नाना बृजेश रावत की तहरीर पर अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक असन्द्रा सुब्बा सिंह चौहान के द्वारा मामले में जांच पड़ताल करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। नाना ने दामाद पर मासूम की हत्या करने का आरोप लगाया है। जबकि पिता समेत अन्य परिजन उसके बीमार होने हिचकी आने से मौत की बात कह रहे। अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक सुब्बा सिंह चौहान का कहना है की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट में मौत की स्थिति स्पष्ट होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। आरोप से संबंधित तहरीर नहीं है।

### घाघरा-सरयू का कटान तेज

**रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** घाघरा-सरयू नदी का जलस्तर स्थिर होने के बावजूद खेतासराय गांव के पास कटान तेजी से हो रहा है। नदी लगातार जमीन काट रही है, जिससे ग्रामीणों को खेतों और आसपास के इलाकों में जलभराव का खतरा सताने लगा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से समय रहते कटान रोकने के लिए सुरक्षात्मक निर्माण कराने की मांग की है। मामले की जानकारी मिलने पर रविवार को तहसील प्रशासन के निर्देश पर राजस्व टीम भेजी है।

# चेकिंग अभियान के बीच पलटा ई-रिक्शा, पांच घायल

- प्रवर्तन दल की मानवीय पहल बनी चर्चा का विषय
- अपने वाहन से घायलों को पहुंचाया अस्पताल



**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**

जनपद बहराइच में रविवार को रिसिया तिराहे के पास चल रहे वाहन चेकिंग अभियान के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब चेकिंग स्थल से कुछ ही दूरी पर एक ई-रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा में सवार पांच लोग घायल हो गए।

घायलों में छोटे बच्चे भी शामिल बताए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार एआरटीओ प्रवर्तन सुशील कुमार एवं यात्री कर अधिकारी अवधराज गुप्ता के नेतृत्व में प्रवर्तन दल द्वारा रिसिया तिराहे के पास वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान चेकिंग स्थल से कुछ दूरी पर एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। ई-रिक्शा के पलटते ही उसमें सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई और आसपास मौजूद लोगों की भीड़ मौके पर जुटने लगी। हादसे की जानकारी मिलते ही चेकिंग में जुटे प्रवर्तन दल ने तत्काल अपनी कार्रवाई रोककर घटनास्थल की ओर रुख किया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर घायलों को बाहर निकाला और उनकी स्थिति का जायजा लिया। हादसे में घायल बच्चों को देखकर प्रवर्तन दल ने बिना किसी देरी के सभी घायलों को अपने वाहन से अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की।

सड़क पर वाहन चेकिंग के दौरान हादसा होने के बाद प्रवर्तन दल द्वारा जिस तत्परता और संवेदनशीलता के साथ घायलों की मदद की गई, उसकी सराहना की जा रही है। आमतौर पर सड़क पर चेकिंग और कार्रवाई को लेकर प्रवर्तन विभाग की चर्चा होती है, लेकिन इस घटना में अधिकारियों ने ड्यूटी के साथ-साथ मानवीय जिम्मेदारी का भी परिचय दिया।0हादसे के समय यदि घायलों को अस्पताल पहुंचाने में देरी होती तो उनकी स्थिति और गंभीर हो सकती थी। ऐसे में प्रवर्तन दल द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को अपने वाहन से अस्पताल पहुंचाना महत्वपूर्ण साबित हुआ। त्वरित कार्रवाई के चलते घायलों को समय पर उपचार मिल सका और फिलहाल सभी सुरक्षित हैं।

### बच्चों को भी आईं चोटें, तत्काल कराया गया उपचार

घायलों में छोटे बच्चे भी शामिल थे, जिन्हें हादसे में चोटें आई थीं। प्रवर्तन दल द्वारा सभी घायलों को समय रहते अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार किया। समय पर अस्पताल पहुंचने के कारण घालों को आवश्यक चिकित्सा सुविधा तत्काल उपलब्ध हो सकी। चिकित्सकीय उपचार के बाद सभी घायल सुरक्षित बताए जा रहे हैं। किसी भी घायल की हालत गंभीर नहीं है और फिलहाल किसी को किसी प्रकार का खतरा नहीं बताया गया है।

### हादसे के बाद भी अधिकारियों ने रखा घायलों का ख्याल

हादसे के बाद एआरटीओ प्रवर्तन सुशील कुमार एवं यात्री कर अधिकारी अवधराज गुप्ता द्वारा केवल घायलों को अस्पताल पहुंचाने तक ही अपनी जिम्मेदारी सीमित नहीं रखी गई, बल्कि घायलों एवं उनके परिजनों की सहायता भी की गई। अधिकारियों ने अस्पताल में घायलों की स्थिति की जानकारी ली तथा उनके परिजनों से भी बातचीत कर आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया।

# मौत के बाद भी तीन जीवन बचा गए मनुज

**समृद्धि न्यूज रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।**

एक परिवार के लिए 29 अगस्त का दिन कभी न भूलने वाला दर्द छोड़ गया, लेकिन इसी दुख की घड़ी में मनुज मिश्रा का परिवार ऐसा फैसला कर गया, जिसने तीन जरूरतमंद लोगों के जीवन की उम्मीद जगा दी। ब्रेन हेमरेज के बाद चिकित्सकों द्वारा ब्रेन डेड घोषित किए गए मनुज के परिजनों ने अंगदान की सहमति दी। उनकी दोनों किडनी और लीवर दान के लिए सुरक्षित किए गए हैं।

मिश्री पुरवा, पोस्ट गाजीपुर निवासी रामानंद मिश्रा के करीब 35 वर्षीय बेटे मनुज मिश्रा को 25 अगस्त को घर में स्नान करते समय अचानक ब्रेन हेमरेज हो गया था। परिजन गंभीर हालत में उन्हें लोकबंधु अस्पताल लेकर पहुंचे। हालत में सुधार नहीं होने पर चिकित्सकों ने उन्हें राम मनोहर



- परिवार ने दुख से ऊपर उठकर किया अंगदान
- किडनी-लीवर से जरूरतमंदों को मिलेगी नई जिंदगी

लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान रेफर कर दिया। यहां उनका उपचार चल रहा था।

29 अगस्त को चिकित्सकों ने परिजनों को बताया कि मनुज का मस्तिष्क काम करना बंद कर चुका है। इसके बाद डॉक्टरों ने परिवार को अंगदान के बारे में जानकारी दी। अपने सामने परिवार के सदस्य को खोने के दर्द के बावजूद पत्नी अर्चना मिश्रा समेत परिजनों ने अंगदान के लिए सहमति दे दी।

मनुज की पत्नी अर्चना मिश्रा ने बताया कि चिकित्सकों ने उन्हें समझाया कि अंगदान से किसी जरूरतमंद व्यक्ति को जीवन मिल सकता है। परिवार ने इस बात को समझते हुए कठिन फैसला लिया। परिजनों की सहमति के बाद चिकित्सकों ने मनुज की दोनों किडनी और लीवर दान के लिए सुरक्षित किए।

अंगदान का यह फैसला सिर्फ एक परिवार की संवेदना नहीं, बल्कि उन मरीजों के लिए जीवन का अवसर है, जो गंभीर बीमारी के कारण अंग प्रत्यारोपण का इंतजार कर रहे हैं। मनुज के परिजनों ने ऐसे समय में यह संदेश भी दिया कि किसी व्यक्ति की जिंदगी खत्म होने के बाद भी उसके अंग दूसरे लोगों के जीवन को आगे बढ़ा सकते हैं।

### खालिया सुपर स्ट्राइकर ने सात विकेट से जीता मैच



**समृद्धि न्यूज, हैदरगढ़ बाराबंकी।** सुबेहा क्षेत्र के शरीफबाद गांव में रविवार से शुरु हुए टूर्नामेंट के पहले मैच में खालिया सुपर स्ट्राइकर ने 7 विकेट से जीत दर्ज की खालिया बनाम लोदी का पुरवा टीम के बीच खेले गए मैच में पहले खेलते हुए लोदी का पुरवा टीम 7.3 ओवरों में31 रन बना कर आल आउट हो गई। जबाब मे खलिया टीम ने 3.2 ओवर मे ही 3 विकेट के नुकसान पर विकेट पर 32 रन बनाकर मैच जीत लिया। देवेंद्र तिवारी को उनके शानदार खेल के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरुस्कार पूर्व प्रधान जगरूप मौर्य द्वारा प्रदान किया गया।

# जलस्तर घटा, कटान में समा रहीं फसलें

**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।**

सरयू नदी का जलस्तर कम होने के बाद अलीनगर-रानीमऊ तटबंध के अंदर बसे बबुरी गांव के पास कटान तेज हो गई है। नदी किनारे लगे गन्ने और धान की फसलें कटकर नदी में समा रही हैं।

बबुरी गांव के कई मकान भी कटान के मुहाने पर पहुंच गए हैं, जिससे ग्रामीणों में दहशत है। रविवार को स्थिति को देखते हुए बाढ़ खंड विभाग ने बचाव कार्य तेज कर दिया है।विभाग की ओर से तिगोड़िया क्षेत्र में परक्यूपाइन पॉइंट लगाकर उनमें पत्तियों सहित झाड़-झंखाड़ बंधवाकर नदी किनारे डाला जा रहा है।यह प्रयोग कारगर साबित हो रहा है और फिलहाल गांव में किसी घर को नुकसान नहीं पहुंचा है। उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज के निर्देश पर राजस्व निरीक्षक और लेखपाल अवधेश शुक्ला ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणो



से बात की और हालात की जानकारी ली। बाढ़ खंड के अवर अभियंता राहुल कुमार ने बताया कि कटान रोकने के लिए परक्यूपाइन पॉइंट लगाए जा रहे हैं और टीम लगातार निगरानी में जुटी है। सहायक अभियंता तनु श्रीवास्तव ने बताया कि गांव की ओर कटान काफी हद तक नियंत्रित हो गई है जबकि खेतों की ओर अभी हल्की कटान हो रही है, जिसे रोकने के प्रयास जारी हैं।

# आरोग्य मेले का मरीजों ने उठाया लाभ

**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।**

बदोसराय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मे रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया।मेले मे मरीजो की जांच की गई और उन्हे निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं।

यह मेला सीएचसी सिरौलीगौसपुर के तत्वावधान में आयोजित किया गया था। डॉ. संतोष कुमार शुक्ला, फार्मासिस्ट राम प्रताप मिश्र, एसएम धीरेन्द्र वर्मा, वार्ड ब्वॉय त्रिभुवन सिंह और एएनएम नीतू सिंह सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मेले में उपस्थित रहे।जांच के दौरान अधिकतर मरीज सर्दी, जुकाम और बुखार से पीड़ित पाए गए। डॉक्टरो ने मरीजो को संबंधित दवाएं देने के साथ ही बदलते मौसम में सावधानी बरतने की सलाह भी दी।इसी क्रम में महमूदाबाद और



सैदनपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेलों का आयोजन किया गया।इन मेलों में भी मरीजो को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की गईं। सीएचसी अधीक्षक डॉ आरिफ सिद्दीकी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री आरोग्य मेलो का आयोजन किया गया।उन्होने कहा कि डॉक्टर और अस्पताल का स्टाफ मौजूद रहकर आने वाले मरीजों को दवाइयां दे रहा है।डॉ. सिद्दीकी ने मरीजों से अपील की कि बदलते मौसम में सावधानी बरतें और पीने के लिए साफ पानी का इस्तेमाल करें।

# जिले में पीआरडी जवान की पिटाई का मामला

- सिपाही पर मारपीट का आरोप, हाथ में फ्रैक्चर

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**

नानपारा कोतवाली क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात 57 वर्षीय प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) जवान कामता प्रसाद यादव के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीआरडी जवानों ने एक सिपाही पर गाली-गलौज और मारपीट का आरोप लगाते हुए नानपारा कोतवाली में तहरीर दी है। आरोप है कि मारपीट में जवान के हाथ में फ्रैक्चर हो गया, जबकि सिर में भी चोट आई है।

तहरीर के अनुसार, सिपाही शुभम यादव एक ई-रिक्शा को पकड़कर कोतवाली क्षेत्र में लाए थे। आरोप है कि ड्यूटी पर तैनात पीआरडी जवान कामता प्रसाद यादव को ई-रिक्शा पकड़े जाने का कारण नहीं बताया गया। कुछ देर बाद ई-रिक्शा चालक अपना वाहन लेकर चला गया। इसको लेकर सिपाही शुभम यादव कथित तौर पर नाराज हो गए। आरोप है कि इसके बाद सिपाही ने पीआरडी जवान के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर सिपाही ने ड्यूटी पर तैनात जवान के डंडे से ही उसकी पिटाई कर दी। मारपीट में कामता प्रसाद के हाथ में फ्रैक्चर होने के साथ सिर में भी चोट लगने की बात कही गई है। तहरीर में सिपाही पर नशे में



### पीआरडी जवानों में नाराजगी

घटना के बाद पीआरडी जवानों में नाराजगी है। उन्होंने नानपारा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक को तहरीर देकर आरोपी सिपाही के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने, निष्पक्ष जांच कराने और कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में नानपारा कोतवाल गुरुसेन सिंह से बात की। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### हाईवे पार कर रही 65 वर्षीय महिला को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत

**समृद्धि न्यूज, रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर रविवार सुबह हुए सड़क हादसे में एक 65 वर्षीय महिला की मौत हो गई। रामसनेहीघाट क्षेत्र के पूरे लोधे सिंह गांव के पास हाईवे पार कर रही महिला को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों और राहगीरों ने तत्काल पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस से घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।




मृतका की पहचान पूरे लोधे सिंह, मजरे मेड़ूवा गांव निवासी सरस्वती (65), पत्नी तुलसीराम के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, सरस्वती रविवार सुबह अपने खेत की ओर जा रही थीं। इसी दौरान लखनऊ-अयोध्या हाईवे पार करते समय तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश में जुट गई है। हादसे के बाद से मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# 59वीं वाहिनी एसएसबी ने साइकिल रैली का किया आयोजन

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**

राष्ट्रीय खेल दिवस-2026 के उपलक्ष्य में 59वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल नानपारा ने रविवार को साइकिल ऑन संडे रैली का आयोजन किया। इसका उद्देश्य कार्मिकों में शारीरिक फिटनेस, स्वास्थ्य और खेल भावना को बढ़ावा देना था। रैली का नेतृत्व 59वीं वाहिनी के कमांडेंट कैलाश चंद रमोला ने किया। इसमें वाहिनी मुख्यालय और विभिन्न समवायों के कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के जरिए कार्मिकों को नियमित व्यायाम और साइकिलिंग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने



- राष्ट्रीय खेल दिवस पर साइकिल ऑन संडे का संदेश

तथा स्वस्थ व सक्रिय जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। रैली के बाद कमांडेंट कैलाश चंद रमोला ने सभी कार्मिकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ और शारीरिक रूप से दक्ष कार्मिक ही अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकता है। उन्होंने कार्मिकों को नियमित शारीरिक व्यायाम, खेलकूद, साइकिलिंग, संतुलित आहार और पर्याप्त विश्राम को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। इस रैली के माध्यम से खेलेगा भारत, जीतेगा भारत की भावना को प्रोत्साहित करते हुए फिट कार्मिक - सशक्त बल का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम ने कार्मिकों में स्वास्थ्य जागरूकता, अनुशासन, खेल भावना और आपसी सौहार्द को मजबूत किया। 59वीं वाहिनी, स्स्क्ब नानपारा ने भविष्य में भी कार्मिकों के स्वास्थ्य, शारीरिक दक्षता और कल्याण को प्राथमिकता देते हुए ऐसे कार्यक्रम जारी रखने की बात कही।

# बाढ़ से घिरे गांवों में पहुंची स्वास्थ्य टीम

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**

तहसील कैसरगंज के फखरपुर ब्लॉक में बाढ़ प्रभावित आठ गांवों में रविवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. संजय शर्मा की अध्यक्षता और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) फखरपुर के अधीक्षक डॉ. एनके सिंह की निगरानी में स्वास्थ टीम लगातार ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और जरूरतमंद मरीजों को दवाएं वितरित की जा रही । यह पहल ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से



की गई है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गाँधीगंज, मंझारा तौकली, मजगवां, अलीपुर दरौना, गोलागंज, अटोडर, सिलौटा और घुरेहरीपुर गांवों का दौरा कर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। इस टीम में एएनएम सुजाता, अमिता, जुली, साक्षी तिवारी, कंचन पाल, सुमन, साक्षी शुक्ला और रश्मि शामिल थीं।

# 72 अवैध चैंबर और दुकानों पर चला बुलडोजर

- नगर निगम, जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई
- वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट की ली थी शरण लेकिन नहीं हुई सुनवाई





समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

हाई कोर्ट के निर्देश पर लखनऊ में रविवार शाम को बुलडोजर एक्शन हुआ। हाई कोर्ट के निर्देश पर 72 अवैध चैंबर व दुकानों पर बुलडोजर चलाया गया।

वकीलों ने हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट की शरण ली, लेकिन वहां इनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। शाम को पुलिस फोर्स के साथ नगर निगम प्रशासन टीम ने अवैध कब्जों पर कार्रवाई की।

हाईकोर्ट ने भी इन अवैध निर्माणों को तोड़ने का आदेश दिया था। इसके बाद नगर निगम ने चिंहित 72 अवैध निर्माणों के साथ ही नाले के ऊपर बन गए चैंबरों को नोटिस जारी की थी और उसे वहां पर चस्पा भी कर दिया था। नगर निगम ने पुलिस और जिला प्रशासन को पत्र लिखकर पर्याप्त मात्रा में पुलिस और पीएसी बल मांग की थी। वीआईपी कार्यक्रम के चलते शाम पांच बजे पुलिस बल की उपलब्धता होने के बाद नगर निगम ने वकीलों के अवैध कब्जों पर बुलडोजर चलाया। विरोध के बीच यह कार्रवाई जारी रही। वकीलों को सुप्रीम कोर्ट के राहत न मिलने पर रविवार को चैंबर और अन्य अवैध दुकानों पर नगर निगम का बुलडोजर चला है।

### कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई

कोर्ट के आदेश पर नगर निगम ने भारी सुरक्षा बल के बीच 17 मई को 72 अस्थायी कब्जों को हटाया दिया था लेकिन कार्रवाई के दौरान वकीलों का भारी विरोध झेलना पड़ा था और दोपहर में ही कार्रवाई को बंद करना पड़ा था। कार्रवाई के दौरान वकीलों के उग्र रूप को देखते हुए पुलिस को लाठीचार्ज भी करना पड़ा था।

अधिवक्ता अनुराधा सिंह, अधिवक्ता देवांशी श्रीवास्तव और देवांशी की माता अरुणिमा श्रीवास्तव ने ही अवैध निर्माणों को हटाने की मांग की थी और उनकी याचिका पर 11 मार्च को हाईकोर्ट इलाहाबाद की लखनऊ खंडपीठ के न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राजीव भारती की पीठ ने कचहरी रोड से अवैध कब्जों को हटाया का आदेश दिया था लेकिन पुलिस बल न मिलने से कार्रवाई नहीं हो सकी थी और नगर निगम ने कोर्ट को बताया था कि पुलिस बल की उपलब्धता न होने की अवैध कब्जों को हटाया नहीं जा सका।

इस पर कोर्ट ने अगली सुनवाई पर जिला प्रशासन को पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराने के साथ ही 25 मई को कार्रवाई से जुड़ी रिपोर्ट भी तलब की थी। याचिकाकताओं ने आरोप लगाया था कि वकीलों के चैंबर अवैध तरह से बनाए गए हैं और उसमें अराजकता होती है।

# लखनऊ के विकास में सीएम योगी का सबसे बड़ा सहयोग : राजनाथ



- लखनऊ कैंट को 12 विकास परियोजनाओं की सौगात
- एकजुट सोच से विकास की गति कई गुना बढ़ने का दावा

### वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की भव्य प्रतिमा का अनावरण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को लखनऊ में जिला लोधी क्षत्रिय राजपूत सभा द्वारा आयोजित समारोह में 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की महान वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। सभी अतिथियों ने वीरांगना की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं सबसे पहले वीरांगना अवंतीबाई लोधी को नमन करता हूं।

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को लखनऊ छावनी में करीब 101 करोड़ रुपये की लागत वाली 12 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और भूमि पूजन किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सहयोग की जमकर सराहना की। राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ में हुए विकास कार्यों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सबसे बड़ा सहयोग रहा है। उन्होंने जो कहा, उसे पूरा किया और लखनऊ के विकास से जुड़े हर कार्य में दिल खोलकर सहयोग दिया।

रक्षा मंत्री ने कहा कि जब केंद्र और राज्य सरकार की सोच एक दिशा में होती है तो विकास की गति स्वाभाविक रूप से कई गुना बढ़ जाती है। उत्तर प्रदेश सरकार, रक्षा मंत्रालय और उद्योग जगत मिलकर विकास कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश विकास और सुशासन के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित करता रहेगा।

राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित भारत के संकल्प के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। विकसित भारत का अर्थ केवल बड़ी परियोजनाएं और आधुनिक इमारतें नहीं हैं। इसका मतलब बच्चों को बेहतर शिक्षा, हर परिवार तक स्वच्छ पानी, युवाओं को खेल और प्रतिभा प्रदर्शन के अवसर तथा दिव्यांग बच्चों के लिए सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराना भी है।

## खबरें एक नजर में

### भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री ने सुनी मन की बात



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी रविवार को लखनऊ पहुंचे। चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने के बाद भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद पार्टी नेताओं के साथ हरीश द्विवेदी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। एअरपोर्ट पर उनके साथ राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार सोमेंद्र तोमर, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज सिंह और विवेक मौर्य समेत कई नेताओं ने मन की बात को सुना। वहीं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने भाजपा के प्रदेश मुख्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। एयरपोर्ट से लेकर भाजपा कार्यालय तक जगह-जगह भव्य स्वागतभाजपा राष्ट्रीय महामंत्री के दायित्व के पश्चात उनके प्रथम लखनऊ आगमन को लेकर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में उत्साह है। एयरपोर्ट से लेकर भाजपा प्रदेश मुख्यालय तक जगह-जगह उनके भव्य स्वागत की तैयारी भाजपा कार्यकर्ताओं ने बनाई है। पार्टी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं द्वारा एयरपोर्ट के बाहर निकलने पर हरीश द्विवेदी का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इसके उपरांत श्री द्विवेदी जी एयरपोर्ट से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्यालय के लिए प्रस्थान किया। इस दौरान मार्ग में विभिन्न स्थानों पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा।

### ग्रामीणों को पुल की दरकार



लखनऊ। मलिहाबाद लखनऊ विकास खंड मलिहाबाद के लोधौशी घाट पर वेतवा नाले पर पुल न बनने के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है गांव वालों ने यहां जुगाड़ से पटरी बल्ली के सहारे स्व निर्मित पुल से बेहता नाला को पार कर रहे है। जरा सी चूक से । अनहोनी कब हो जाए कुछ नहीं कहा जा सकता, लेकिन विवशता के कारण लोग जान जोखिम में डालकर दिन हो या रात इसी स्व निर्मित पुल से बेतवा नाला पार कर रहे हैं ।इसी समास्या कोलेकर गांव वालों ने लोकसभा चुनाव बहिष्कार किया था कि शायद कोई जनप्रतिनिधि या अधिकारी हम लोगों को इस समस्या से निजात दिला सके परन्तु तक गांव वालों को आज तक निजात नहीं मिल सकी। मलिहाबाद आजाद समाज पार्टी के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अजय अम्बेडकर सहित गांव के लोगों ने इस समास्या से निजात के लिए पुल निर्माण कराए जाने की मांग जनप्रतिनिधियों सहित विभागीय अधिकारियों से की है

### कच्ची दीवार गिरने से बुजुर्ग की मौत

लखनऊ। माल थाना क्षेत्र के देवरी गजा गांव में रविवार तड़के बारिश के दौरान कच्ची दीवार गिरने से चारपाई पर सो रहे 75 वर्षीय शिवराम की मलबे में दबकर मौत हो गई। मधुराम के मुताबिक, उनके पिता शिवराम शनिवार रात खाना खाने के बाद घर से करीब डेढ़ मीटर दूर स्थित अधपक्के मकान में सोने चले गए थे। रविवार तड़के करीब चार बजे बारिश के बीच अचानक मकान की कच्ची दीवार भरभराकर गिर गई। इसके नीचे दबने से शिवराम गंभीर रूप से घायल हो गए। सुबह पड़ोसी अजीत रावत और रंजीत रावत ने दीवार गिरी देखी और मलबे में वृद्ध के दबे होने की जानकारी उनके बेटे को दी। मधुराम मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से मलबा हटाकर शिवराम को बाहर निकाला गया और सैदापुर स्थित एलबीएस निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। इस संबंध में इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि उन्हें घटना की सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

### पिता की डांट से क्षुब्ध युवक ने की आत्महत्या

लखनऊ। बंथरा में पिता की डांट से गुस्सा होकर 25 वर्षीय युवक अजीत यादव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना शनिवार रात नरेरा गांव में हुई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, अजीत के पिता विजय कुमार यादव खेती-किसानी करते हैं। उन्होंने कुछ समय पहले बैंक से कर्ज लेकर अपने बेटे अजीत को एक ऑटो खरीद कर दिया था। अजीत इसी ऑटो को चलाकर उसकी किस्तें चुकाता था। शनिवार शाम विजय को पता चला कि अजीत ने ऑटो की किस्त जमा नहीं की है, जिस पर उन्होंने उसे डांटा। डांट के बाद अजीत खाना खाकर अपने कमरे में चला गया। रात करीब 11 बजे जब विजय उसे समझाने के लिए कमरे पर गए, तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। कई बार आवाज देने पर भी जब कोई जवाब नहीं मिला, तो खिड़की से झांकने पर अजीत पंखे के हुक से गमछे के सहारे लटका मिला। परिजनों ने आनन-फानन में दरवाजा तोड़कर उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के परिवार में पिता विजय के अलावा मां कान्ती, छोटा भाई राजेश और सबसे छोटी बहन बबली हैं।

# मरीजों से ली जाएगी इलाज व अस्पताल की जानकारी : ब्रजेश

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



**योगी सरकार एआई आधारित वाइस बॉट से मरीजों से लेगी फीडबैक**

योगी सरकार द्वारा प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में तकनीक और नवाचार के इस्तेमाल को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नोडल स्टेट हेल्थ एजेंसी 'साचीज' द्वारा प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए मरीजों के अनुभव और उनकी राय को महत्वपूर्ण आधार बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि साचीज आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों और उनके तीमारदारों के लिए एआई आधारित वाइस बॉट विकसित किया जा रहा है। इसके जरिए मरीजों से फोन पर सीधे उनके इलाज और अस्पताल में मिले अनुभव की जानकारी ली जाएगी।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि सीएम योगी की मंशा के अनुरूप एआई आधारित वाइस बॉट का उद्देश्य केवल मरीजों से फीडबैक लेना नहीं है, बल्कि उनकी प्रतिक्रियाओं का तकनीक की मदद से विश्लेषण कर ऐसी जानकारी सामने लाना है, जिस पर समय रहते कार्रवाई की जा सके। इससे अस्पतालों की निगरानी, शिकायतों के समाधान, ऑडिट और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि एआई वाइस बॉट के माध्यम से इलाज करा चुके मरीजों से फोन पर बातचीत कर उनके अनुभव के बारे में जानकारी ली जाएगी। मरीज से यह पूछा जा सकेगा कि उसे अस्पताल में आयुष्मान योजना के तहत उपचार मिला या नहीं। इलाज के दौरान उसे किसी तरह की परेशानी हुई या नहीं, अस्पताल में उपलब्ध सेवाएं कैसी रहीं और अस्पताल के कर्मचारियों का व्यवहार कैसा रहा। यह भी पता लगाया जा सकेगा कि योजना के तहत मिलने वाले उपचार के लिए मरीज या उसके परिवार से कोई अनधिकृत राशि तो नहीं ली गई। इलाज के बाद मरीज कितना संतुष्ट है, इसकी जानकारी भी फीडबैक के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी। इस तरह मरीज की आवाज सीधे स्वास्थ्य महकमे तक पहुंचेगी और उसके अनुभव के आधार पर कमियों की पहचान करना आसान होगा।

### फीडबैक से सामने आएंगे कार्रवाई योग्य मामले

साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि पहल का उद्देश्य मरीजों की प्रतिक्रियाओं में से उन मामलों की पहचान करना है, जिनमें आगे कार्रवाई की जरूरत है। एआई आधारित विश्लेषण के जरिए बड़ी संख्या में प्राप्त फीडबैक को व्यवस्थित किया जा सकेगा। यदि किसी मरीज द्वारा उपचार न मिलने, अनधिकृत शुल्क लेने, खराब व्यवहार या किसी अन्य समस्या की जानकारी दी जाती है, तो ऐसे मामलों को संबंधित संचालन टीमों तक पहुंचाया जा सकेगा। इससे शिकायतों पर कार्रवाई करने और अस्पतालों की निगरानी को अधिक प्रभावी बनाने में सहायता मिलेगी। इस व्यवस्था से स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि मरीज के वास्तविक अनुभव को भी इसमें शामिल किया जा सकेगा।

# बस स्टेशनों व पांच हवाई अड्डों पर खुलेंगे महिला उत्पाद विपणन केंद्र

- उपमुख्यमंत्री ने विपणन केंद्र के प्रस्ताव प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को मिशन निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी योजनाओं की जानकारी ली, धरातलीय आंकड़े नहीं मिले सन्तोष जनक दिए दूरभाष पर कड़े निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वयं सहायता समूह उत्पादों के वितरण एवं ब्रांडिंग के लिए विभाग द्वारा ब्लॉक स्तर पर 543 प्रेरणा सरल स्टोर स्थापित किए गए तथा तीन हजार से अधिक उत्पादों को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन विपणन प्लेटफार्म से जोड़ा गया। इन उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए, ताकि महिलाओं को उनके उत्पादों का उचित मूल्य मिल सके और उनकी आय में वृद्धि हो। उन्होंने विकेंद्रीकृत ऊर्जा के क्षेत्र में महिला सहभागिता बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि लखपति दीदी के लक्ष्य को पूरा करने के लिए ग्रामीण स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार कर महिलाओं को सौर ऊर्जा आधारित गतिविधियों से जोड़ा जाए। उद्योगों एवं उद्यमियों को सौर ऊर्जा के लाभों की जानकारी देकर सौर ऊर्जा इंस्टॉलेशन कार्य को बढ़ावा दिया जाए।

उप मुख्यमंत्री ने ड्रोन दीदी योजना की समीक्षा करते हुए बताया कि 75 जिलों में 11,81,660 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए ड्रोन सखियों का चयन किया गया है तथा प्रथम चरण में दीदीयों को 114 ड्रोन उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि ड्रोन तकनीक से किसानों की आय बढ़ाने, खेती की लागत कम करने, रासायनिक उर्वरकों का उपयोग घटाने और जैविक खेती को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने टेक होम राशन योजना को सभी 75 जनपदों तक शीघ्र विस्तारित करने के निर्देश दिए। वर्तमान में 43 जनपदों में 204 इकाइयां संचालित हैं, जिनमें लगभग 4,000 सदस्य कार्यरत हैं। उपमुखम्यमंत्री ने दुग्ध उत्पादन, मधुमक्खी पालन एवं मत्स्य पालन जैसे क्षेत्रों में भी अधिक से अधिक समूह की दीदियों को जोड़ने के निर्देश दिए। केशव प्रसाद मौर्य ने मिशन निदेशक को 03 करोड़ महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने तथा 01 करोड़ लखपति दीदियां बनाने के लक्ष्य पर मिशन मोड में कार्य करने को कहा।

# सपा सरकार बनने पर खंगार समाज को मिलेगा सम्मान : अखिलेश

- भाजपा सरकार में हो रही लूट रोकेंगे
- लूट का पैसा गरीबों के हित में खर्च होगा

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार बनने पर महाराजा खेत सिंह खंगार के समाज के लोगों को राजनीतिक सम्मान और उचित स्थान देकर उनका मनोबल बढ़ाने का काम किया जाएगा। उन्होंने एक फिर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार द्वारा प्रदेश में बंद किए जा रहे परिषदीय विद्यालयों का दावा किया और कहा कि सपा सरकार बनने पर बंद स्कूलों को फिर से चालू कराया जाएगा।

अखिलेश यादव रविवार को राजधानी स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महाराजा खेत सिंह खंगार जी के समाज के लोगों को मैं भरोसा दिलाता हूं कि जब कभी भी समाजवादी सरकार बनेगी, उन्हें राजनीतिक सम्मान और स्थान देकर उनका मनोबल बढ़ाने का काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि पूरे देश के लोगों की मांग रही है कि जातीय जनगणना कराई जाए और आबादी के अनुपात में सभी वर्गों को उनका हक और सम्मान मिले। अखिलेश ने कहा उप्र में समाजवादी पार्टी की सरकार बनते ही तीन महीने के भीतर जातीय जनगणना कराने का काम किया जाएगा। सपा अध्यक्ष ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में लूट और महा डकैती हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार में हो रही इस लूट को रोककर जो पैसा बचेगा, उसे गरीबों के हित में खर्च किया जाएगा।

### 26 हजार प्राथमिक विद्यालय भाजपा ने कराए बंद

अखिलेश यादव ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पूरा देश जानता है कि सीता मां को चुराने वाला भेष बदलकर आया था, इसलिए ऐसे (भाजपा) के लोगों से सावधान रहिए। उन्होंने प्रदेश में परिषदीय विद्यालयों को बंद किए जाने का भी आरोप लगाया। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार जिन 26 हजार प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने की तैयारी कर रही है, समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर उन्हें फिर से चालू कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्कूलों के बंद होने से गरीब, ग्रामीण और वंचित परिवारों के बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी तथा उन्हें शिक्षा के लिए दूर जाना पड़ेगा।

# 223 राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावासों की बदलेगी तस्वीर

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



प्रदेश के राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावासों की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की दिशा में समाज कल्याण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने प्रदेश के सभी 223 राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावासों के रखरखाव, मरम्मत और बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए 12.45 करोड़ रुपये की बजट स्वीकृति प्रदान की है। राज्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि छात्रावासों में रखरखाव और मरम्मत के सभी कार्य गुणवत्ता के साथ और निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरे कराए जाएं। छात्रावासों में विद्यार्थियों की क्षमता के आधार पर रखरखाव एवं मरम्मत के लिए धनराशि जारी की जाएगी। इसके तहत 50 विद्यार्थियों की क्षमता वाले छात्रावासों को प्रति छात्रावास 5 लाख रुपये तक की राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

स्वीकृत बजट से पेयजल व्यवस्था, विद्युत उपकरणों की मरम्मत एवं सुधार, शौचालयों की मरम्मत, रंग-रोगन तथा सुरक्षा और स्वच्छता से जुड़ी आवश्यक सुविधाओं को बेहतर बनाया जाएगा। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वच्छ, सुरक्षित और अध्ययन के अनुकूल आवासीय वातावरण उपलब्ध कराना है।

राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि प्रदेश सरकार अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बेहतर और सम्मानजनक आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, छात्रावास केवल रहने का स्थान नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण के केंद्र हैं। इस बजट स्वीकृति से सभी 223 छात्रावासों की व्यवस्थाओं में व्यापक सुधार होगा।

### पूर्व प्रधान के लापता पोते का तालब में मिला शव



समृद्धि न्यूज, लखनऊ। मलिहाबाद लखनऊ भुलसी गांव के पूर्व प्रधान के लापता पोते का तीसरे दिन रविवार को गांव के ही तालाब में शव मिला। वह रक्षाबंधन से घर नहीं लौटा था। परिजनों ने पुलिस को फोन कर गुमशुदगी की सूचना दी थी। आसपास के गांवों और रिश्तेदारियों में पता लगा रहे थे।

मृतक के चाचा ने कहा है कि शव जिस स्थिति में तालाब में उतरा रहा था, उससे यही लगता है कि किसी ने हत्या कर शव को फेंक दिया। शव मिलने की सूचना पर पुलिस पहुंची। शव को तालाब से बाहर निकलवाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।गांव के पूर्व प्रधान सीताराम का प्रपौत्र विकास कुमार 26 रक्षाबंधन के दिन लापता हो गया था। पिता कृष्ण कुमार, चाचा प्रवेश सहित सभी घरवाले उसे ढूंढ़ रहे थे। रविवार सुबह गांव वालों ने विकास का शव तालाब में उतराते देखा।

मृतक के परिवार में मां रामकली, बड़े भाई रवि और दोनों बहन है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है, जिससे मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

**तैयारी** — योगी सरकार करेगी पेयजल की गहनता से गुणवत्ता का परीक्षण

# माइक्रोप्लास्टिक व पीएफएएस की होगी जांच

- नई स्टेट लैबोरेटरी भवन का कराया जा रहा तेजी से निर्माण
- 62 वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट प्रयोगशालाओं का नेटवर्क

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



उत्तर प्रदेश में ग्रामीण पेयजल की गुणवत्ता जांच व्यवस्था को और अधिक उन्नत एवं भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने की दिशा में उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। जल निगम (ग्रामीण) द्वारा विश्वस्तरीय परीक्षण सुविधाओं से लैस नई स्टेट लैबोरेटरी भवन का निर्माण कराया जा रहा है, जिसका कार्य तेजी से पूर्ण कराने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। नई स्टेट लैब में अत्याधुनिक विश्लेषणात्मक सुविधाओं के साथ पेयजल में उभरते प्रदूषक (इमर्जिंग कंटेमिनेंट्स) जैसे माइक्रोप्लास्टिक या पीएफएएस की जांच क्षमता विकसित करने की योजना है। हाल ही में उत्तर प्रदेश के दौरे पर आए भारत सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव ने उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) की मौजूदा स्टेट लैबोरेटरी का निरीक्षण किया था। इस दौरान जल गुणवत्ता परीक्षण सुविधाओं, उन्नत उपकरणों तथा भविष्य में विकसित की जाने वाली परीक्षण क्षमताओं पर चर्चा हुई। इस दौरान उन्होंने माइक्रोप्लास्टिक तथा पीएफएएस जैसे उभरते प्रदूषकों की जांच की सुविधा भी स्टेट लैब स्तर पर विकसित किए जाने पर जोर दिया।

उत्तर प्रदेश में ग्रामीण पेयजल गुणवत्ता की निगरानी एवं परीक्षण के लिए बहुस्तरीय प्रयोगशाला नेटवर्क कार्यरत है। इसमें 1 राज्य स्तरीय, 3 क्षेत्रीय, 72 जिला स्तरीय तथा 62 जल शोधक संयंत्र प्रयोगशालाएं हैं। राज्य स्तरीय प्रयोगशालाओं में उन्नत स्तर की परीक्षण सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके 50 मानक एनएबीएल प्रमाणित हैं। इस नेटवर्क के माध्यम से जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल गुणवत्ता की नियमित निगरानी एवं आवश्यकतानुसार विस्तृत प्रयोगशाला परीक्षण किया जाता है।

माइक्रोप्लास्टिक और पीएफएएस को एक ही पदार्थ मानना तकनीकी रूप से सही नहीं है। माइक्रोप्लास्टिक सामान्यत: 5 मिमी से छोटे प्लास्टिक कणों को कहा जाता है, जबकि पीएफएएस फ्लोरीन युक्त कृत्रिम रसायनों का व्यापक समूह है, जिन्हें पर्यावरण में अत्यधिक स्थायित्व के कारण इसे फॉरएवर कैमिकल कहा जाता है। दोनों की नमूना परीक्षण तथा तकनीकी जांचें अलग-अलग होती हैं। माइक्रोप्लास्टिक परीक्षण में प्रदूषक मुक्त सैंपलिंग अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। नमूने को इस प्रकार एकत्र एवं संभाला जाता है कि इसे इकट्ठा करने का फ्लास्क या बर्तन, वातावरण, कपड़ों अथवा प्रयोगशाला सामग्री से बाहरी प्लास्टिक कण नमूने में न मिलें। इसके बाद जल शोधन एवं आवश्यक नूमने परीक्षण के माध्यम से कणों को अलग किया जाता है। माइक्रोस्कोपित परीक्षण से सैंपल या नमूनों में संदिग्ध कणों की संख्या, आकार, आकृति और रंग जैसी विशेषताओं का आकलन किया जा सकता है, जबकि पॉलीमर की पुष्ट पहचान के लिए एफटीआरआर या रमन माइक्रोस्कोपी जैसी स्पेक्ट्रोस्कोपिक तकनीक का उपयोग किया जाता है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल गुणवत्ता की निगरानी निर्धारित राष्ट्रीय प्रोटोकॉल तथा लागू भारतीय मानकों के अनुरूप की जाती है। प्रयोगशालाओं के साथ-साथ ग्राम स्तर पर प्रशिक्षित महिलाओं/जल गुणवत्ता निगरानी समूहों द्वारा फील्ड टेस्टिंग किट से प्रारंभिक निगरानी की व्यवस्था भी इस प्रणाली का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# लाखन आर्मी ने सामाजिक एकता व रोजगार पर किया मंथन

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



मलिहाबाद लखनऊ श्री गोपेश्वर गौशाला में रविवार को लाखन आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरज पासी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रवि पासी, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुशील पासी, बीकेटी ब्लॉक अध्यक्ष मोहित पासी और प्रदेश संयोजक कुलदीप पासी पहुंचे। गौशाला आगमन पर सभी पदाधिकारियों ने सबसे पहले चिंता हरण हनुमान जी के दर्शन और पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। दर्शन-पूजन के बाद आयोजित बैठक में समाज में जाति के नाम पर हो रही राजनीति पर गंभीर चर्चा हुई।

पदाधिकारियों ने कहा कि हम सभी सनातन धर्मी हैं और सनातन धर्म मानवता, भाईचारे तथा सामाजिक समरसता का संदेश देता है। सनातन को जातिगत राजनीति से जोड़ना पूरी तरह अनुचित है।इस मौके पर गौशाला प्रबंधक उमाकांत गुप्ता ने युवाओं को रोजगार से जोड़ने, गौ-आधारित स्वरोजगार को बढ़ावा देने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि समाज को केवल राजनीतिक मुद्दों तक सीमित न रखकर शिक्षा, रोजगार, आत्मनिर्भरता और सामाजिक एकता की दिशा में आगे बढ़ाना समय की मुख्य आवश्यकता है। बैठक के अंत में सभी ने सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# सीएमओ ने किया अर्बन पीएचसी हुसैनपुरा व लोधीपुर का निरीक्षण

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक कुमार मिश्रा ने रविवार को अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र-हुसैनपुरा पर आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. राहुल मौर्या, फार्मासिस्ट शमशुद्दीन तथा लोकेश्वरी देवी, पंकज अग्निहोत्री व मुमताज जहां व अन्य संबंधित स्टाफ उपस्थित पाया। ओपीडी में 25 मरीजों को देखा जा चुका था। स्टोर निरीक्षण में ईडीएल के सापेक्ष 105 औषधियों पाई गई। एक लाभार्थी को एचपीवी व टीडी वैक्सीन लगाई जा चुकी थी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने स्वाइन फ्लू से बचाव एवं सतर्कता के निर्देश दिये। अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र-लोधीपुर, में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधिकारी डा.मो. आकिब, स्टाफ नर्स श्रीमती पूनम देवी, फार्मासिस्ट मोहसिन सईद एवं अन्य संबंधित स्टाफ उपस्थित पाया गया। ओपीडी में 46 मरीजों को देखा जा चुका था। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं सभी स्टाफ को मरीजों के प्रति मधुर एवं सहयोगात्मक व्यवहार रखने हेतु निर्देशित किया गया। 3 बच्चों व 1 गर्भवती महिला का टीकाकरण किया गया। चिकित्सालय की अन्तः एवं वाह्य परिसर, शौचालयों आदि की समुचित साफ-सफाई की व्यवस्था हेतु प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया।

## नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप चार के खिलाफ मुकदमा

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपनी 15 वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके मकान में कुछ लोग किराये पर रुकते थे, जो राजमिस्त्री का काम करते थे। आरोप है कि 26 अगस्त की रात करीब 12 बजे नईम उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। महिला के अनुसार, सुबह उसके बेटे ने बहन को घर पर नहीं देखा तो नईम के मोबाइल पर फोन किया। नईम ने किशोरी को उसके ननिहाल में छोड़ने की बात कही, लेकिन वहां भी उसे नहीं छोड़ा। इसके बाद परिजन नईम के गांव थाना रोजा क्षेत्र के बरनई पहुंचे, जहां उसके घर पर नहीं मिलने पर उसकी बहन गुड़िया, सईद और फजील ने कथित रूप से गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और किशोरी को वापस देने से इनकार कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चोरों के हौसले बुलंद, हाईवे किनारे खड़े टैंकर से 170 लीटर डीजल चोरी

समृद्धि न्यूज, मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।



नेशनल हाईवे पर चौधरी ढाबे के पास सड़क किनारे खड़े टैंकर से अज्ञात चोर करीब 170 लीटर डीजल चोरी कर फरार हो गए। रात में टैंकर में चालक के सोते रहने के बावजूद हुई इस वारदात से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।

कुशीनगर के थाना निबुआ नौरंगिया क्षेत्र निवासी चालक रमजान अली पुत्र मंसूर अली ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह 29 अगस्त की रात करीब 10 बजे टैंकर लेकर चौधरी ढाबे पर पहुंचा था। खाना खाने के बाद वह टैंकर में ही सो गया। रविवार सुबह करीब सात बजे टैंकर स्टार्ट किया तो डीजल मीटर में मात्रा शून्य दिखाई दी। नीचे उतरकर देखा तो जमीन पर डीजल फैला था और टंकी खाली मिली। चालक ने तत्काल डायल 112 को सूचना दी। बाद में मीरानपुर कटरा थाने में तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई और डीजल बरामदगी की मांग की। पुलिस मामले की जांच कर रही दी।

## खबरें एक नजर में

### वृद्ध ने नहर में कूदकर की आत्महत्या



**बंडा, शाहजहांपुर।** बीमारी से परेशान होकर 62 वर्षीय बुजुर्ग ने शारदा नहर में कूदकर आत्महत्या कर ली जिसके बाद बुजुर्ग का शव बंडा के भांभी गांव के पास पानी में उतराता हुआ मिला। मामले की सूचना बंडा पुलिस को दी गई, पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जनपद पीलीभीत के थाना गजरौला के गांव मनहरिया खुर्द कलाँ निवासी 62 वर्षीय महेंद्र सिंह काफी लम्बे समय से बीमार चल रहे थे । 27 अगस्त की सुबह करीब पांच बजे वह अपने घर से बिना किसी को बताए निकल आए और पास ही स्थित शारदा नहर में कूदकर छलांग लगा दी। वहीं जब वह शाम तक अपने घर वापस नहीं पहुंचे तो उनके परिवार वाले लोग उनकी तलाश में जुट गए लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। इधर रविवार सुबह करीब 10 बजे ग्रामीणों ने एक शव बंडा थाना क्षेत्र के गांव भांभी के पास पूर्व वाली पटरी के किनारे शारदा नहर में तैरता हुआ देखा जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंचे उनके रिश्तेदारों और परिजनों ने शव की शिनाख्त की। पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इनकी मौत से पत्नी अमरजीत कौर व पुत्र इकबाल सिंह का रो रो कर बुरा हाल है।

### कांवड़ लेकर जा रहे युवक को बाइक ने मारी टक्कर

**सिंधौली शाहजहांपुर।** थाना सिंधौली क्षेत्र में कांवड़ लेकर जा रहे युवक को तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक के बाएं पैर में गंभीर चोट आई है। पीड़ित के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी बाइक सवार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्राम सुहेली निवासी जोखेलाल पुत्र करनलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 23 अगस्त को उनका बेटा अजय कांवड़ लेकर गोला जा रहा था। इसी दौरान विलंदापुर में सुहेली निवासी लोकेश पुत्र गुड्डू कथित रूप से शराब के नशे में बाइक को लापरवाही और तेज गति से चलाते हुए आया और उनके बेटे अजय को टक्कर मार दी। हादसे में अजय के बाएं पैर में गंभीर चोट लग गई। पीड़ित के पिता के अनुसार उन्होंने घटना के बाद लोकेश के पिता गुड्डू से शिकायत की, लेकिन आरोप है कि उन्होंने फोन पर गाली–गलौज की। इसके बाद जोखेलाल ने 29 अगस्त को थाना सिंधौली में तहरीर देकर पुलिस से मामले में कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना को लेकर पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### सड़क हादसों में महिला समेत तीन घायल

**तिलहर – शाहजहांपुर।** अलग अलग सड़क हादसों में महिला समेत तीन लोग घायल हो गए, जिनमें से दो को गम्भीर हालत में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक शनिवार रात करीब दस बजे कैंट शाहजहांपुर निवासी विकास 22 रिंकी पत्नी अरविंद 35 को बाइक से लेकर से जा रहे थे ! इसी दौरान डीसीएम ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी ! जिसमें दोनों घायल हो गए , सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने सीएचसी पहुंचाया, डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार देकर रिंकी को गंभीरावस्था मे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया बही अरविंद को उपचार देकर छुट्टी दे दी गई। उधर शनिवार देर रात करीब साढ़े 12 बजे कंटेनर चालक समीर आलम पुत्र मोहम्मद मारूफ, निवासी सहभागपुर, थाना असमोली, जनपद संभल, अपने साथी नुरुल हसन के साथ गाजियाबाद से झारखंड जा रहा था। हाइवे पर अंधेरा होने के कारण सड़क किनारे खड़ी तिरपाल पड़ी ट्रॉली में कंटेनर जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कंटेनर चालक समीर आलम गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि उसका साथी बाल–बाल बच गया। साथी नुरुल हसन घायल समीर को सीएचसी लेकर पहुंचा! जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# रक्षाबंधन: खूब दौड़ी निगम की बसें, इनकम में प्रदेश में तीसरा स्थान

- 1 दिन में 83 लाख इनकम 1 लाख किलोमीटर से ज्यादा घूमा मीटर

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



रक्षाबंधन पर्व बहनें भाइयों की कलाई पर राखी बांधने के लिए गुरुवार से ही निकलने शुरू हो गयी थी। सरकार द्वारा बहनों के लिए परिवहन निगम की बसों में तीन दिन के लिए निश्शुल्क यात्रा की सौगात दी गई थी। जिस कारण रोडवेज बसों में यात्रियों की भारी भीड़ रही। बस के पहुंचते ही यात्री सीट पाने के लिए दौड़ पड़ते दिखे। कई जगह सीट को लेकर मारामारी की स्थिति भी देखी गई, हालांकि रोडवेज एआरएम अरूण कुमार ने स्वयं यात्रियों को कोई दिक्कत न आए, इसके लिए बस स्टैंड पर 24 घंटे ड्यूटी करके यात्रियों को उनके गंतव्य स्थान के लिए रवाना कराया। रोडवेज एआरएम की मेहनत व लग्न से बहनों के लिए निश्शुल्क बस सेवा के बाबजूद रक्षाबंधन के दिन एक दिन में शाहजहांपुर डिपो की इनकम 83 लाख रुपये एवं एक दिन में एक लाख किलोमीटर से ज्यादा बसें दौडी। जिस कारण हरदोई रीजन में शाहजहांपुर डिपो की इनकम पहले पायदान व प्रदेश में पहले स्थान पर रही। उक्त जानकारी रोडवेज एआरएम ने देते हुए कहा कि यह सभी चालकों, परिचालकों की मेहनत का परिणाम है, बोले कि एक दिन अभी शेष है। जिसमें अभी और अच्छी इनकम की उम्मीद बनी हुई है। उन्होंने बताया कि रक्षाबंधन पर्व पर फ्री बस सेवा के अंतर्गत रोडवेज बस सेवा में अतिरिक्त बसों को मिलाकर 60 गाड़ियां है। जिनमें 148 निगम व 69 अनुबंधित बसें संचालित है।

## साले ने बाइक में मारी लात, बाइक सवार पिता-पुत्र घायल

**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर कटरा तालाब के निकट शनिवार देर शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब पीछे से आ रहे एक युवक ने चलती बाइक में लात मार दी। लात लगने से बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई और बाइक सवार पिता–पुत्र सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार धीरज कुमार पुत्र वेचेलाल, निवासी ग्राम देवल वसंतपुर, थाना भुता, अपने पिता के साथ तिलहर थाने से वापस घर लौट रहे थे। धीरज के मुताबिक उनका ससुराल पक्ष से कुछ समय से विवाद चल रहा है। शनिवार को उन्हें मामले में समझौते के लिए तिलहर थाने बुलाया गया था, लेकिन किसी कारण समझौता नहीं हो सका। आरोप है कि थाने से घर लौटते समय उसका साला पीछे से बाइक का पीछा कर रहा था। कटरा तालाब के पास उसने चलती बाइक में पीछे से पैर मार दिया, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में धीरज और उसके पिता रोड पर गिरकर घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई और घायलों की हालत देखकर अफरा–तफरी मच गई। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद कटरा थाना पुलिस से योगेंद्र व आशीष भी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों घायलों को तत्काल एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां उनका उपचार कराया गया। घटना के बाद धीरज ने पुलिस को पूरे मामले की जानकारी देते हुए ससुराल पक्ष पर हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर 20 टीमों ने दिखाया दमखम

## हॉकी में शांति देवी स्कूल हथौड़ा, कबड्डी में स्पोर्ट्स स्टेडियम और बास्केटबॉल में स्टेडियम टीम बनी विजेता

- मेजर ध्यानचंद की 121वीं जयंती पर जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित
- सांसद अरुण कुमार ने खिलाड़ियों को पदक जीतने को किया प्रेरित

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचंद की 121वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिला खेल कार्यालय एवं जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति के संयुक्त तत्वावधान में स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें 14 वर्षीय बालक हॉकी, जूनियर बालिका कबड्डी और सीनियर पुरुष बास्केटबॉल प्रतियोगिताएं हुई। तीनों प्रतियोगिताओं में कुल 20 टीमों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद अरुण कुमार सागर एवं विशिष्ट अतिथि महानगर भाजपा अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष विनय गुप्ता, महासचिव नरेंद्र त्यागी, बास्केटबॉल सचिव शहजाद अंसारी समेत अन्य अतिथि मौजूद रहे। सांसद अरुण कुमार सागर ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए सरकार की खेल संबंधी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और स्पोर्ट्स स्टेडियम के कायाकल्प के बाद खिलाड़ियों से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने का आह्वान किया। शिल्पी गुप्ता ने खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत, लगन और निरंतर अभ्यास के लिए प्रेरित किया।14 वर्षीय बालक हॉकी में शांति देवी स्कूल हथौड़ा ने राजकीय इंटर कॉलेज को 3-1 से हराकर विजेता ट्रॉफी जीती। जूनियर बालिका कबड्डी में स्पोर्ट्स स्टेडियम ने राज कन्या इंटर कॉलेज पुवायां को 36-8 से हराया। सीनियर पुरुष बास्केटबॉल में स्पोर्ट्स स्टेडियम ने तक्षशिला पब्लिक स्कूल को 29-16 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को जिला ओलंपिक संघ के महासचिव नरेंद्र त्यागी ने पुरस्कार वितरित किए। प्रतियोगिताओं में हॉकी की नौ, कबड्डी की छह और बास्केटबॉल की पांच टीमों ने प्रतिभाग किया। निर्णायक मंडल में मुजाहिद अली, पंकज कुमार, शकील अहमद, इरफान खान, निशांत कुमार, मुशीर अली, साजन राज, आदर्श कुमार, निखिल गुप्ता, शरण कुमार, बसंत दीक्षित आदि रहे। मंच संचालन अजय पाल वर्मा ने किया। खिलाड़ियों के प्राथमिक उपचार के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही। अंत में जिला खेल अधिकारी ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## सूर्य पर जाएगा शाहजहांपुर की जन्नत का नाम



**शाहजहांपुर।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का नैन्सी ग्रेस रोमन स्पेस टेलीस्कोप का प्रक्षेपण 30 अगस्त 2026 को फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से स्पेस एक्स फॉल्कन हैवी रॉकेट द्वारा किया गया। ख़ास बात यह है कि इस अंतरिक्ष यान के साथ लीड कान्वेंट स्कूल की छात्रा जन्नत फातिमा का नाम भी जा रहा है, जिसका चयन पिछले दिनों नासा ने किया और जन्नत को प्रमाण स्वरूप एक बोर्डिंग पास प्रदान किया। जन्नत बताती हैं कि पिछले दिनों नासा ने आम लोगों, खासकर बच्चों को आमंत्रित किया था कि वे अपना नाम मिशन के साथ भेज सकते हैं। सबमिशन के बाद उन्हें एक डिजिटल बोर्डिंग पास डाउनलोड करने को मिला था, जिसमें उनका नाम और मिशन का विवरण अंकित था, जो एक यादगार स्मृति चिह्न है। उन्होंने बताया कि यह उनके लिए गौरव की बात है कि उनका नाम सूर्य का चक्कर लगाएगा। स्कूल परीक्षा में हमेशा अव्वल रहने वाली छात्रा जन्नत उच्च शिक्षा हासिल करने के बाद एक एस्ट्रोनॉट बनना चाहती हैं। उन्हें स्कूल की प्रधानाचार्या तरान जमाल से हमेशा प्रोत्साहन मिलता रहता है। इस अवसर पर अर्थियन सोसाइटी के निदेशक एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. इरफान ह्यूमन ने इस ऐतिहासिक क्षण के बारे में बताया कि यह बच्चों और युवाओं को स्पेस एक्सप्लोरेशन से जोड़ने, उन्हें प्रेरित करने की एक मजेदार प्रक्रिया है। कई माता–पिता अपने बच्चों के नाम विशेष रूप से दर्ज करवाने की इच्छा रखते हैं, ताकि बच्चे कह सकें कि 'मेरा नाम सूर्य तक गया था।' उन्होंने बताया कि ये नाम एक एसडी कार्ड (मेमोरी कार्ड) पर स्टोर किए गए, जो स्पेस एक्स फॉल्कन हैवी रॉकेट के अंदर रखा गया। विज्ञान के इतिहास में एक मील का पत्थर बनने जा रहा है कि यह अत्याधुनिक अंतरिक्ष दूरबीन ब्रह्माण्ड के विस्तार, डार्क मैटर, डार्क एनर्जी और हमारे सौरमंडल से बाहर स्थित ग्रहों अर्थात एक्ज़ोप्लेनेट के बारे में नई जानकारियाँ प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि उड़ान के बाद यह टेलिस्कोप पृथ्वी से लगभग 10 लाख मील दूर सूर्य–पृथ्वी लैग्रांज प्वाइंट एल 2 पर स्थापित होगा, जहाँ से यह ब्रह्मांड का विस्तृत अवलोकन करेगा।

# राष्ट्रीय खेल दिवस: महिला वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

समृद्धि न्यूज, सिंधौली, शाहजहांपुर।




राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शनिवार को जिला युवा कल्याण विभाग एवं प्रादेशिक विकास दल के तत्वावधान में ग्राम महाऊ दुर्गा, विकासखंड सिधौली में महिला वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की 121वीं जयंती के उपलक्ष्य में युवक एवं महिला मंगल दल द्वारा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अजय पाल वर्मा के नेतृत्व में कराई गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अनुराग ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। विभिन्न भार वर्गों में महिला खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 49 किलोग्राम भार वर्ग में रोली वर्मा, 53 किलोग्राम में प्रियांशी देवी, 57 किलोग्राम में निकिता वर्मा, 61 किलोग्राम में उर्वशी व खुशबू, 69 किलोग्राम में नेहा वर्मा तथा 77 किलोग्राम भार वर्ग में सीता राठौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि ने शील्ड देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका दीपक वर्मा ने निभाई। इस अवसर पर पूर्व प्रधान हरिराम वर्मा, धनीराम वर्मा, इकराम अली, शिव त्रिवेदी, शिवम कुमार, रूबी बानो, राकेश कुमार, विवेक वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

समृद्धि न्यूज, सिंधौली, शाहजहांपुर।



थाना सिंधौली क्षेत्र में रविवार सुबह सड़क हादसे में ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई। गांव जमुनिया निवासी मोहम्मद हाशिम (50) ई-रिक्शा से शाहजहांपुर जा रहे थे। रास्ते में बारापुर मोड़ के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनके ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में हाशिम सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल हाशिम को इलाज के लिए अस्पताल ले गए। वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि हाशिम पहले कालीन बनाने का काम करते थे। काम में धीरे-धीरे मंदी आने के बाद उन्होंने परिवार के पालन-पोषण के लिए ई-रिक्शा चलाना शुरू कर दिया था। हाशिम की दो पत्नियां और आठ बच्चे हैं। वह चार भाइयों में सबसे छोटे थे। परिजनों के अनुसार हाशिम परिवार की जिम्मेदारियां संभाल रहे थे। उनकी अचानक हुई मौत से परिवार के सामने आर्थिक संकट भी खड़ा हो गया है। हादसे के बाद पुलिस ने मामले की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है और अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया इस संबंध में उन्हें जानकारी नहीं है जानकारी कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# हनुमान अंश मूवी न लगाए जाने के विरोध में अम्बा सिनेप्लेक्स पर भक्तों ने किया धरना

- ओनर ने अगले सप्ताह से शो लगाने का वायदा किया

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



हनुमान अंश मूवी न लगाए जाने के विरोध में हनुमान भक्त राम जी अवस्थी एडवोकेट के नेतृत्व में अम्बा सिनेप्लेक्स में पहुंचकर विरोध प्रदर्शन एवं धरना प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर राम जी अवस्थी एडवोकेट ने बताया कि उनके साथी हिमांशु मुद्गल आज अम्बा सिनेप्लेक्स पहुंचकर हनुमान अंश मूवी अभी तक न लगाए जाने के बारे में पूछा। इस पर सिनेप्लेक्स के कर्मचारियों द्वारा अभद्रता की गई और कहा गया कि यह मूवी नहीं लगाई जाएगी। हिमांशु मुद्गल ने इस तानाशाहीपूर्ण रवैये की जानकारी राम जी अवस्थी को दी। इसके बाद राम जी अवस्थी ने अम्बा सिनेप्लेक्स के ओनर वासु अग्रवाल से बात की। ओनर ने कहा कि आप आ जाइए, फिर बात करते हैं। राम जी अवस्थी अपने साथियों सहित सिनेप्लेक्स पहुंचे। ओनर द्वारा कार्यालय में आकर बात करने को कहा गया, लेकिन राम जी अवस्थी ने बाहर आकर बात करने पर जोर दिया। इसी बीच विनय तिवारी नामक कर्मचारी ने मूवी लगाने पर खर्चों का हवाला देते हुए एक लाख रुपये पहले जमा करने को कहा। राम जी अवस्थी ने स्पष्ट कहा कि वे हनुमान जी के भक्तों के लिए एक लाख रुपये जमा करने को तैयार हैं। इसके बाद कर्मचारी ने सुबह 7 बजे के शो का प्रस्ताव रखा, जिस पर भक्तों ने विरोध जताया। कर्मचारी ने कहा कि विरोध करो या बैठ जाओ, मूवी नहीं लग पाएगी। इस पर सभी भक्त गेट पर बैठ गए। इसके बाद थाना कोतवाली प्रभारी प्रदीप राय अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और वार्ता कराने का प्रयास किया। अंततः ओनर वासु अग्रवाल मौके पर आए और भक्तों का सम्मान रखते हुए अगले हफ्ते से हनुमान अंश का एक शो लगाने का वायदा किया। इसके बाद भक्तों ने धरना समाप्त कर दिया। धरने के दौरान हनुमान अंश मूवी लगाए जाने तथा शाहजहाँपुर में अश्लील मूवी बंद किए जाने की नारेबाजी भी हुई। भक्तों ने बताया कि बाबा कैंची धाम बाबा के शाहजहाँपुर में लाखों भक्त हैं जो परिवार सहित उनके बारे में जानने के लिए इस मूवी को देखने के इच्छुक हैं। ऐसी लोकप्रिय मूवी न लगाए जाना शाहजहाँपुर के लिए अनुचित है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से आचार्य अंकुर शुक्ला, सोभित मिश्रा, अंकुर कटियार, मोहित यादव, सुधांशु मिश्रा, शिवम कश्यप, जीतू शर्मा, सचिन शुक्ला, धर्म कुमार, रवि नंदन, नितिन तिवारी, सचिन शुक्ला, शिवम यादव, अंकित मिश्रा एड, हिमांशु यादव हैप्पी, शिवांश मिश्रा एड, प्रशांत सक्सेना, शुभम मिश्रा एड, केशव मिश्रा, दुर्गेश सिंह, समर्थ, हिमांशु सिंह, असि.प्रोफेसर पवन गंगवार, शिवओम मिश्रा, प्रियांशु सिंह, विनय वर्मा, राकेश, शुभ आदि लोग मौजूद रहे।

## पत्नी समेत दो पर कार्रवाई, मारपीट के बाद युवक के आत्महत्या करने का आरोप

**खुटार, शाहजहांपुर।** सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव कलुआपुर गौटिया निवासी युवक रामू कुमार की मौत के मामले में खुटार पुलिस ने उसकी पत्नी समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मृतक की मां की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने समेत अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस के मुताबिक, रामू कुमार अपनी पत्नी छाया देवी के साथ खुटार थाना क्षेत्र के गांव कुंभिया माफी स्थित ससुराल गया था। आरोप है कि वहां उसके साथ पत्नी सहित चार लोगों ने मारपीट की। घटना के बाद वह मानसिक रूप से आहत हो गया और बाद में खुटार क्षेत्र के गांव रूझा खुर्द के जंगल में एक पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक की मौत के बाद उसकी मां विजरानी ने खुटार थाने में तहरीर देकर पत्नी छाया देवी समेत चार लोगों पर बेटे के साथ मारपीट करने और उसे आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। रविवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मृतक की पत्नी छाया देवी को कुंभिया माफी गांव से गिरफ्तार कर लिया। वहीं मामले के दूसरे आरोपी फिरोज खां को खुटार फ्लाईओवर के निकट से पकड़ लिया गया। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि मुकदमे में नामजद अन्य आरोपियों की तलाश और पूरे मामले की जांच जारी है।

# राष्ट्रीय खेल दिवसः खेलों में दिखी रफ्तार, हुनर और दमखम

- विवेक और वृंदा ने लगाई सबसे तेज दौड़
- कबड्डी में धनराज-सविता इलेवन का दबदबा

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय खेल कार्यक्रम श्रृंखला का आयोजन पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के साथ-साथ स्वस्थ जीवनशैली, शारीरिक सक्रियता और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिन बैडमिंटन एवं दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। दूसरे दिन 'फिट इंडिया, स्वस्थ इंडिया' विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला खेल अधिकारी श्री एस.पी. बमनिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर ही स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन का आधार है। नियमित खेल एवं व्यायाम व्यक्ति को शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने के साथ ही मानसिक रूप से भी सशक्त बनाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से खेलों को अपनी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनों ने स्वास्थ्य जागरूकता की शपथ भी ग्रहण की।



कार्यक्रम के तीसरे दिन बालक एवं बालिका वर्ग के लिए अलग-अलग कबड्डी एवं रस्साकशी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का प्रदर्शन किया। समापन अवसर पर विजेता प्रतिभागियों एवं टीमों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

पुरस्कार वितरण समारोह में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. अनुराग अग्रवाल ने विजेता प्रतिभागियों एवं टीमों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन नहीं, बल्कि जीवन की चुनौतियों का सामना करने का प्रशिक्षण भी हैं। खेल हमें विपरीत परिस्थितियों में भी विचलित न होने की क्षमता से परिचित कराते हैं। उन्होंने कहा कि खेल स्वास्थ्य का आधार हैं और मानसिक तनाव को दूर करने की एक प्रभावी युक्ति भी हैं। इसलिए आवश्यक है कि खेल हमारी नियमित जीवनशैली का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं। यदि युवा स्वस्थ, अनुशासित, ऊर्जावान और सशक्त होंगे तो निश्चित रूप से भारत भी मजबूत और सशक्त राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ेगा। विश्वविद्यालय के क्रीड़ा सचिव प्रोफेसर अजीत सिंह चारग के कुशल निर्देशन में आयोजित इस समारोह में 200 से अधिक खिलाड़ियों ने अपनी सहभागिता दर्ज की। कार्यक्रम के अंत में क्रीड़ा उपसचिव डॉ प्राजंल शाही ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रो. कमलेश गौतम, डॉ आलोक कुमार सिंह, डॉ प्रमोद यादव, डॉ शिशिर शुक्ला, डॉ मृदुल पटेल, डॉ नीलू कुमार, डॉ राजीव कुमार, डॉ सुजीत वर्मा, अरुण कुमार, डॉ राजनंदन सिंह राजपूत, डॉ हर्ष पाराशरी, डॉ बरखा सक्सेना, डॉ अंकित अवस्थी, डॉ बलवीर शर्मा सहित शिक्षक व खिलाड़ी मौजूद रहे।

**प्रतियोगिता परिणाम** 100 मीटर दौड़ (बालक वर्ग) में प्रथम- विवेक कुमार वर्मा, द्वितीय- शिवप्रताप, तृतीय- हिमांशु मिश्रा, 100 मीटर दौड़ (बालिका वर्ग) प्रथम- वृंदा शर्मा, द्वितीय- संध्या वर्मा, तृतीय- शिवानी सक्सेना, बैडमिंटन (बालक वर्ग), विजेता- विनायक शर्मा, उपविजेता- शौर्य सिंह, बैडमिंटन (बालिका वर्ग) विजेता- श्रेया पांडेय, उपविजेता- तान्या श्रीवास्तव, बैडमिंटन (स्टाफ़) विजेता- डॉ अरुण यादव, उपविजेता- डॉ मृदुल पटेल, कबड्डी (बालक वर्ग) विजेता- धनराज इलेवन, रनर अप- रूप सिंह इलेवन, कबड्डी (बालिका वर्ग) विजेता- सविता इलेवन, रनर अप- रानी रामपाल इलेवन, रस्साकशी (बालक वर्ग), विजेता- नीरज चोपड़ा टीम रनर अप- अभिनव बिंद्रा टीम, रस्साकशी (बालिका वर्ग) विजेता- पी. टी. उषा टीम रनर अप- अंजू बॉबी जॉर्ज टीम।

## मारपीट के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार दो महिलाएं भी शामिल




**पुवायां, शाहजहांपुर।** पुलिस ने मारपीट के मामले में वांछित दो महिलाओं समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। 28 अगस्त को ग्राम सबलापुर निवासी सरजू ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि आरोपियों ने उसके पिता पप्पू के साथ लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से मारपीट की, जिससे वह बेहोश हो गए। बीच-बचाव करने पहुंचे परिजनों के साथ भी मारपीट की गई थी। मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने रविवार को रीना पत्नी मुनेन्द्र, रोशनी पत्नी कमल और कमल पुत्र बाबूराम को गिरफ्तार कर लिया। विवेचना में धारा 110 बीएनएस को हटाकर धारा 105 बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों के खिलाफ धारा 191(2), 191(3), 105, 131 और 115(2) बीएनएस के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है। पूछताछ में आरोपी कमल ने बताया कि 28 अगस्त को रक्षाबंधन के मौके पर वह अपनी पत्नी के साथ ग्राम सबलापुर स्थित ससुराल आया था। शाम को ससुराल के पड़ोस में रहने वाले करण और उसके साढ़ू मुनेन्द्र के बीच शराब के नशे में विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने पर मारपीट की घटना हुई। कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में उपनिरीक्षक गौरव कुमार, कांस्टेबल रोहित यादव और महिला कांस्टेबल जुली चौधरी व रानी की टीम ने की।

## 16 विद्यालयों के 200 से अधिक आचार्यों का तीन दिवसीय विकास वर्ग शुरू

**समृद्धि न्यूज, सीतापुर।**

आनंदी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, सीतापुर में सीतापुर एवं हरदोई संकुल का तीन दिवसीय संकुल स्तरीय आचार्य विकास वर्ग शनिवार से शुरू हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राम निवास सिंह ने अतिथियों का परिचय कराया।



वर्ग में 16 विद्यालयों के 200 से अधिक आचार्य बंधु-भगिनी तथा संकुल के 10 प्रधानाचार्य शामिल हुए। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सीतापुर विभाग के विभाग प्रचारक अभिषेक जी रहे। मंच पर भारतीय शिक्षा समिति अवध प्रांत के प्रदेश निरीक्षक रामजी सिंह, सीतापुर संभाग के संभाग निरीक्षक अवधेश कुमार, साकेत संभाग के संभाग निरीक्षक गोपाल राम मिश्र, विद्यालय अध्यक्ष सुभाष चंद्र अग्निहोत्री एवं प्रबंधक राम रस्तोगी मौजूद रहे।

**शताब्दी वर्ष में संघ के योगदान पर बोले विभाग प्रचारकः** विशेष सत्र को संबोधित करते हुए विभाग प्रचारक अभिषेक जी ने संघ के शताब्दी वर्ष 1925-2026 के संदर्भ में संघ के स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान, नैरेटिव की लड़ाई, सनातन संस्कृति की निरंतरता और भारतीय परंपराओं पर संकट जैसे विषयों पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि संघ की स्थापना देश को स्वतंत्र कराने के उद्देश्य से हुई थी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में विमर्श और नैरेटिव की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने भारतीय संस्कृति की निरंतरता का उल्लेख करते हुए कहा कि रीति-रिवाज, उत्सव और परंपराएं समाज की पहचान हैं, इसलिए इनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी समाज की है।

द्वितीय सत्र में प्रदेश निरीक्षक रामजी सिंह ने 'हमारा लक्ष्य तथा लक्ष्य की राष्ट्रीय संकल्पना' विषय पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को आधुनिक तकनीक और संसाधनों के साथ टेक्नो-फ्रेंडली होकर विद्यार्थियों की गुणवत्ता एवं मेरिट बढ़ाने पर काम करना चाहिए। साथ ही बच्चों के मन से अंग्रेजी के भय को दूर करना भी शिक्षकों के प्रमुख उद्देश्यों में शामिल होना चाहिए।

विद्यालय अध्यक्ष सुभाष चंद्र अग्निहोत्री ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन आचार्य विनीत कुमार शुक्ला द्वारा कल्याण मंत्र के साथ किया गया।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**सीतापुर।** हॉकी के जादूगर एवं महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में माय भारत सीतापुर के तत्वावधान में विकासखंड महमूदाबाद के दिनेश विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, अगैया में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीके डिफेंस एकेडमी के संचालक डीके सर ने दीप प्रज्ज्वलन एवं मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं सहायक अध्यापकों ने भी पुष्प अर्पित किए।

इस दौरान मुख्य अतिथि, विद्यालय प्रबंधक दिनेश चंद्र वर्मा, प्रधानाचार्य एवं सहायक अध्यापकों का बैज लगाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि एवं प्रबंधक को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।प्रतियोगिताओं में कबड्डी, खो-खो एवं लंबी कूद का आयोजन हुआ। कबड्डी में बंगाल टाइगर टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब हासिल किया, जबकि खो-खो में अवंतीबाई टीम विजेता रही। लंबी कूद सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। जिला युवा अधिकारी प्रतिमा वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक साधना एवं पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक वंदना ने किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, अनुशासन, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और शारीरिक सक्रियता को बढ़ावा देना है।

## जलभराव को लेकर दुकानदारों ने किया प्रदर्शन

**सिधौली सीतापुर।** तेज बारिश से हाईवे में जल भराव से दुकानदारों को सामान लेकर भागना पड़ा। आक्रोशित दुकानदारों ने जलमग्न सड़क पर प्रदर्शन किया। कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह द्वारा मौके पर व्यापारियों को समझा बुझाकर रास्ता बहाल कराना पड़ा। बिसवां चौराहे पर सर्विस लेन पर जलभराव की समस्या से लोगों को निजात नहीं मिल पा रही है। व्यापारी प्रभात मिश्रा कहते हैं रविवार को ही बारिश से दुकान का सामान सब खराब हो गया पिछले सप्ताह समस्या के मद्देनजर शिकायत की थी मगर जिम्मेदारों द्वारा फर्जी रिपोर्ट लगाकर समस्या से पल्ला झाड़ लिया गया। अनिल चौरसिया ने बताया हाईवे के इंजीनियर तथा ठेकेदारों की लापरवाही के कारण आए दिन सड़क पर जलभराव से जनजीवन प्रभावित होता है। अधिवक्ता प्रदीप कुमार सिंह ने डीएम से समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। तहसीलदार प्रीती सिंह को लोगों द्वारा एसडीएम को संबोधित ज्ञापन पत्र दिया गया है।

## खबरें एक नजर में

### जेल से बाहर आकर व्यापारी ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप



**मोहम्मदी, लखीमपुर।** लूट के माल को खरीदने वाले व्यापारी ने जेल से जमानत मिलने के बाद संगठन के पदाधिकारी के साथ पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस महानिदेशक को संबोधित ज्ञापन निरीक्षक को दिया है तमाम चर्चाओं का बाजार गर्म है। जानकारी अनुसार कोतवाली पुलिस ने कस्बा में हुई लूट के दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की वहीं लूट के माल खरीदने वाले सर्राफा व्यापारी लक्ष्मण गुप्ता को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया था। उसी दिन अदालत ने सुनवाई करते हुए रिहा कर दिया था। शनिवार को व्यापारी लक्ष्मण गुप्ता, नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष रूपेश गुप्ता, रवि गुप्ता इकरार खां विनोद तिवारी समेत प्रमुख लोगों ने पुलिस पर सत्ता के दबाव मे काम करने का आरोप लगाया वहीं आरोपी का नाम मुकदमे से पृथक करने की मांग करने का ज्ञापन कोतवाल उमेश चौरसिया को सौंपा है। जबकि घटना का खुलासा निरीक्षक की निगरानी में किया गया आरोपी बनाए गए व्यापारी ने दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ न्यायालय में परिवार दाखिल करने की बात कही है। मामले में पुलिस की खासी किरकिरी हो गई है।

### नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**जैतीपुर, शाहजहांपुर।** जैतीपुर पुलिस ने नाबालिग को शादी के उद्देश्य से बहला-फुसलाकर भगाने और दुष्कर्म के मामले में वांछित 22 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को रविवार दोपहर नवादा मोड़ से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया। 22 जुलाई को पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर सुरेश पुत्र राम सिंह निवासी आनंदापुर, थाना दातागंज, बदायूं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान 23 जुलाई को पीड़िता को सकुशल बरामद किया गया। उसके बयानों के आधार पर मुकदमे में बीएनएस की धारा 64(1) और पॉक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ाई गईं। पुलिस ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सूरजपाल पचौरी, कांस्टेबल तरुण सिरोही और कांस्टेबल भानू कुमार शामिल रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में किशोर ने खाया जहरीला पदार्थ

**तिलहर- शाहजहांपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में किशोर ने जहरीले पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन आनन फानन में सीएचसी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, रविवार को क्षेत्र के मोहल्ला खलील कटरा के रहने वाले एक युवक रिंकू पुत्र बाबूराम 17 ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई परिजन तत्काल सीएससी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। फिलहाल घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

### आज होगा मेधावी छात्राओं का सम्मान समारोह

**पीलीभीत।** इकरा पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज, पीलीभीत में तजकिया स्कॉलरशिप के सौजन्य से मेधावी छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन आज सोमवार को किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे विद्यालय परिसर में आयोजित होगा। समारोह में शैक्षिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मेधावी छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया जाएगा। विद्यालय प्रबंधन की ओर से कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस अवसर पर छात्राओं की उपलब्धियों को सराहते हुए उन्हें आगे भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया जाएगा। विद्यालय की ओर से अभिभावकों एवं गणमान्य लोगों को भी समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य अखलाक हसन खान ने दी।

## पुलिस ने चोरी का खुलासा कर गहने बरामद किए

- बहू, प्रेमी और दोस्त समेत तीन गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, मोहम्मदी लखीमपुर खीरी।**

क्षेत्र के गांव शंकरपुर राजा में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए बहू और दो गैर जनपद के आरोपियों को गिरफ्तार कर माल बरामद कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के अनुसार शंकरपुर राजा निवासी विजय प्रताप के घर डेढ़ महीने पूर्व चोरी हो गई थी जिसमें 16 जुलाई को अज्ञात चोरों द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया था। सीओ अरुण कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में एस आई रामचंद्र, हेड कां सुनील, आरक्षी अमर कौशिक, जगदीप, शिवम शर्मा,




देवव्रत और महिला आरक्षी आकांक्षा प्रजापति की टीम में मोबाइल का सीडीआर निकाल कर चोरों तक पहुंच गए रविवार को बहू सुनीति सिंह उर्फ शिवानी पत्नी मोहित निवासी नगरिया नियामपुर गढिया रंगीन अपने प्रेमी विकल्प निवासी गढिया रंगीन और उसके दोस्त दीपू सिंह निवासी रपड़िया नवादा थाना गढ़िया रंगीन जिला शाहजहांपुर को गिरफ्तार कर कड़ाई से पूछताछ में सारा राज उगल दिया जिनके कब्जे से चोरी हुए दो सोने के हार, चैन अंगूठी पायल कीमत लगभग 8 लाख रुपया को बरामद कर कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेजा गया है। सीओ अरुण कुमार सिंह ने खुलासा करने वाली टीम का हौसला अफजाई कर पुरस्कृत किया है।

## बांकेगंज के भरिगवां में बाघ का हमला, किसान गंभीर

**लखीमपुर-खीरी।** बांकेगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत भरिगवां में रविवार को बाघ ने एक किसान पर हमला कर दिया। हमले में जियन लाल गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया कि वह पूर्वी दिशा में बादाम सिंह यादव के खेत के पास बकरियां चरा रहे थे, तभी झाड़ियों से निकले बाघ ने उन पर हमला कर दिया। सूचना पर मैलानी वन रेंज की टीम मौके पर पहुंची और घायल को एंबुलेंस से सीएचसी गोला भिजवाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला चिकित्सालय लखीमपुर रेफर कर दिया। घटना के बाद भरिगवां और आसपास के गांवों में दहशत फैल गई है। ग्रामीण खेतों की ओर जाने से घबरा रहे हैं।वन दरोगा प्रदीप कुमार पांडे ने बताया कि मौके पर मिले पगचिह्नों से पुष्टि हुई है कि हमला बाघ ने ही किया था। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि खेतों व गांव के आसपास अकेले न जाएं।

## 20वां 30 दिवसीय कांवरिया स्वागत व हेल्पलाइन का कन्या भोज कर कार्यक्रम हुआ संपन्न




- समापन के दौरान 151 कन्याओं को कराया गया

**समृद्धि न्यूज़, मोहम्मदी लखीमपुर खीरी।**

मां जानकी सेवा संस्थान द्वारा कांवरिया स्वागत समारोह एवं कांवरिया हेल्पलाइन कार्यक्रम का समापन कन्या भोज करवा कर किया गया।20 वाँ कांवरिया स्वागत समारोह कांवरिया हेल्पलाइन के आयोजक समाजसेवी शिवम राठौर ने बताया तीस दिवसीय कार्यक्रम में इस बार हर बार का रिकॉर्ड मेले का टूटा है।भंडारे में लाखों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।सफलता पूर्वक भंडारे का पूरा श्रेय बाबा को समर्पित कर रहा हूं।सफल आयोजन संपन्न होने पर 151 कन्याओं को कन्या भोज कराकर कार्यक्रम का समापन के दौरान कन्याओं पर पुष्प वर्षा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों,सहयोगियों द्वारा की गई।गोला मोहम्मदी मार्ग पर कांवरियों के किसी भी प्रकार की समस्याओं को लेकर सुविधा के लिए 15 किलोमीटर की परिधि में फ्लेक्स लगाए गए थे।कांवरिया हेल्पलाइन के द्वारा कांवरियों द्वारा लगाए गए फ्लेक्स पर सूचना मिलने पर तत्काल प्रभाव से उनको सुविधा उपलब्ध कराई गई जिसमें 9 ट्रैक्टर 33 गाड़ियों के पंचर 22 मोटरसाइकिलों की मरम्मत 4 जनरेटर की मरम्मत 5 साइकिल मरम्मत सैकड़ो कांवरियों को निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय नगर पालिका अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा कन्हैया,वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक शुक्ला, पूर्व पालिका अध्यक्ष दुर्गा मेहरोत्रा,पंडित चंद्रभाल मिश्र, संजीव मेहरोत्रा, ठाकुर दिनेश सक्सेना, महेश सिंह, उर्मिला देवी, आनंद बाजपेई, देवेश त्रिवेदी, उदय प्रताप, लक्ष्मी कुशवाहा, मोनू, करन राठौर, नीरज राठौर, अनूप, अमन राठौर, नंदू राठौर, नन्हे, आनंद, सागर राठौर, धर्मेंद्र कश्यप, जितेंद्र, काजू कारीगर, अंकित सिंह, धनीराम, हरिराम सैनी, काजू कारीगर, प्रमोद, रमेश, रामजी, ध्रुव गुप्ता, अनुराग वर्मा, गुड़िया, सुभाष, उमेश कश्यप, सोनू कश्यप, श्याम बाथम, रामनिवास कुशवाह, संतराम कश्यप, इच्छा कश्यप, शिब्बू, राम बहादुर, लक्ष्मण, हैप्पी, सुंदरम कुशवाहा, अर्जुन राठौर, अंकित राठौर, दीपू कनौजिया, रानू कनौजिया, मोनू राठौर, विशाल राठौर, कमल सिंह, अन्नू भैया अश्विनी कश्यप, करन कुमार, मोहित कटियार, अभिषेक सहित कार्यक्रम के सहयोगी मौजूद रहे।

## हत्या के प्रयास के मामले में सुनगढ़ी पुलिस की बड़ी कार्रवाई

- आरोपी तमंचे और कारतूस समेत गिरफ्तार
- आरोपी पर पहले से कई मुकदमे दर्ज

**समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।**

हत्या के प्रयास के मामले में वांछित आरोपी की तलाश में जुटी सुनगढ़ी पुलिस को रविवार को सफलता मिली। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए मुकदमे में नामजद आरोपी को रामलीला रोड स्थित मंडी गेट के पास से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से .315 बोर का अवैध तमंचा और दो कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई



पूरी करने के बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी।पुलिस के मुताबिक 30 अगस्त 2026 को सुनगढ़ी थाने की टीम को सूचना मिली कि हत्या के प्रयास से संबंधित मामले में नामजद आरोपी क्षेत्र में मौजूद है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने रामलीला रोड मंडी गेट के आसपास घेराबंदी कर संदिग्धों की निगरानी शुरू की। इसी दौरान पुलिस ने मोहल्ला टीपी नगर कॉलोनी निवासी करीब 25 वर्षीय संजीव भारती पुत्र मोहनलाल को पकड़ लिया। पुलिस का दावा है कि गिरफ्तारी के समय उसके पास से घटना में प्रयुक्त किया गया .315 बोर का तमंचा और दो जिंदा कारतूस मिले। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ सुनगढ़ी थाने में मुकदमा अपराध संख्या 420/2026 धारा 352, 109, 351(3) बीएनएस तथा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है। इसी मुकदमे में वह नामजद था। गिरफ्तारी और बरामदगी के बाद संबंधित मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आयाः** पुलिस के अनुसार गिरफ्तार संजीव भारती का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ वर्ष 2021 में सुनगढ़ी थाने में धारा 323, 504, 354 और 506 भादवि के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। इसके बाद वर्ष 2022 में चोरी से संबंधित धारा 379 और 411 भादवि का मामला दर्ज हुआ। उसी वर्ष उसके खिलाफ 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज किया गया।

## मन की बात के 137वें संस्करण में गूंजा नशामुक्त और विकसित भारत का संदेश

- स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कार्यकर्ताओं संग सुनी पीएम के 'मन की बात'

**समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।**

बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के 137वें संस्करण को लेकर कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों में उत्साह दिखाई दिया। ग्राम पंचायत मधुडांडी स्थित बूथ संख्या 186 पर महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने स्थानीय ग्रामवासियों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में देश के युवाओं,



सामाजिक जिम्मेदारियों, राष्ट्रप्रेम, नवाचार और भारतीय इतिहास एवं संस्कृति से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार साझा किए। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने प्रधानमंत्री के संदेश को ध्यानपूर्वक सुना और बताए गए विषयों को समाज के लिए महत्वपूर्ण बताया।

**नशे के खिलाफ युवाओं को जोड़ने पर जोरः** प्रधानमंत्री ने 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' अभियान का उल्लेख करते हुए युवाओं को नशे की गिरफ्त से दूर रखने के लिए व्यापक जनभागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने ड्रग्स के विरुद्ध चल रहे अभियान को मजबूत बनाने और समाज के प्रत्येक वर्ग को इसमें अपनी भूमिका निभाने का संदेश दिया। कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों के बीच इस विषय को लेकर भी चर्चा हुई कि युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए परिवार, समाज और सामाजिक संगठनों को मिलकर जागरूकता का वातावरण तैयार करना होगा। अगस्त माह में देशभर में दिखाई देने वाली देशभक्ति की भावना का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने 'सूर्यपथ तिरंगा यात्रा' सहित विभिन्न रचनात्मक आयोजनों की सराहना की। उन्होंने राष्ट्रप्रेम और एकता की भावना को मजबूत करने वाले ऐसे आयोजनों के महत्व को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने युवाओं की प्रतिभा और नई सोच का उल्लेख करते हुए स्टार्टअप सहित विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे सकारात्मक बदलावों की चर्चा की। उन्होंने देश के युवाओं की रचनात्मक क्षमता और नवाचार को भारत की प्रगति का महत्वपूर्ण आधार बताया।

इतिहास और संस्कृति को डिजिटल माध्यम से जोड़ने पर चर्चाः 'मन की बात' में देश के गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक रोचक एवं आकर्षक तरीके से पहुंचाने के प्रयासों की भी सराहना की गई। डिजिटल माध्यमों के जरिए ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विषयों को लोगों तक पहुंचाने की पहल को प्रधानमंत्री ने महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष प्यारेलाल कश्यप, मंडल महामंत्री लालताप्रसाद लोधी, चन्दनलाल, हरेन्द्रपाल, आकाश वर्मा, युगल वर्मा, ग्राम प्रधान, प्रेम कुमार, बूथ अध्यक्ष और शक्तिकेन्द्र संयोजक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

## चचेरे भाइयों की बाइक को वाहन ने रौंदा, एक की मौत

- हरिद्वार नेशनल हाईवे पर निसरा राइस मिल के पास हुआ हादसा
- साथी की हालत नाजुक, पत्नी की पहले ही हो चुकी है मौत

**समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।**

जहानाबाद इलाके में शनिवार रात सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। बाजार से सब्जियां खरीदकर मोटरसाइकिल से घर जा रहे दो चचेरे भाई हरिद्वार नेशनल हाईवे पर हादसे का शिकार हो गए। निसरा राइस मिल के समीप तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में भौना हुसैन नगर निवासी पीतम राम की मौत हो गई, जबकि उनके तहेरे भाई सर्वेश गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया कि पीतम राम उम्र करीब 45 वर्ष शनिवार रात लगभग आठ बजे अपने तहेरे भाई सर्वेश उम्र करीब 30 वर्ष के साथ बरात बोझ निसरा में लगने वाली बाजार से सब्जियां लेकर मोटरसाइकिल से गांव लौट रहे थे। दोनों अभी हरिद्वार नेशनल हाईवे पर निसरा राइस मिल के समीप पहुंचे ही थे कि पीछे अथवा सामने से आए अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस और एंबुलेंस को दी। दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहानाबाद पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने पीतम राम को मृत घोषित कर दिया। वहीं सर्वेश की हालत चिंताजनक होने पर उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया। बाद में परिजन बेहतर उपचार की उम्मीद में उन्हें निजी अस्पताल लेकर चले गए, जहां उनका उपचार जारी है। पीतम राम की मौत की खबर जैसे ही परिजनों और ग्रामीणों को मिली, परिवार में चीख-पुकार मच गई। अचानक हुए हादसे से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि पीतम राम की पत्नी का कई वर्ष पहले ही निधन हो चुका है। उनके पीछे तीन बेटे हैं। पिता की असमय मौत से तीनों बेटों के सिर से पिता का साया उठ गया।

## रोजगार से जुड़े पाठ्यक्रम जरूरी

भारत दुनिया की सबसे युवा आबादी वाले देशों में है। यह युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी ताकत बन सकती है, लेकिन तभी जब उसे ऐसी शिक्षा और कौशल मिले, जो रोजगार और उद्यमिता से सीधे जुड़ा हो। दुर्भाग्य से वर्तमान शिक्षा व्यवस्था और रोजगार बाजार के बीच बढ़ती दूरी गंभीर चिंता का विषय है। नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट ने इस समस्या को आंकड़ों के साथ सामने रखा है। रिपोर्ट के अनुसार 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के करीब 8.7 करोड़ युवा न तो शिक्षा में हैं, न रोजगार में और न ही किसी प्रशिक्षण से जुड़े हैं। यह स्थिति केवल बेरोजगारी का आंकड़ा नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की उपयोगिता पर भी बड़ा सवाल है। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि देश के केवल 8.25 प्रतिशत स्नातक ही अपनी योग्यता के अनुरूप काम कर रहे हैं। इसका सीधा अर्थ है कि बड़ी संख्या में युवा डिग्री तो हासिल कर रहे हैं, लेकिन उनके पास उस डिग्री के अनुरूप रोजगार पाने के लिए आवश्यक व्यावहारिक कौशल नहीं है। दूसरी ओर उद्योग और कारोबार जगत को ऐसे युवाओं की जरूरत है, जो काम शुरू करते ही जिम्मेदारी संभाल सकें। दोनों के बीच यह खाई जितनी लंबी होगी, बेरोजगारी और रोजगार के बीच असंतुलन उतना ही बढ़ेगा। यह समस्या केवल युवाओं की नहीं है। इसका बड़ा उत्तरदायित्व शिक्षा व्यवस्था और सरकारों पर है। लंबे समय से स्कूल और विश्वविद्यालयों में पाठ्यक्रमों को रोजगार की जरूरतों से जोड़ने की बात कही जाती रही है, लेकिन धरातल पर बदलाव अपेक्षित गति से नहीं हुआ। बीए, बीकाम और बीएससी जैसी सामान्य डिग्रियां आज भी बड़ी संख्या में युवाओं की पहली पसंद हैं, लेकिन इन पाठ्यक्रमों का उद्योग की वास्तविक जरूरतों से सीधा संबंध कमजोर है। अनेक विद्यार्थी इन डिग्रियों को केवल इसलिए हासिल करते हैं कि वे सरकारी नौकरियों के लिए आवेदन करने की पात्रता प्राप्त कर सकें।

अब समय आ गया है कि सामान्य डिग्री पाठ्यक्रमों की उपयोगिता पर नए सिरे से विचार किया जाए। बीकाम के साथ एनालिटिक्स या डिजिटल मार्केटिंग, बीए के साथ रिटेल, पर्यटन या हॉस्पिटैलिटी और बीएससी के साथ एप्लाइड टेक्नोलॉजी जैसे रोजगारोन्मुख विकल्प विकसित किए जा सकते हैं। इससे डिग्री केवल कागज का प्रमाणपत्र न रहकर रोजगार की दिशा में पहला कदम बनेगी। कौशल विकास योजनाओं की स्थिति भी बेहतर किए जाने की जरूरत है। केवल प्रशिक्षण केंद्र खोल देना या बड़ी संख्या में युवाओं को प्रमाणपत्र दे देना कौशल विकास नहीं है। वास्तविक सफलता इस बात से तय होनी चाहिए कि प्रशिक्षण पाने वाले कितने युवाओं को रोजगार मिला, कितनों ने अपना कारोबार शुरू किया और कितनों की आय में वृद्धि हुई। यदि प्रशिक्षण और रोजगार के बीच संबंध स्थापित नहीं हो रहा है तो पूरी व्यवस्था की गुणवत्ता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। इस दिशा में प्रशिक्षकों की गुणवत्ता भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिस व्यक्ति को स्वयं आधुनिक तकनीक, उद्योग की कार्यप्रणाली और बाजार की बदलती जरूरतों का पर्याप्त ज्ञान नहीं है, वह युवाओं को रोजगार के लिए कैसे तैयार करेगा? इसलिए कौशल विकास कार्यक्रमों में योग्य प्रशिक्षकों की नियुक्ति, उद्योग से साझेदारी और नियमित मूल्यांकन अनिवार्य होना चाहिए। इंटर्नशिप और अप्रेंटिसशिप को भी औपचारिकता से बाहर निकालकर वास्तविक कार्य-अनुभव से जोड़ना होगा। स्कूल स्तर से ही इस बदलाव की शुरुआत होनी चाहिए। बच्चों को केवल परीक्षा पास करने और डिग्री हासिल करने की दौड़ में लगाने के बजाय उनमें समस्या समाधान, संवाद, डिजिटल तकनीक, वित्तीय समझ, उद्यमिता और व्यावहारिक कार्य-कौशल विकसित किया जाना चाहिए। हर विद्यार्थी उद्यमी बने, यह संभव नहीं है, लेकिन हर विद्यार्थी में अपनी आजीविका अर्जित करने की क्षमता विकसित करना शिक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण लक्ष्य अवश्य होना चाहिए। कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने इस चुनौती को और गंभीर बना दिया है। आने वाले वर्षों में अनेक पारंपरिक नौकरियों का स्वरूप बदलेगा और कुछ कार्य स्वचालित होंगे। ऐसे में युवाओं को एआई से डरने के बजाय उसका उपयोग करना सीखना होगा। शिक्षा व्यवस्था में एआई और डिजिटल कौशल को आवश्यकता के अनुसार शामिल करना समय की मांग है। साथ ही यह समझना होगा कि हर युवा को केवल सॉफ्टवेयर क्षेत्र की नौकरी के लिए तैयार करना उचित नहीं। वेल्डिंग, प्लंबिंग, बढ़ईगीरी, इलेक्ट्रिकल कार्य, मशीन संचालन और अन्य तकनीकी ट्रेड भी सम्मानजनक और अच्छी आय वाले रोजगार के रास्ते बन सकते हैं। केंद्र और राज्य सरकारों को भी अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट करनी होंगी। शिक्षा, प्रशिक्षण और रोजगार को अलग-अलग खानों में देखने के बजाय इन्हें एक समग्र व्यवस्था के रूप में विकसित करना होगा। केवल बजट बढ़ा देने से समस्या हल नहीं होगी। खर्च की गुणवत्ता, प्रशिक्षण के परिणाम और रोजगार की वास्तविक उपलब्धता की लगातार निगरानी जरूरी है। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य केवल तेज आर्थिक वृद्धि से पूरा नहीं होगा। इसके लिए ऐसी मानव पूंजी तैयार करनी होगी, जो बदलती अर्थव्यवस्था की जरूरतों को पूरा कर सके। यदि करोड़ों युवा डिग्री लेकर भी रोजगार से दूर रहेंगे तो जनसांख्यिकीय लाभांश बोझ में बदल सकता है। इसलिए अब रोजगारपरक शिक्षा को नारा नहीं, शिक्षा नीति का केंद्रीय उद्देश्य बनाना होगा। देश की युवा शक्ति को सही दिशा और सही कौशल मिल गया तो यही शक्ति भारत के विकास की सबसे बड़ी आधारशिला साबित हो सकती है।

### दो टूक




# विश्व के प्रमुख जलडमरूमध्यों पर संघर्ष व प्रतिस्पर्धा



अमरेश द्विवेदी


जलडमरूमध्य समुद्र या महासागर का वह संकीर्ण प्राकृतिक मार्ग है, जो दो बड़े जल निकायों को जोड़ता है और सामान्यतः दो भू-भागों के बीच स्थित होता है। आकार में छोटे होने के बावजूद इनका भूराजनीतिक, आर्थिक, सैन्य और सामरिक महत्व अत्यधिक होता है। विश्व के समुद्री व्यापार का एक बड़ा हिस्सा कुछ महत्वपूर्ण जलडमरूमध्यों से होकर गुजरता है। तेल, प्राकृतिक गैस, खाद्यान्न, औद्योगिक कच्चा माल और निर्मित वस्तुओं के परिवहन में इनकी भूमिका निर्णायक है।

इसी कारण जलडमरूमध्य केवल भौगोलिक संरचनाएं नहीं रह गए हैं, बल्कि वैश्विक शक्ति-संतुलन के केंद्र बन चुके हैं। इनके आसपास होने वाला युद्ध, राजनीतिक तनाव, समुद्री सीमा विवाद, नाकेबंदी या जहाजों पर हमले पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकते हैं। किसी महत्वपूर्ण जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही बाधित होने पर परिवहन लागत बढ़ती है, ऊर्जा बाजार प्रभावित होते हैं और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान पैदा हो सकता है। होर्मुज़ जलडमरूमध्य फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और आगे अरब सागर से जोड़ता है। इसके उत्तर में ईरान और दक्षिण में ओमान स्थित हैं। इसके आसपास संयुक्त अरब अमीरात सहित दुनिया के प्रमुख ऊर्जा उत्पादक देश हैं। इसका सबसे बड़ा महत्व वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति से जुड़ा है। फारस की खाड़ी से बाहर जाने वाले ऊर्जा निर्यात का बड़ा हिस्सा इसी समुद्री मार्ग से होकर गुजरता है। ईरान और अमेरिका के बीच तनाव, ईरान के परमाणु कार्यक्रम तथा पश्चिम एशिया के विभिन्न संघर्षों के कारण होर्मुज़ लगातार अंतरराष्ट्रीय चिंता का विषय बना रहता है। ईरान की ओर से इस मार्ग को बाधित करने की चेतावनी भी समय-समय पर वैश्विक तेल बाजार में अस्थिरता पैदा करती है। यदि यहां जहाजों की आवाजाही गंभीर रूप से बाधित होती है तो भारत, चीन, जापान और यूरोप की ऊर्जा सुरक्षा प्रभावित हो सकती है।

बाब-अल-मंदेब लाल सागर को अदन की खाड़ी से जोड़ता है। इसके एक ओर यमन और दूसरी ओर अफ्रीकी महाद्वीप का जिबूती तथा इरिट्रिया क्षेत्र है। यूरोप और एशिया के बीच समुद्री व्यापार के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण मार्ग है, क्योंकि लाल सागर के रास्ते जहाज स्वेज नहर की ओर जाते हैं। यमन के गृहयुद्ध और हूती आंदोलन से जुड़ी सुरक्षा चुनौतियों ने इस समुद्री क्षेत्र को अत्यंत संवेदनशील बना दिया है। जहाजों पर हमलों के खतरे के कारण कई वाणिज्यिक जहाजों को अफ्रीका के दक्षिणी छोर से होकर लंबा वैकल्पिक मार्ग अपनाना पड़ा है। इससे यात्रा समय और ईंधन खर्च बढ़ता है तथा माल ढुलाई और बीमा की लागत पर भी असर पड़ता है। बाब-अल-मंदेब इस बात का उदाहरण है कि किसी छोटे समुद्री चोकपॉइंट में पैदा हुआ संकट हजारों किलोमीटर दूर स्थित बाजारों और उपभोक्ताओं को प्रभावित कर सकता है। ताइवान जलडमरूमध्य चीन के मुख्य भूभाग और ताइवान के बीच स्थित है। यह वर्तमान विश्व राजनीति के सबसे संवेदनशील समुद्री क्षेत्रों में से एक है। चीन ताइवान को अपने क्षेत्र का हिस्सा मानता है, जबकि ताइवान अपनी अलग राजनीतिक व्यवस्था के तहत स्वशासित है। अमेरिका ताइवान के साथ अनौपचारिक संबंध और सुरक्षा सहयोग बनाए रखता है। इस क्षेत्र में चीनी सैन्य अभ्यास, ताइवान की सुरक्षा और अमेरिकी सैन्य गतिविधियां तनाव बढ़ाती हैं। यदि यहां गंभीर सैन्य संघर्ष होता है तो उसका असर केवल पूर्वी एशिया तक सीमित नहीं रहेगा। ताइवान वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसलिए इस क्षेत्र में संघर्ष से इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, दूरसंचार और तकनीकी उद्योगों की वैश्विक आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। ताइवान जलडमरूमध्य इस बात का उदाहरण है कि समुद्री भूगोल और तकनीकी अर्थव्यवस्था आज एक-दूसरे से कितनी गहराई से जुड़ चुके हैं। मलक्का जलडमरूमध्य मलय प्रायद्वीप और इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप के बीच स्थित है। यह हिंद महासागर और प्रशांत क्षेत्र को जोड़ने वाले सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है। चीन, जापान, दक्षिण कोरिया और दक्षिण-पूर्व एशिया की अर्थव्यवस्थाओं के लिए इसका महत्व अत्यधिक है। बड़ी मात्रा में ऊर्जा और व्यापारिक वस्तुएं इस मार्ग से गुजरती हैं। वर्तमान में यहां होर्मुज़ या बाब-अल-मंदेब जैसी प्रत्यक्ष युद्ध स्थिति नहीं है, लेकिन समुद्री डकैती, दुर्घटनाएं, आतंकवाद और संभावित सैन्य प्रतिस्पर्धा चिंता का विषय हैं। चीन लंबे समय से 'मलक्का दुविधा' को लेकर चिंतित रहा है। उसकी अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक ऊर्जा आयात का एक महत्वपूर्ण हिस्सा इस समुद्री मार्ग पर निर्भर है। इसलिए चीन वैकल्पिक पाइपलाइन, बंदरगाह और स्थल मार्ग विकसित करने पर जोर देता रहा है।

जिब्राल्टर जलडमरूमध्य अटलांटिक महासागर और भूमध्य सागर को जोड़ता है। इसके उत्तर में स्पेन और दक्षिण में मोरक्को स्थित हैं। इसके निकट ब्रिटेन का जिब्राल्टर क्षेत्र भी मौजूद है। यह यूरोप, उत्तरी अफ्रीका और भूमध्यसागरीय क्षेत्र के बीच समुद्री संपर्क का महत्वपूर्ण मार्ग है। जिब्राल्टर का महत्व व्यापार के साथ सैन्य दृष्टि से भी है। अटलांटिक और भूमध्यसागर के बीच आने-जाने वाले जहाजों के लिए यह प्राकृतिक द्वार है। ब्रिटेन और स्पेन के बीच जिब्राल्टर को लेकर लंबे समय से राजनीतिक विवाद भी रहा है। नाटो और यूरोपीय सुरक्षा व्यवस्था के लिए इसकी भौगोलिक स्थिति इसे महत्वपूर्ण बनाती है। तुर्की के बॉस्फोरस और डार्डनेल्स जलडमरूमध्य काला सागर को भूमध्यसागरीय क्षेत्र से जोड़ते हैं। इनके बीच मारमारा सागर स्थित है। रूस, यूक्रेन, तुर्की और अन्य काला सागर देशों के लिए इनका महत्व बहुत अधिक है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद इन जलडमरूमध्यों का रणनीतिक महत्व और बढ़ गया है। तुर्की को मोंट्रेक्स कन्वेंशन के तहत युद्धपोतों की आवाजाही से संबंधित विशेष अधिकार प्राप्त हैं। काला सागर से अनाज, ऊर्जा और अन्य वस्तुओं का व्यापार भी इन जलमार्गों से जुड़ा है। इसलिए इनका महत्व केवल सैन्य नहीं, बल्कि वैश्विक खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा से भी संबंधित है। केर्च जलडमरूमध्य काला सागर और अजोव सागर को जोड़ता है। क्रीमिया के 2014 में रूस द्वारा अधिग्रहण के बाद इस क्षेत्र की राजनीतिक और सैन्य संवेदनशीलता काफी बढ़ गई। रूस ने केर्च ब्रिज के निर्माण के माध्यम से क्षेत्र में अपनी रणनीतिक स्थिति मजबूत की। इस जलडमरूमध्य पर नियंत्रण समुद्री यातायात, सैन्य गतिविधियों और यूक्रेन के बंदरगाहों तक पहुंच के लिहाज से महत्वपूर्ण है। रूस-यूक्रेन संघर्ष में केर्च क्षेत्र लगातार रणनीतिक महत्व रखता आया है। भारत और श्रीलंका के बीच स्थित पाल्क जलडमरूमध्य अपेक्षाकृत उथला समुद्री क्षेत्र है और दोनों देशों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों का हिस्सा रहा है। यहां चुनौती मुख्य रूप से सैन्य संघर्ष की नहीं, बल्कि मछली पकड़ने, समुद्री सीमा और मछुआरों की गिरफ्तारी से जुड़ी है। भारतीय और श्रीलंकाई मछुआरों के सीमा पार करने तथा समुद्री संसाधनों के उपयोग को लेकर समय-समय पर विवाद होते हैं। दोनों देशों के सामने चुनौती यह है कि स्थानीय मछुआरों की आजीविका, समुद्री पर्यावरण और समुद्री सीमाओं से जुड़े हितों के बीच संतुलन कायम किया जाए।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**




# जवाबदेही के लिए अधिकार आवश्यक

डॉ. सत्यवान सौरभ

आजकल सरकारी स्कूलों के प्रति लोगों का नज़रिया एक चलन बनता जा रहा है और यह अच्छा नहीं है। फ़ोन, कैमरा और कैमरायुक्त स्मार्टफोन होते ही लगभग कोई भी सरकारी स्कूल में जाकर शिक्षकों से सवाल पूछ सकता है, कक्षाओं की तस्वीरें खींच सकता है और कुछ ही मिनटों में पूरी शिक्षा व्यवस्था के बारे में राय बना सकता है। कभी-कभी, यह इरादा नेक होता है। नागरिकों को शिक्षा की गुणवत्ता, सार्वजनिक संस्थानों के कामकाज और बच्चों के भविष्य के बारे में चिंतित होने का पूरा अधिकार है।

एक सीधा-सा सवाल अक्सर उठाया जाता है लेकिन उस पर शायद ही कभी ध्यान दिया जाता है: निरीक्षण को लेकर यह उत्साह अक्सर सरकारी स्कूलों तक ही सीमित क्यों रहता है? कितनी बार स्वघोषित निरीक्षक बड़ी मुश्किल से और घड़ी की चुभती निगाहों से देखते हुए कुलीन निजी स्कूलों में घुसते हैं और वहाँ की फीस, बुनियादी ढाँचे, प्रवेश नीतियों, शिक्षकों के कार्यभार, परिवहन या अन्य किसी भी चीज़ के बारे में और भी अटपटे सवालों का सामना करते हैं? लोग महंगे निजी स्कूलों के गेट पर कैमरा लेकर घुस जाते हैं और शिक्षकों से सवाल पूछने लगते हैं। जवाब स्पष्ट है। हर निजी स्कूल की अपनी विशिष्ट प्रवेश प्रक्रिया, सुरक्षा, प्रशासन और फोटोग्राफी/रिकॉर्डिंग की सीमाएँ होती हैं। बिना अनुमति किसी को भी कक्षाओं में घूमने की अनुमति नहीं दी जाएगी। दूसरी ओर, सरकारी स्कूलों में अक्सर खुला और सुलभ वातावरण होता है। वे समाज के कमजोर वर्गों और निम्न आर्थिक स्तर के बच्चों का शिक्षण करते हैं। वे खुले तो हैं लेकिन नियमों से मुक्त नहीं हैं। हर पहुँच का मतलब पूर्ण अधिकार नहीं होता।

सरकारी विद्यालयों के शिक्षक सरकार, विद्यालय प्रशासन, अभिभावकों, छात्रों और कानून के प्रति उत्तरदायी होते हैं। उन्हें उचित संस्थागत माध्यमों से अपने पेशेवर कर्तव्यों के संबंध में पूछताछ का अधिकार और दायित्व दोनों है। हालांकि, उचित निरीक्षण और अनौपचारिक निगरानी में स्पष्ट अंतर होता है। अधिकृत निरीक्षण प्रशासन के निर्धारित ढांचे के भीतर होता है। इसके लिए प्रक्रियाएं, रिकॉर्ड, जिम्मेदारियां और जवाबदेही आवश्यक हैं। किसी परिसर में मोबाइल फोन रखना और बिना अनुमति शिक्षकों की रिकॉर्डिंग करना दिखावा हो सकता है लेकिन दिखावा निरीक्षण नहीं है। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि शैक्षणिक संस्थानों में पारदर्शिता और गरिमा की आवश्यकता है। यहां एक और बड़ा सवाल उठता है- शिक्षकों की गरिमा। शिक्षक कक्षाओं में बैठे सरकारी अधिकारी नहीं होते। वे विशेषज्ञ होते हैं जो बच्चों के बौद्धिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास के लिए जिम्मेदार होते हैं। ऐसी प्रक्रिया होनी चाहिए जिनसे यह पता चल सके कि कोई शिक्षक अपने कर्तव्य में विफल हो रहा है, इसकी जांच की जाए और यदि शिक्षक वास्तव में विफल हो रहा है तो सुधारात्मक कार्रवाई की जाए। हालांकि, आपको यह ध्यान रखना चाहिए कि शिक्षकों को सार्वजनिक रूप से अपमानित करना, बिना अनुमति के उनकी रिकॉर्डिंग करना या सोशल मीडिया पर चुनिंदा वीडियो पोस्ट करना यह जरूरी नहीं दर्शाता कि इससे शिक्षा का स्तर बेहतर हो रहा है। इसके विपरीत, इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। यदि हर बातचीत सोशल मीडिया पर वायरल होने की संभावना बन जाए, तो शिक्षक छात्रों के साथ स्वाभाविक रूप से बातचीत करने की बजाय उनके द्वारा रिकॉर्ड किए जाने को लेकर अधिक चिंतित हो सकते हैं। कक्षा धीरे-धीरे एक प्रदर्शन स्थल में बदल सकती है और वायरल कंटेंट की होड़ में शिक्षा का उद्देश्य भुलाया जा सकता है।

इसका यह मतलब बिलकुल नहीं है कि सरकारी स्कूलों को जांच से छूट मिलनी चाहिए। बल्कि इसके विपरीत सार्वजनिक धन और उससे भी अधिक महत्वपूर्ण, बच्चों के भविष्य से जुड़े मामलों में, सरकारी स्कूलों को पारदर्शी और जवाबदेह होना चाहिए। इसलिए शिक्षक और प्रशासक अपने कर्तव्यों के प्रति जवाबदेह हैं। माता-पिता और नागरिक निःसंकोच अपनी चिंताओं को व्यक्त कर सकते हैं। लेकिन उचित मंच पर चिंताएं उठाना एक बात है और अनधिकृत निरीक्षण और सोशल मीडिया पर परीक्षण के माध्यम से उन्हें उठाना बिलकुल अलग बात है। शिक्षा प्रशासन के क्षेत्र में वास्तव में रुचि रखने वालों के लिए व्यवस्था के भीतर रहकर सार्थक योगदान देने का एक वैध तरीका भी है। तो क्यों न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करें और ब्लॉक शिक्षा अधिकारी या अन्य प्राधिकरण पदों के लिए आवेदन करें? कड़ी मेहनत करें, योग्यता प्राप्त करें, नियमों को जानें, जिम्मेदारी लें और सरकार द्वारा प्रदत्त अधिकार के साथ विद्यालयों में प्रवेश करें। इस स्तर पर, निरीक्षणकर्ता और शिक्षक के बीच संबंध में महत्वपूर्ण बदलाव आता है। एक अधिकृत शिक्षा अधिकारी केवल कमियों को इंगित नहीं करता। एक अधिकारी से यह अपेक्षा की जाती है कि वह उन कमियों के कारणों को समझे, अभिलेखों की समीक्षा करे, कार्यान्वयन का मूल्यांकन करे, शिक्षकों का मार्गदर्शन करे, व्यवस्थागत मुद्दों को उजागर करे और समाधान खोजने में सहायता करे। निरीक्षण और हस्तक्षेप में यही अंतर है। एक समस्या को कैमरे से पलभर में पहचाना जा सकता है लेकिन एक सक्षम प्रशासक को समस्या के कारणों का पता लगाने और उसे हल करने के लिए आवश्यक संसाधनों, प्रशिक्षण, नीति या संस्थागत सहायता का पता लगाने में हफ्तों या महीनों लग सकते हैं। अपमान शिक्षा को बेहतर बनाने का साधन नहीं हो सकता। हर शिक्षक का वीडियो वायरल करके शिक्षा को बेहतर नहीं बनाया जा सकता। सरकारी स्कूलों जैसे आसान लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करके भी शिक्षा को बेहतर नहीं बनाया जा सकता क्योंकि उनके दरवाजे खुले होते हैं। बेहतर स्कूलों के लिए हमें बेहतर सवालों की जरूरत है। किसी विशेष स्कूल में बुनियादी ढांचे की कमी का क्या कारण है? शिक्षकों को प्रशासनिक कार्यों में कठिनाइयों का सामना क्यों करना पड़ता है? क्या शिक्षण संसाधन अच्छे हैं? क्या छात्र-शिक्षक अनुपात सही है? क्या अभिभावकों की भागीदारी पर्याप्त है? क्या सरकारी योजनाएं उन लोगों तक पहुंच रही हैं जिनके लिए वे बनाई गई हैं? क्या शिक्षकों को पर्याप्त प्रशिक्षण मिलता है?

समस्या पर कैमरा घुमाना सबसे आसान तरीका है। समस्या का समाधान उतना ही मुश्किल होता है। इसका मतलब यह नहीं है कि नागरिकों को बोलने से रोका जाए, न ही इसका मतलब यह है कि वास्तविक भ्रष्टाचार को उजागर न किया जाए। यदि भ्रष्टाचार, दुर्व्यवहार, लापरवाही या गंभीर कदाचार व्याप्त है तो इसकी रिपोर्ट करना और उचित माध्यमों से इसकी जांच कराना आवश्यक है। पेशेवर रवैया का मतलब चुप्पी नहीं है। अब आलोचना जिम्मेदारी से होनी चाहिए और जवाबदेही भी, कानूनी जवाबदेही। स्कूल कोई कंटेंट स्टूडियो नहीं है। कक्षा सोशल मीडिया रील्स के लिए कोई मंच नहीं है। शिक्षक ऑनलाइन किसी कहानी में किसी और की कहानी नहीं है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि व्यूज़, लाइक्स और फॉलोअर्स की होड़ में शिक्षा को दरकिनार नहीं किया जाना चाहिए। बड़ा सवाल यह नहीं है कि कौन स्कूल का सबसे खराब वीडियो बना सकता है।

स्कूलों को बेहतर बनाने के लिए कैमरे ही एकमात्र साधन नहीं हैं। स्कूलों का विकास सहयोग, जिम्मेदारी, समन्वय, संसाधनों और सुविचारित प्रशासन के फलस्वरूप होता है। इसलिए, किसी सरकारी स्कूल में स्वयं को निरीक्षक घोषित करने से पहले, आपको स्वयं से पूछना चाहिए: क्या मेरे पास यह कार्य ठीक से करने का अधिकार, समझ और जिम्मेदारी है? यदि आपको लगता है कि इसका उत्तर नहीं है, तो शायद कैमरे के बजाय बातचीत के माध्यम से प्रवेश करना बेहतर होगा। सलाह देना आसान होता है लेकिन बदलाव लाना कठिन। शिक्षा का मूल्यांकन आवश्यक है लेकिन इसे संवेदनशील, पेशेवर और सम्मानजनक बनाना भी जरूरी है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

### कोरस



संजय एम तराणेकर

## आत्मकथा के पन्नों पर सवाल

सत्य के कितने रंग हैं, हर रंग का अपना राज,
किसके हिस्से में सच, किसके हिस्से है लाज।
कलम उठी हैं तो पन्नों पर यादों ने दस्तक दी,
बीते कल की तस्वीरों ने नई कहानी लिख दी।

किस्से निजी हो या इतिहास का है कोई पन्ना,
जब सच बाहर आने लगे, चकरा जाए सर ना।
किसी की अपनी जिंदगी, किसी की हर बात,
कौन तय करे आखिर कहाँ रुके कलम घात?

आत्मकथा के पन्नों में जो कुछ हैं लिखा गया,
वह केवल एक व्यक्ति नहीं दौर है दिखा गया।
पुस्तक छपेगी तब होगी, सवालों की बरसात,
किसने क्या कहा-क्या देखा, खुलेगी हर बात।
(संदर्भ-सोनिया गांधी की आत्मकथा छापने से पेंगुइन का इनकार)




# अमेरिका में एकबार फिर हिंदुत्व का जयघोष

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

न्यूयॉर्क में 29 अगस्त को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का संबोधन भारतीय चिंतन की उस व्यापक दृष्टि को सामने लाता है, जिसमें विविधता के बीच मानवता की एकता को आधार माना गया है। 'वन वर्ल्ड, वन ह्यूमैनिटी' अंतरधार्मिक संवाद में भागवत ने धर्म, हिंदुत्व, सामाजिक समरसता, सेवा, राजनीति और वैश्विक शांति जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। उनके संबोधन की खास बात यह रही कि उन्होंने हिंदुत्व को किसी समुदाय के विरोध अथवा बहिष्कार के विचार से अलग करते हुए मानव गरिमा और सभी पंथों के सम्मान से जोड़ने का प्रयास किया।

भागवत ने कहा कि दुनिया में धर्म और संस्कृतियां अनेक हैं। उनकी पूजा पद्धतियां, मान्यताएं और कर्मकांड अलग हो सकते हैं, मगर मनुष्य की मूल पहचान एक है। उन्होंने विविधता को समाप्त करने के बजाय उसे स्वीकार करने, उसका सम्मान करने और उसकी रक्षा करने की बात कही।

धर्म के बाहरी स्वरूप और उसके मूल उद्देश्य के अंतर को समझाने के लिए उन्होंने प्रकाश की ओर संकेत करती उंगली का उदाहरण दिया। उनका आशय था कि कर्मकांड व्यक्ति को दिशा देने का माध्यम हैं। यदि मनुष्य माध्यम को ही लक्ष्य मान लेता है, तो धर्म के वास्तविक उद्देश्य से दूर हो जाता है। धर्म का अंतिम उद्देश्य मनुष्य को बेहतर जीवन, उच्च चेतना और मानवीयता की ओर ले जाना है।

भागवत के संबोधन में हिंदुत्व को लेकर कही गई बात विशेष ध्यान आकर्षित करती है। उन्होंने 2018 में दिल्ली में मुस्लिम समाज के लोगों के साथ हुई चर्चा का उल्लेख किया। वहां उनसे पूछा गया था कि आरएसएस हिंदू संगठन है और हिंदू राष्ट्र की बात करता है, तो भारत के मुसलमानों का क्या होगा? क्या उन्हें बाहर कर दिया जाएगा? भागवत ने बताया कि उनका उत्तर था कि ऐसा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि यदि कोई हिंदू यह सोचता है कि भारत में मुसलमान नहीं होना चाहिए, तो वह हिंदू नहीं है।

यह कथन हिंदुत्व की उस व्याख्या को सामने रखता है जिसे भागवत भारतीय समाज की व्यापक सांस्कृतिक पहचान से जोड़ते हैं। उनके अनुसार भारत की परंपरा में अलग अलग संप्रदायों के लिए स्थान रहा है और जिन्हें कहीं सुरक्षित आश्रय नहीं मिला, भारत ने उन्हें भी स्थान दिया।

भागवत ने सामाजिक और राजनीतिक जीवन में बढ़ते स्वार्थ को बड़ी चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि जहां 'मैं' और 'मेरा' की भावना है, वहां समाधान नहीं है। 'हम' और 'हमारा' ही समाधान का रास्ता है। राजनीति पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि राजनीति स्वार्थ का खेल बनती जा रही है। ऐसे में परिवर्तन की शुरुआत राजनीति से पहले समाज से होनी चाहिए। लोकतंत्र में राजनीति जनमत पर निर्भर होती है। यदि समाज किसी विचार पर मजबूती से खड़ा हो जाए, तो राजनीतिक नेतृत्व भी उस जनभावना की उपेक्षा नहीं कर सकता।

वस्तुतः यह विचार भागवत के संबोधन को एक राजनीतिक भाषण के बजाय सामाजिक परिवर्तन की दिशा में दिए गए आह्वान के रूप में भी स्थापित करता है। सामाजिक समरसता के लिए भागवत ने दो महत्वपूर्ण रास्ते बताए, संवाद और सेवा। उन्होंने कहा कि 2018 के बाद भारत में मुस्लिम और ईसाई समाज के साथ संवाद की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई। संवाद के माध्यम से एक दूसरे को समझने और पूर्वाग्रहों को कम करने का अवसर मिलता है।

इसके बाद सेवा की भूमिका आती है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद व्यक्ति की सेवा करते समय स्वयंसेवक उसकी धार्मिक पहचान नहीं देखते। उनके अनुसार समाज के सहयोग से लगभग एक लाख तीस हजार सेवा प्रकल्प संचालित किए जा रहे हैं।

हरियाणा के दादरी में विमान दुर्घटना का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि मुस्लिम देशों के विमानों से जुड़ी उस दुर्घटना के बाद आरएसएस के स्वयंसेवक राहत और अंतिम संस्कार के कार्यों में जुटे थे। उन्होंने मृतकों की पहचान और उनके परिजनों की सहायता में भी सहयोग किया। भागवत ने इसे सेवा की उस भावना का उदाहरण बताया जिसमें सामने व्यक्ति की धार्मिक पहचान नहीं, उसकी पीड़ा और आवश्यकता होती है।

भागवत ने अपने विचारों को भारतीय आध्यात्मिक परंपरा के उदाहरणों से भी जोड़ा। उन्होंने स्वामी रामकृष्ण परमहंस का उल्लेख किया, जिन्होंने विभिन्न



धार्मिक मार्गों का अनुभव किया था। भागवत के अनुसार रामकृष्ण परमहंस ने अलग-अलग रास्तों के अनुभव के बाद यह विचार रखा कि सत्य तक पहुंचने के मार्ग अनेक हो सकते हैं।

उन्होंने गुरुदेव श्री रानाडे का भी उल्लेख किया, जिन्होंने विभिन्न धार्मिक परंपराओं के आध्यात्मिक अनुभवों का अध्ययन किया था। भागवत के अनुसार अलग अलग मार्गों से प्राप्त आध्यात्मिक अनुभवों में समानता दिखाई देती है। इन उदाहरणों के माध्यम से उन्होंने भारतीय आध्यात्मिक परंपरा की उस विशेषता को सामने रखा जिसमें विभिन्न मतों और पंथों के बीच संवाद और सम्मान का भाव दिखाई देता है।

भागवत ने मधुमेह और मिठाई का उदाहरण देकर मनुष्य की कमजोरी को सहज तरीके से समझाया। उन्होंने कहा कि मधुमेह के कारण उनके लिए चीनी से बचना जरूरी है, फिर भी मिठाई सामने आने पर उसे खाने का बहाना खोज लेते हैं। उन्होंने इसे मनुष्य के व्यवहार से जोड़ते हुए कहा कि लोग सही और गलत को जानते हैं, मगर अपनी छोटी-छोटी पसंद और नापसंद के कारण कई बार सही मार्ग से हट जाते हैं। इसका संदेश स्पष्ट था कि सही विचार को जानना पर्याप्त नहीं है। उसे आचरण में उतारना भी उतना ही जरूरी है।

भागवत ने कहा कि जिस दुनिया को हम देखना चाहते हैं, उसका मॉडल पहले अपने समाज और अपने आसपास बनाना होगा। स्थानीय स्तर पर संवाद, सहयोग और निस्वार्थ सेवा का वातावरण तैयार करना होगा।

जब लोग अपने आसपास परिवर्तन को देखेंगे और स्वयं उसका अनुभव करेंगे, तब वह व्यापक सामाजिक परिवर्तन का आधार बन सकता है। उनके अनुसार मानवता को एक दूसरे से संघर्ष और विनाश की ओर जाने से रोकने के लिए यह प्रयास लंबे समय तक जारी रखना होगा।

यहां भागवत ने भारतीय चिंतन को वैश्विक संदर्भ में रखा, यह निश्चित ही सभी दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने विविधता को विभाजन का कारण मानने के बजाय एकता की शक्ति बताया और हिंदुत्व को सभी के सम्मान, संवाद और सेवा से जोड़कर जिस तरह से प्रस्तुत किया उसका सार यही है, 'मैं' और 'मेरा' से 'हम' और 'हमारा' की यात्रा में ही सकल विश्व का हित है। उनका आग्रह कि धार्मिक पहचान मनुष्य को दूसरे से दूर करने का कारण न बने, वह व्यापक मानवता से जोड़ने का माध्यम बने। वास्तविकता में यही विश्व की आज जरूरत है, क्योंकि इसी सोच से अनेक पांथिक विद्वेषको सहज समाप्त किया जा सकता है।

ऐसे में कहना यही होगा कि न्यूयॉर्क से दिया गया यह संदेश भारतीय सांस्कृतिक दृष्टि की उस धारणा को सामने रखता है जिसमें अनेकता के बीच एकता को समाज की शक्ति माना गया है। भागवत ने इसी विचार को स्थानीय सामाजिक जीवन से लेकर वैश्विक मानवता तक विस्तार देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### इटौरा में सिंचाई विभाग की चौपाल, अफवाहों पर लगा विराम



**राठ (हमीरपुर)।** सपरार प्रखंड, झांसी सिंचाई विभाग की ओर से रविवार को ग्राम इटौरा में चौपाल आयोजित की गई। इसमें विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों और किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। क्षेत्र में जलभराव को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही चर्चाओं और अफवाहों पर भी विभाग ने स्थिति स्पष्ट की। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दिनों हुई अतिवृष्टि से इटौरा और आसपास के गांवों में जलभराव की स्थिति बनी है। इस पर जूनियर इंजीनियर पंकज सिद्धार्थ और विभागीय टीम ने ग्रामीणों को वास्तविक स्थिति की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि 25 अगस्त से डीएमसी लहचूरा बांध से नहर का संचालन पूरी तरह बंद है। विभाग के अनुसार पिछले तीन दिनों में हुई मूसलाधार बारिश के कारण जलभराव हुआ। अधिकारियों ने यह भी बताया कि ग्रामीणों द्वारा स्वयं नहर काटकर पानी नहर में डाला गया, जिससे टेल क्षेत्र के गांवों में जलभराव की समस्या उत्पन्न हुई। सिंचाई विभाग ने सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही भ्रामक सूचनाओं को निराधार बताते हुए ग्रामीणों से किसी भी सूचना की पुष्टि के बाद ही उसे साझा करने की अपील की। चौपाल में कुलेहड़ा, इटौरा, नौहाई और कसबी गांव के ग्रामीण व किसान मौजूद रहे।

### मेला देखने गए किशोर को मारा चाकू,प्राथमिकी दर्ज, गिरफ्तार

**बिवांर(हमीरपुर)।** थाना बिवांर की कुन्हेटा चौकी अंतर्गत आने वाले टीहर गांव में बीते शनिवार शाम किशोर व एक युवक के बीच वाद-विवाद हो गया, जिस दौरान एक युवक ने किशोर को चाकू मार दी। पीड़ित किशोर, टीहर निवासी रौनक पुत्र श्याम सिंह ने बिवांर थाना में प्रार्थनापत्र देते हुए बताया कि शनिवार शाम लगभग छः बजे वह गांव के लोगों के साथ सजल जुलूस/मेला देख रहा था, उसी दौरान गांव का शिवम पुत्र सोहन पाल आकर बेवजह उसके साथ गालीगलौज करने लगा।पीड़ित युवक के अनुसार जब उसने उसे रोका तो आरोपी युवक ने उसपर चाकू से वार कर दिया, जो उसकी दाहिनी आंख के पास लगी। बताया कि वहाँ मौजूद लोगों के बचाने पर वह उसे जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग गया।थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि घायल किशोर का उपचार कराया गया है और आरोपी के खिलाफ धारदार हथियार से हमला करने की धारा 181(1) के साथ-साथ अन्य सुसंगत धाराओं ने प्राथमिकी दर्ज की गई है।बताया आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया गया है ,जिसे न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### पांच दिन से पानी को तरसे वार्ड एक और छह के लोग

**कुरारा (हमीरपुर)।** कस्बे के वार्ड छह में जल संस्थान के नलकूप का मोटर पंप खराब होने से वार्ड एक और छह के लोगों को पांच दिन से पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। रक्षाबंधन पर्व पर भी पानी की आपूर्ति नहीं होने से लोगों की परेशानी और बढ़ गई। मोहल्लेवासियों ने बताया कि नलकूप की मोटर अक्सर खराब होती रहती है। भगवान दास, किशन प्रजापति, मनीराम, रंजीत, दिलीप प्रजापति, रामशरण, गंगादीन कहार और सुरेश टेंट वाले समेत अन्य लोगों ने मोटर पंप जल्द ठीक कराकर पेयजल आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है।

### एनडीपीएस एक्ट के वारंटी को किया गिरफ्तार

**कुरारा (हमीरपुर)।** एनडीपीएस एक्ट के मामले में न्यायालय से वारंट जारी होने के बाद पुलिस ने आरोपी धर्मेंद्र पुत्र शंकर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी कस्बा कुरारा के मटहना मोहल्ले का निवासी है और वर्तमान में सुमेरपुर की कांशीराम कॉलोनी में रह रहा था। उपनिरीक्षक हरिद्वार प्रसाद ने आरक्षी राजेश कुमार के साथ कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया।

### आचार्य विकास प्रशिक्षण वर्ग का हुआ शुभारंभ



**हमीरपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर, विवेक नगर हमीरपुर में रविवार को संकुल स्तरीय आचार्य विकास प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, व्यवस्थापक रामबाबू, कोषाध्यक्ष शिवम गुप्ता, विद्यालय संभाग निरीक्षक शिवकरण सिंह एवं प्रधानाचार्य रमाकांत वर्मा ने दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। प्रशिक्षण वर्ग में राठ, मौदहा, कुरारा, मीरापुर एवं विवेक नगर हमीरपुर के आचार्य एवं आचार्या बहनों ने सहभागिता की। इस दौरान नरेंद्र सिंह ने पंचपदी शिक्षा पद्धति पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए इसके विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। बाहर से आए विषय विशेषज्ञ केके शुक्ला, अवधेश शुक्ला, प्रेम सिंह एवं मधु राम मिश्रा ने अपने-अपने विषयों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। प्रशिक्षण वर्ग में शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया।

### रपटा पर तेज बहाव से नाले में बही किशोरी, तलाश जारी



**सरीला (हमीरपुर)।** जलालपुर थाना क्षेत्र के पुरैनी गांव में रविवार को खेत से घर लौट रही 15 वर्षीय प्रियाशी नाला पार करते समय तेज बहाव में बह गई। पुरैनी और उपरहाँका गांव के बीच बने रपटा पर हादसा हुआ। मौके पर मौजूद राघवेंद्र व दीना ने किशोरी को बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। सूचना पर तहसीलदार रविंद्र पाल सिंह, पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों ने देर शाम तक करीब एक किलोमीटर दूर चेकडैम तक तलाश की, लेकिन किशोरी का पता नहीं चला। गोताखोरों को उसका दुपट्टा और चप्पल ही बरामद मिला है। इंस्पेक्टर रवि कुमार ने बताया कि एसडीआरएफ और अतिरिक्त गोताखोरों को सूचना दी गई है। प्रियाशी छह बहनों में सबसे छोटी है। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।

### बाइकें भिड़ीं, दोनों चालक गंभीर रूप से घायल

**गरौठा (झांसी)।** मऊरानीपुर के बंगरा बस स्टैंड के पास दो मोटरसाईकिलों की जोरदार भिड़ंत हो गई। जिससे दोनो बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटनास्थल पर पहुँच उपजिलाधिकारी गरौठा ने सड़क पर घायल पड़े दोनों बाईक चालकों को उपचार के लिए गरौठा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए जहां रमपुरा निवासी संजय मिश्रा की हालत गंभीर होने पर उसे झांसी मेडिकल रिफर कर दिया गया। जबकि बंगरा निवासी भज्जू यादव को गंभीर चोटें आई है। उसे गुरसराय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रिफर कर दिया गया है। बंगरा से गरौठा की ओर आ रहे संजय मिश्रा व भज्जू यादव की बाईक पीछे से टकरा गई। जिससे दोनों सड़क पर गिर गए। जिससे उनके सिर पर गंभीर चोटें आई है।

### चिंतन शिविर में जिले के किसान नेता करेंगे भागीदारी

**बांदा।** मथुरा में भारतीय किसान यूनियन के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन और चिंतन शिविर में जिले के संगठन पदाधिकारी व किसान नेता भागीदारी करेंगे। भाकियू जिलाध्यक्ष अवधेश सिंह पटेल ने बताया कि संगठन का मथुरा में 2, 3 व 4 सितंबर को राष्ट्रीय अधिवेशन व चिंतन शिविर आयोजित होगा। जिले से भी पदाधिकारी व किसान नेता भागीदारी करेंगे। उन्होंने पदाधिकारी, कार्यकर्ता, किसान व मजदूरों से अधिवेशन में भागीदारी का आह्वान किया है।

### जन्माष्टमी पर निकलेगी शोभा यात्रा

**बांदा।** श्रीकृष्ण जन्मोत्सव केंद्रीय समिति के तत्वाधान में 4 सितंबर (शुक्रवार) को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के दिन विशाल शोभायात्रा की तैयारियां जोरों के साथ पूरी की जा रही है। समिति कोषाध्यक्ष श्रीकृष्ण आइडियल विद्यालय प्रबंधक सौरभ यादव ने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं। विशाल शोभा यात्रा की शुरुआत पल्हरी विद्यालय प्रांगण से प्रातः 9 बजे से होगी। शहर के गायत्री नगर, कालू कुआं, महाराणा प्रताप चौक, जिला अस्पताल, ओवर ब्रिज रेलवे स्टेशन, छत्रसाल, छावनी बाबूलाल चौराहा आदि होते हुए कार्यक्रम का समापन श्रीकृष्ण विद्यालय पल्हरी में होगा।

### मिनी ओलंपिक शूटिंग प्रतियोगिता में 25 खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**बांदा।** मिनी ओलंपिक शूटिंग प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों में खिलाड़ियों ने भागीदारी करते हुए मुकाबले खेले और शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बच्चों के उत्साह और अनुशासित प्रदर्शन ने आयोजन को रोमांचक बना दिया। जिलाधिकारी अमित आसेरी ने रविवार को मिनी ओलंपिक का भव्य शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में शूटिंग स्पोर्ट्स में कुल 50 बच्चों ने प्रतिभाग करते हुए शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता में अपनी-अपनी श्रेणी में आशुतोष प्रजापति, सुमित गुप्ता, आश्रय अग्रवाल, स्मृति श्रीवास्तव तथा अनस अंसारी अव्वल स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में बच्चों के उत्साह और अनुशासित प्रदर्शन ने आयोजन को रोमांचक बना दिया। आयोजकों ने बताया कि आगामी मुकाबलों में शेष प्रतिभागी भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। विजेताओं का चयन अंतिम दौर के बाद किया जाएगा। इस अवसर पर हार्पर क्लब सचिव मनीष श्रीवास्तव, क्रीड़ा सचिव रामेंद्र कुमार शर्मा, मनोज जैन, सादी जमां खां, ओलंपिक संघ मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना उपस्थित रहे। संचालन प्रकाश पांडेय, पवन कुमार निषाद, सनी धुरिया, जैनुल अंसारी, विकास गुप्ता, श्रेया गुप्ता तथा रितेश सिंह पटेल ने संयुक्त रूप से किया।

# लगातार हो रही बारिश ने लिख डाली तबाही की कहानी, तिल की फसल नष्ट

- क्षेत्र में किसानों को 5 करोड़ से अधिक की चपत लगने का अनुमान

**समृद्धि न्यूज़, सुमेरपुर, हमीरपुर।**



पिछले एक पखवारे से हो रही बारिश ने खरीफ में बोई गई तिल की फसल में तबाही मचा दी है। खेतों में जल जमाव होने से ब्लॉक के पश्चिमी क्षेत्र के एक दर्जन से ज्यादा गांवों की हजारों एकड़ फसल नष्ट हो गई है। किसानों को करीब 5 करोड़ की क्षति का अनुमान है। गत पखवारे में बदरा जमकर बरसे हैं। खेत खलिहान नदी नाले तालाब पोखर उफना रहे हैं। लगातार बारिश के चलते इंगोहटा, बिदोखर पुरई, पलरा, बिदोखर मेदनी, बंडा, मवई जार, चंदौली जार, कल्ला, धनपुरा, छानी खुर्द, छानी बुजुर्ग, खडेही जार, कलकापुरवा, नदेहरा, बांकी, बांक, बिलहडी, कलौली जार आदि गांवों में हजारों एकड़ में बोई गयी तिल की फसल खेतों में पानी भर जाने से नष्ट हो गई है। किसानों के मुताबिक 5 करोड़ से अधिक की चपत लगी है। बिदोखर पुरई के किसान उदयभान यादव, सुरेश यादव, कुलदीप गुप्ता, बिदोखर मेदनी के किसान कामता प्रसाद, सीताराम, वालेन्द्र वर्मा, बाबू यादव, इस्लाम खान, पलरा के इंद्रपाल यादव, नवीन यादव, सुघर सिंह, इंगोहटा के रामकिशोर सिंह, धनीराम साहू, सिराज खान, मोहनलाल, बंडा के वीरेंद्र यादव, संजय सिंह, घसीटा यादव, जय हिंद, घस्सू यादव, मवई जार के संतराम यादव, रामपाल, जागेश्वर आदि ने बताया कि लगातार हो रही बारिश से खेतों में जल भराव होने से तिल की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है। किसानों के अनुसार एक एकड़ में करीब रु. 5000 का नुकसान हुआ है। इस तरह से क्षेत्र में किसानों को 5 करोड़ से अधिक की चपत लगने का अनुमान है। किसान नेता संतोष सिंह, दुलीचन्द विश्वकर्मा का कहना है कि प्रशासन को सर्वे कराकर किसानों को अतिवृष्टि से नष्ट हुई तिल की फसल का मुआवजा देकर किसानों के नुकसान की भरपाई करना चाहिए।

## प्रदेश मंत्री बनने पर ब्रजभूषण दाऊ का सम्मान



**राठ (हमीरपुर)।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा नगर के कोट बाजार निवासी ब्रजभूषण सोनी (दाऊ) को प्रदेश मंत्री बनाए जाने पर सर्राफा व्यापारियों और सोनी समाज में खुशी की लहर है। रविवार को विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों और व्यापारियों ने फूल-माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया।

इस दौरान भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ब्रजेश गुप्ता, स्वर्णकार धर्मशाला अध्यक्ष सुरेश सोनी, कुलदीप सोनी, राजेंद्र कुमार सोनी, साईं मंदिर समिति के पूर्व अध्यक्ष श्रीकांत सोनी, जिला महासचिव कामेश गुप्ता, नगर अध्यक्ष गिरीश बुधौलिया समेत अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में संजय सोनी, मुकुंद सोनी, दीपक सोनी, रामप्रसाद सोनी, मनोज धनिया, मुन्नालाल सोनी और योगेंद्र कुमार सोनी सहित अन्य लोगों ने ब्रजभूषण सोनी को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

## 2027 की जातीय जनगणना में उपजाति के बजाय यादव लिखने पर बनी सहमति



**सुमेरपुर।** रविवार को पूर्व अध्यक्ष यादव महासभा हमीरपुर के निवास स्थान पर अखिल भारतीय यादव महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता महासभा के जिलाध्यक्ष सुघर सिंह यादव ने की, जिसमें संगठन के उत्थान और आगामी सामाजिक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि 2027 में प्रस्तावित जातीय जनगणना के दौरान जब भी फॉर्म भरे जाएं, तो उसमें जाति के कॉलम में किसी उपजाति के बजाय केवल यादव ही लिखा जाए। समाज के सभी लोगों से इस निर्णय का पालन करने और जागरूकता फैलाने की अपील की गई। बैठक में मुख्य रूप रामसनेही यादव पूर्व जिलाध्यक्ष रामशंकर यादव जिला महासचिव, बदलू फौजी जिला महासचिव वीर सिंह एडवोकेट, जंग बहादुर, धीरेन्द्र यादव, राजू यादव, नंदकिशोर यादव जिला मीडिया प्रभारी आदि मौजूद रहे।

## विधायक के गांव का स्टेडियम बना भैंसों का तबेला



**सुमेरपुर।** सदर विधायक के गांव में बना सरदार पटेल स्टेडियम बदहाली के आंसू बहा रहा है। ग्रामीणों ने इस स्टेडियम को भैंसों का तबेला बना लिया है और गोबर आदि डालकर गंदगी का साम्राज्य खड़ा कर दिया है। इससे गांव का युवा मायूस है। सदर विधायक डॉक्टर मनोज कुमार प्रजापति के पैतृक गांव पौथिया में सरदार पटेल स्टेडियम बना हुआ है। इससे खेल कूद का सामान गायब है। गांव के युवा दिग्विजय, प्रांजल, मिथिलेश, आशीष, मुकेश कुमार ने बताया कि ग्रामीणों ने स्टेडियम को इन्होंने तबेला बना लिया है। चारों तरफ गोबर डालकर गंदगी का साम्राज्य खड़ा कर दिया है। इससे गांव के युवाओं को इस स्टेडियम का कोई लाभ नहीं मिल रहा है। युवाओं ने सदर विधायक से स्टेडियम को विकसित कराकर युवाओं के भविष्य को संवारने की मांग की है। प्रभारी एडीओ पंचायत मनीष कौशिक ने बताया कि वह इस मामले में कुछ नहीं बता सकते है सचिव से बात करिए यह मेरा काम नहीं है।

## मेजर ध्यानचंद जयंती पर आत्मरक्षा प्रशिक्षण खेलकूद प्रतियोगिताएं और हॉकी टूर्नामेंट आयोजित



**झांसी।** 'हॉकी के जादूगर' मेजर ध्यानचंद की जयंती एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में महिलाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर, खेलकूद प्रतियोगिताएं और हॉकी टूर्नामेंट आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में किया गया। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी कर्मवीर सिंह की मौजूदगी में प्राधिकरण की टीम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और प्रतियोगिताओं का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि मेजर ध्यानचंद का जीवन युवाओं के लिए अनुशासन, कठिन परिश्रम, समर्पण और राष्ट्रप्रेम की प्रेरणादायी मिसाल है। खेलों से शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और आपसी सद्भाव की भावना भी विकसित होती है। महिलाओं के लिए आयोजित आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर में उन्हें विपरीत परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा के लिए आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया और आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम में चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल प्रतीक समाधिया, वरिष्ठ लिपिक आदिल जाफरी, आशुलिपिक मोहम्मद कामरान, परा-विधिक स्वयंसेवक कल्पनाथ सिंह, मानसिंह एवं अजमेर सहित खेल विभाग के अधिकारी, प्रशिक्षक, निर्णायक मंडल, खिलाड़ी और खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जितेंद्र पटेल समर्थकों संग सपा में हुए शामिल



- समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में दौड़ी खुशी की लहर

**समृद्धि न्यूज़, गुरसराय (झांसी)।**

आगामी चुनावों से पहले बुंदेलखंड में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। पूर्व राज्यमंत्री रतनलाल अहिरवार और जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जितेंद्र पटेल ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ औपचारिक रूप से समाजवादी पार्टी (सपा) की सदस्यता ग्रहण कर ली है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी में सभी नेताओं को सपा की लाल टोपी और पटका पहनाकर पार्टी में शामिल कराया गया।पूर्व मंत्री रतनलाल अहिरवार क्षेत्र के बड़े और जनाधार वाले नेताओं में गिने जाते हैं। उनके साथ ही क्षेत्र के सक्रिय जननेता और भस्नेह सीट से वर्तमान जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अंजना जितेंद्र पटेल प्रवक्ता पिपरा के सपा से जुड़ने से संगठन को स्थानीय स्तर पर भारी मजबूती मिलने की संभावना जताई जा रही है सपा की नीतियों में जताया विश्वास पार्टी में शामिल होने के बाद पूर्व मंत्री रतनलाल अहिरवार और जितेंद्र पटेल ने कहा कि वे समाजवादी पार्टी की विकासपरक नीतियों, पीडीए(पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की सोच और राष्ट्रीय नेतृत्व की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी से जुड़े हैं। उन्होंने संकल्प जताया कि वे और उनके सभी समर्थक गांव-गांव जाकर सपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे और संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे।कार्यकर्ताओं में बढ़ा उत्साह सैकड़ों समर्थकों के एक साथ समाजवादी पार्टी में शामिल होने से स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। सपा पदाधिकारियों ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि जनाधार वाले इन नेताओं के आगमन से क्षेत्र में पार्टी का आधार और अधिक मजबूत होगा।उनके सपा में शामिल होने पर सपा के वरिष्ठ नेताओं में पूर्व चेयरमैन रमाशंकर मोदी,डॉ रवींद्र प्रकाश अरजरिया, जनक सिंह गौर, लखनलाल गुप्ता, हरिमोहन शर्मा,डॉ सुरेश घोष, देवेंद्र यादव दिव्वन, कश्मीर सिंह, देवेन्द्र सिंह आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

# बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि, जर्जर विद्यालय भवनों का तत्काल ध्वस्तीकरण कराएं: सीडीओ

- 100 दिन का लक्ष्य निर्धारित, निर्माणाधीन कम्पोजिट विद्यालय गुणवत्ता के साथ होंगे पूर्ण
- बीडीओ को जिम्मेदारी, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, झांसी।**



मुख्य विकास अधिकारी रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में परिषदीय विद्यालयों के जर्जर भवनों एवं ढांचों के ध्वस्तीकरण, सत्यापन, मूल्यांकन और निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। सीडीओ ने सभी विकासखंडों में जर्जर एवं अनुपयोगी भवनों की स्थिति की समीक्षा करते हुए 100 दिन का लक्ष्य निर्धारित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है। विद्यालय परिसर में जर्जर भवनों के कारण किसी भी अप्रिय घटना की आशंका बनी रहती है। पूर्व में जर्जर घोषित भवनों का तत्काल ध्वस्तीकरण कर निर्माण कार्य शुरू कराया जाए। उन्होंने वर्ष 2024-25 में ध्वस्तीकरण योग्य पाए गए बामौर के एक, मोंठ के पांच, चिरगांव के तीन और मऊरानीपुर के 17 जर्जर भवनों का ध्वस्तीकरण तीन दिन में पूरा कराने के निर्देश दिए। वहीं वर्ष 2025-26 में चिन्हित 107 जर्जर भवनों की सत्यापन एवं मूल्यांकन आख्या भी तीन दिन में उपलब्ध कराने को कहा।सत्यापन में मरम्मत योग्य पाए गए विद्यालयों में तत्काल मरम्मत कार्य कराने के निर्देश बीडीओ को दिए गए। सीडीओ ने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जांच में अधोमानक निर्माण पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई के साथ वसूली भी की जाएगी।समग्र शिक्षा के तहत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत 39 पुनर्निर्माण प्राथमिक विद्यालय भवन, 20 पुनर्निर्माण उच्च प्राथमिक विद्यालय भवन और नौ अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण 100 दिन में निर्धारित मानकों के अनुसार पूरा कराने के निर्देश दिए गए। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए बीडीओ को नोडल अधिकारी बनाया गया है।सीडीओ ने अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को निर्माण कार्यों की प्रत्येक स्तर पर जांच कर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में बामौर विकासखंड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय जखौरा में पुनर्निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध न होने का मामला भी सामने आया। सीडीओ ने एसडीएम गरौठा से वार्ता कर विद्यालय के लिए भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में खंड विकास अधिकारी, अवर अभियंता सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## ऐतिहासिक कजली मेले के सांस्कृतिक मंच का प्रभारी मंत्री ने काटा फीता

- सदर विधायक व प्रभारी मंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत

**समृद्धि न्यूज़, महोबा।**



महोबा के ऐतिहासिक कजली मेले का आगाज हो गया है मेले का उद्घाटन जिले की प्रभारी मंत्री ने फीता काटकर किया है जहां से कजली मेले के संस्कृत कार्यक्रमों की शुरुआत भी हो गई है। महोबा संरक्षण एवं विकास समिति, महोबा के तत्वाधान में आयोजित कजली मेला महोत्सव-2026 के अंतर्गत कीरत सागर सांस्कृतिक मंच में आयोजित कार्यक्रम का कल शाम माननीय राज्य मंत्री श्रम एवं सेवयोजन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार श्री मनोहर लाल (मंनू कोरी ), विधायक सदर श्री राकेश गोस्वामी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री जे. पी. अनुरागी, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री मोहन लाल कुशवाहा एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री बलराम कुमार ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस अवसर पर माननीय मंत्री श्री मनोहर लाल कोरी नें उपस्थित सभी लोगों को कजली मेले कि शुभकामनायें देते हुए कहा कि हमारा महोबा अपनी वीरता और शौर्य के लिए जाना जाता है। कजली मेला उत्तर भारत का अति प्राचीन एवं महत्वपूर्ण ऐतिहासिक मेला है।जनपद महोबा के आल्हा एवं ऊदल ने महोबा का नाम अपने महत्वपूर्ण कार्यों में वीरता से नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि महोबा परमवीर आल्हा ऊदल की ऐतिहासिक नगरी है एवं हर वर्ष यहां पर कीरत सागर पर कजरी महोत्सव का आयोजन किया जाता है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत सर्वप्रथम श्री अमर सिंह संगीत शिक्षक द्वारा मां चन्द्रिका वंदना, सुमेन्द्र कुमार द्वारा आल्हा गायन, अबोध सोनी संगीताचार्य द्वारा स्वागत गीत, हरनारायण द्वारा कछीयाई, संगीता तिवारी द्वारा लोक गायन, पंडित जगप्रसाद तिवारी द्वारा लोकगायन सावन गीत की शानदार प्रस्तुति की गई।

## बाइक सवार तीन दोस्तों की बाइक डिवाइडर से टकराई एक की मौत, दो गंभीर

**महोबा।** महोबा का ऐतिहासिक कजली मेला देखकर घर लौट रहे एक बाइक पर सवार तीन लोगों सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए जिसमें एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें पुलिस और एंबुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है जबकि मृतक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पंचायत नामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हमीरपुर जनपद के मुस्करा थाना अंतर्गत पहाड़ी भिटारी ग्राम निवासी मोहित सिंह 28 वर्ष पुत्र सुल्तान सिंह सुमित पुत्र राजू उम्र 20 वर्ष लोकेश पुत्र मंगल उम्र 19 वर्ष एक बाइक पर सवार हो महोबा का ऐतिहासिक काली मेला देखने के लिए आए हुए थे वह रात्रि मेंअपने घर वापस जाते समय चरखारी कोतवाली के सूपा गांव के समीप तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई जिससे तीनों लोग गंभीर रूप घायल हो गए जिसमें मोहित सिंह 28 वर्ष पुत्र सुल्तान सिंह निवासी पहाड़ी भिटारी की मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने तीनों को एंबुलेंस में रखकर जिला अस्पताल लाई जहां पर मोहित को ड्राक्टर ने मृत घोषित कर दिया दो की हालत गंभीर होने पर उनका इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है घटित हुई घटना की जानकारी जैसे ही परिजनों को हुई तो परिजन मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## खेलकूद प्रतियोगिताओं में शिक्षकों के साथ विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

- कृषि विवि में आयोजित हुआ खेलेगा भारत जीतेगा भारत कार्यक्रम

**समृद्धि न्यूज़, बांदा।**



राष्ट्रीय खेल दिवस पर कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय खेलेगा भारत-जीतेगा भारत कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों व कर्मचारियों ने भागीदारी करते हुए विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शारीरिक गतिविधियों और खेल को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने को प्रेरित किया। प्रतियोगिताओं के विजेता शिक्षकों व छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस पर तीन दिवसीय खेलेगा भारत-जीतेगा भारत व एक घंटा खेल मैदान कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान खेल इकाई के तत्वाधान में मनोरंजक व पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय छात्र-छात्राओं और शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कर्मचारियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। शिक्षक वर्ग के पुशअप चौलेंज प्रतियोगिता में डा.विशाल चुग अव्वल रहे। डा.सूर्य प्रताप दूसरे और डा.अमित कन्नौजिया ने तीसरा स्थान हासिल किया। छात्र वर्ग में विशाल पहले, गर्वित दूसरे और दिवाकर यादव तृतीय रहे। छात्रा वर्ग में श्वेता यादव प्रथम, निक्कू कुमारी द्वितीय तथा प्रीति यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्क्वेट चौलेंज में प्रथम स्थान निक्कू कुमारी, द्वितीय स्थान शिवानी वर्मा व तृतीय स्थान अंकिता को मिला।

## किसान के घर में लगी आग



**पनवाड़ी (महोबा)।** थाना महोबकंठ क्षेत्र के लौहरगांव में रात्रि में अज्ञात कारणों से किसान के मकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। हादसे में एक भैंस और एक गाय की जलकर मौत हो गई। आग बुझाने के प्रयास में पशुपालक ओमप्रकाश नायक पुत्र रमाशंकर भी घायल हो गए। आग की चपेट में आने से मकान में रखे सिंचाई पाइप, अनाज, भूसा समेत अन्य घरेलू व कृषि संबंधी सामान जलकर खाक हो गया। पीड़ित के अनुसार अग्निकांड में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। घटना के बाद किसान के सामने पशुओं के नुकसान के साथ ही परिवार के भरण-पोषण और खेती-किसानी को लेकर भी संकट खड़ा हो गया है। पीड़ित ओमप्रकाश ने घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल अमित गुप्ता को देकर नुकसान से अवगत कराया। वहीं, पीड़ित की सूचना पर पशु चिकित्सा अधिकारी भानु प्रताप राजपूत मौके पर पहुंचे और मृत गाय व भैंस का पोस्टमार्टम किया गया। समाचार लिखे जाने तक कोई भी प्रशासनिक अधिकारियों के मौके पर स्थलीय निरीक्षण करने नहीं पहुंचा। मामले का संज्ञान लेते हुए भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्रा ने प्रशासन से पीड़ित किसान के मकान और अग्निकांड में हुई क्षति का शीघ्र स्थलीय निरीक्षण कराने तथा शासन स्तर से नियमानुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

### INFORMATION

I. **Maneesha,** spouse of **15262789K** Rank **LNK (Chef Com)** Name **Parveen** resident of Village- Arsani, Post- Maudha, Teh- Farrukhabad, District- Farrukhabad, PIN- 209651 State- Uttar Pradesh have changed my name from **Maneesha** to **Maneesha Rathore** vide Affidavit No 47AA 602727 dated 22/05/2026 for all purpose in future.

# गोली मारने वाले आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

- अपराध निरीक्षक चंद्रभान वर्मा के बाएं हाथ में छूती निकली गोली

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।**

जिले के मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के मुड़हा गांव में दरवाजे पर पहुंचकर गोली मारने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया।घायल आरोपियों को इलाज के बाद जिला न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। बता दे कि शुक्रवार देर रात करीब पौने 12 बजे मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के मुड़हा गांव निवासी विपिन सिंह(40) पुत्र इंद्रसेन सिंह को शिवम सिंह ने अपने साथियों के साथ गोली मारकर लहूलुहान कर दिया था।जिनका इलाज ट्रामा सेंटर लखनऊ में चल रहा है।पुलिस ने घायल विपिन सिंह के चाचा दान बहादुर सिंह की तहरीर पर शिवम सिंह व उनके साथियों के खिलाफ जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कराया था।


पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार जानलेवा हमले के आरोपी

घटना के बाद एसपी ने खुलासे के लिए कई टीमों का गठन किया था।शनिवार देर रात मोतिगरपुर पुलिस ने रामपुर बिरतिया नहर की पटरी पर जानलेवा हमले के आरोपी शिवम सिंह पुत्र अवधेश सिंह निवासी मुड़हा व रतन निषाद पुत्र श्रीराम निषाद निवासी मुड़हा, सत्यम गौतम पुत्र पंकज गौतम निवासी मुड़हा थाना मोतिगरपुर को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार करने में सफलता पाई।

जबकि उनका एक साथी फरार हो गया। मुठभेड़ में गोली लगने से शिवम सिंह व रतन निषाद गोली लगने से घायल हो गए थे।जिनका पुलिस ने अस्पताल में इलाज कराया। साथ ही अपराध निरीक्षक चंद्रभान वर्मा के बाये हाथ को छूती हुई गोली निकल गई जिससे वह भी घायल हो गए।

# बारिश से कीचड़ और गंदगी का अंबार गोमती मित्रों ने किया श्रमदान

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।**

लगातार हो रही बारिश से श्री सीताकुंड धाम और आसपास के क्षेत्रों में कीचड़ व गंदगी फैल गई है। रविवार को गोमती मित्र मंडल के सदस्यों ने विशेष श्रमदान कर परिसर और मार्गों की सफाई की। रविवार सुबह छह बजे शुरू हुआ श्रमदान करीब चार घंटे तक चला।

गोमती मित्रों ने बारिश के कारण मार्गों पर जमा कीचड़ को हटाया, जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी न हो और फिसलन के कारण दुर्घटना की आशंका कम हो। इसके अलावा कुंड, श्राद्ध स्थल, सीता उपवन और शनि देव नवग्रह मंदिर परिसर की सफाई व धुलाई की गई। सफाई अभियान के बाद आरती की तैयारियां की गईं। इस दौरान नेपाल में हुई प्राकृतिक त्रासदी में जान गंवाने वाले लोगों की आत्मा की शांति के लिए मां गोमती से प्रार्थना की गई। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई।श्रमदान में प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह 'मदन', प्रबंधक राजेंद्र शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता रमेश माहेश्वरी, मुन्ना सोनी, राजेश पाठक, राम किंवचल मौर्य, डॉ. कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, आलोक कुमार तिवारी, सच्चिदानंद सिंह 'सोनू', श्याम मौर्य, आयुष सोनी, अरुण अग्रहरि, आभास शर्मा और आशू उपाध्याय सहित अन्य गोमती मित्र मौजूद रहे।



## पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर क्षत-विक्षत मिला महिला का शव, बचाने में गार्ड रेल से टकराई कार

**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।** पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर रविवार भोर मझवारा गांव के पास सड़क पर करीब 40 वर्षीय अज्ञात महिला का क्षत-विक्षत शव मिला। शव को बचाने के प्रयास में एक कार अनियंत्रित होकर एक्सप्रेसवे की गार्ड रेल से टकरा गई। हादसे में कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, हालांकि कार सवार दंपती और उनका दो वर्षीय बच्चा बाल-बाल बच गए। रविवार भोर करीब तीन बजे यूपीडा सुरक्षा दल के कर्मी विनय कुमार पांडे को मझवारा के पास एक्सप्रेसवे पर शव पड़े होने और एक कार के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिली। सुरक्षा टीम ने मौके पर पहुंचकर धनपतगंज पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को शिनाख्त के लिए मर्चरी में रखवा दिया।

## प्रभारी मंत्री का दौरा आज

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।** जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश सरकार के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर सुलतानपुर आएंगे। इस दौरान वह भाजपा संगठन की बैठकों में शामिल होने के साथ ही जिले में चल रहे विकास कार्यों एवं कानून-व्यवस्था की समीक्षा करेंगे।

भाजपा जिला मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी ने बताया कि प्रभारी मंत्री प्रातः 10 बजे संघ कार्यालय पहुंचेंगे।

इसके बाद 11 बजे पयागीपुर स्थित भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी की अध्यक्षता में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसके पश्चात प्रभारी मंत्री दोपहर 1 बजे पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में भाजपा कोर कमेटी की बैठक में शामिल होंगे।

# सवर्ण आर्मी आज प्रतापगढ़ में निकालेगी विशाल मार्च

**समृद्धि न्यूज, कुंडा-प्रतापगढ़।**

जातिगत आरक्षण को समाप्त कर आर्थिक आधार पर व्यवस्था लागू करने और समान अधिकारों की रक्षा के लिए 'सवर्ण आर्मी-प्रतापगढ़' ने बड़े जनआंदोलन का ऐलान कर दिया है। संगठन आगामी 31 अगस्त को जिले में एक विशाल मार्च निकालकर जिलाधिकारी के माध्यम से शासन को ज्ञापन सौंपेगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए सवर्ण आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष पवन मिश्र ने बताया कि संगठन अपनी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर अब सड़क पर उतरने की तैयारी में है।

प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार, 31 अगस्त को सुबह 9:00 बजे लालगंज तहसील के वर्मा नगर से जुलूस का शुभारंभ होगा। इसके बाद यह मार्च लालगंज (9:30 बजे), सांगीपुर (10:15 बजे) और रानीगंज (11:00 बजे) जैसे प्रमुख बाजारों व कस्बों से गुजरते हुए दोपहर 12:30 बजे प्रतापगढ़ कलेक्ट्रेट पहुंचेगा, जहां जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

संगठन की प्रमुख 5 मांगों में– जातिगत आरक्षण समाप्त कर आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू करने, यूजीसी कानून वापस लेने, समान शिक्षा व अधिकार देने, एससी-एसटी एक्ट में बदलाव करने और सवर्ण आयोग के गठन की मांग शामिल है। इसके अलावा 21 अगस्त 2026 को जंतर-मंतर पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज के विरोध को भी इस आंदोलन का प्रमुख मुद्दा बनाया गया है।

# पुलिस अभिरक्षा से फरार होने के मामले में दो सिपाही निलंबित

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।**

धनपतगंज पुलिस द्वारा चोरी व बरामदगी के आरोपी को जिला न्यायालय से रिमांड लेने के बाद जिला कारागार ले जाते समय एक युवक पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।सूचना पर पहुंची कई थानों की पुलिस ने सर्च अभियान चलाया लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।मामले में एसपी ने जांच में दोषी पाए गए दो आरक्षियो को निलंबित कर दिया। बता दे कि शनिवार को धनपतगंज पुलिस ने मोटर साइकिल चोरी के आरोप में वसीक पुत्र इत्तेखार अहमद निवासी देहली मुबारकपुर धम्मौर व सत्यम चौबे पुत्र संतोष चौबे निवासी प्रतापपुर चमुरखा थाना अहिरौली अंबेडकरनगर को गिरफ्तार किया था।गिरफ्तार दोनो आरोपियों से पुलिस ने चोरी की मोटर साइकिल बरामद की थी।दोनो आरोपियों को धनपतगंज पुलिस ने जिला न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेजने का आदेश हुआ।जिला कारागार ले जाते समय धनपतगंज पुलिस की अभिरक्षा से वसीक फरार हो गया। आरोपी के फरार हो जाने की सूचना पुलिस कर्मियों ने उच्च अधिकारियों को दी।सूचना मिलते ही धनपतगज पुलिस के साथ नगर कोतवाली पुलिस व स्वाट टीम ने कॉम्बिंग शुरू की लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर वसीक भागने में कामयाब रहा।देर रात नगर कोतवाली में धनपतगंज पुलिस द्वारा पुलिस अभिरक्षा से फरार होने का एक और मुकदमा दर्ज कराया है। एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि पुलिस अभिरक्षा में आरोपी के फरार होने के मामले में नगर कोतवाली में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।जांच में धनपतगंज थाने में तैनात दो सिपाही दोषी पाए गए है।



# मिर्गी रोग को लेकर चिकित्सकों ने किया जागरूक

**समृद्धि न्यूज, डलमऊ - रायबरेली।** मिर्गी रोग के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने और इस बीमारी को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने के उद्देश्य से डलमऊ कस्बे के शंकर नगर मोहल्ला स्थित अंकल जी हेल्थ केयर सर्विसेज में आयोजित 16 दिवसीय मिर्गी जागरूकता शिविर के समापन अवसर पर चिकित्सकों ने लोगों को मिर्गी रोग के लक्षण, उपचार, देखभाल और इससे जुड़ी सावधानियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बाल न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. रिचा तिवारी ने मिर्गी रोग को लेकर समाज में व्याप्त विभिन्न भ्रांतियों के प्रति लोगों को जागरूक किया।

उन्होंने बताया कि मिर्गी एक चिकित्सकीय बीमारी है। और उचित जांच, नियमित उपचार तथा चिकित्सकीय देख रेख से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने रोगियों और उनके परिजनों से बिना झिझक चिकित्सकीय सलाह लेने की अपील की। वहीं सीनियर न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. प्रदीप गुप्ता ने मिर्गी रोग के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि सही उपचार और नियमित देखभाल से मिर्गी को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से बीमारी को लेकर अंधविश्वास और गलत धारणाओं से बचने तथा विशेषज्ञ चिकित्सक की सलाह के अनुसार उपचार कराने पर जोर दिया।

कार्यक्रम से पूर्व मुख्य अतिथि डॉ. रिचा तिवारी को प्रतीक चिह्न एवं बुके भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर शीतला प्रसाद गुप्ता, एमपी यादव, रमाकांत दीक्षित, रामगोपाल वैश्य, गणेश साहू, शैलेंद्र अग्रवाल, राहुल गुप्ता, रोहित गुप्ता, ओम नारायण गुप्ता, संदीप मिश्रा, नीरज वैश्य सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### गंगा यमुना की रफ्तार हुई तेज

**प्रयागराज।** गंगा और यमुना का जलस्तर तेज़ी से बढ़ रहा है। पहाड़ों पर हो रही तेज वर्षा से दोनों नदियां खतरे के निशान की ओर बढ़ रही हैं। संगम के पास बाँध स्थित बड़े हनुमान जी का रविवार भोर में महास्नान हो गया। मंदिर में गंगा के जल के प्रवेश करते ही पूजा-पाठ के साथ मंगला आरती हुई। नगर के निचले इलाकों में पानी भरना शुरू हो गया है। रविवार सुबह गंगा का जलस्तर 81.56 मीटर तो यमुना का 81.53 मीटर पर पहुंच गया। दोनों नदियों का ख़तरे का निशान 83.74 मीटर है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और बुंदेलखंड में हो रही बारिश का पानी यमुना में आ रहा है। माताटीला और हथिनीकुंड बांधों का पानी यमुना में छोड़ा जा रहा है। उत्तराखंड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में वर्षा का पानी गंगा में आ रहा है। कानपुर बैराज, हरिद्वार बैराज के साथ ही नरौरा बांध से गंगा में पानी छोड़ा जा रहा है। टोंस और बेलन नदियों का भी जलस्तर बढ़ रहा है। गंगा यमुना का जलस्तर जिस तरह तेजी से बढ़ रहा है, उससे निचले इलाकों में रहने वाले लोगों की धड़कने बढ़ गई है।

### बम के साथ धराया आरोपी, गया जेल

**प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली पुलिस ने चार देशी बम के साथ एक आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। लालगंज कोतवाली के दरोगा दीपक कुमार शनिवार की रात गश्त पर निकलते थे। रानीगंज कैथौला चैकी के जगन्नाथपुर पुलिया के समीप पुलिस को एक संदिग्ध दिखा। पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ा और तलाशी ली तब उसके पास चार देशी बम बरामद हुआ। पकड़ा गया आरोपी उदयपुर थाना के बेनी दीन का पुरवा उछापुर निवासी हरिलाल उर्फ छम्मा पुत्र श्रीराम को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। आरोपी के खिलाफ जिले के लालगंज तथा उदयपुर व अयोध्या जनपद में भी गम्भीर आपराधिक केस दर्ज है। पुलिस ने रविवार को आरोपी को जेल भेज दिया।

### दो वांछित धराए, गये जेल

**प्रतापगढ़।** सांगीपुर पुलिस द्वारा कोर्ट के दो वांछितों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। थाने के दरोगा हरिन्द्र कुमार फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। पुलिस ने आरोपी पूरे नेमधर निवासी धनंजय पुत्र कांती प्रसाद तथा धीरज कुमार मिश्रा पुत्र सरोधन को घर के समीप हिरासत में ले लिया। वांछितों को पुलिस ने रविवार को जेल भेज दिया।

### रानीगंज में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रानीगंज।** रानीगंज थाना क्षेत्र के कायस्थ पट्टी दरियापुर पावर हाउस इलाके में शनिवार रात एक 40 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतका की पहचान मंजू देवी (40) के रूप में हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार रात करीब 9 बजे मंजू देवी का छोटा बेटा अविनाश काम से घर लौटा था। घर में राशन (चावल और आटा) न होने के कारण मंजू देवी ने अविनाश को सामने की दुकान से चावल लाने भेजा था। कुछ ही देर बाद जब अविनाश चावल लेकर वापस लौटा, तो उसने घर के अंदर मां का शव फंदे से लटका देखा। घटना से घबराए बेटे ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही रानीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव का पंचनामा करवाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रानीगंज एसओ प्रदीप कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की गहनता से जांच की जा रही है। आत्महत्या के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है।

# यूजीसी व आरक्षण को लेकर किया प्रदर्शन

## यूजीसी एक्ट को वापस लेने एवं आरक्षण रेगुलेशन एक्ट में सुधार की मांग

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।**

प्रयागराज में यूजीसी एक्ट को वापस लेने एवं आरक्षण रेगुलेशन एक्ट में सुधार की मांग को लेकर रविवार को विरोध प्रदर्शन किया गया। धरना स्थल पर धरना प्रदर्शन एवं जन मानस के साथ शांति पूर्ण यात्रा निकाली गई। यात्रा एवं धरना के दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन मौजूद रहा। किसी प्रकार की कोई अनहोनी घटनाएं न हो प्रसासन की पूर्ण नजर रही।

सरकार के प्रति प्रोटेस्ट सुबह नौ बजे से प्रारम्भ होकर एक बजे तक अनवरत चलता रहा। उक्त प्रोटेस्ट में सभी सामाजिक संस्थाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। धरना के दौरान सरकार के प्रति नारे लगते रहे और यूजीसी एक्ट को वापस लेने की मांग की गयी।



प्रदर्शन में अलंकार अग्निहोत्री राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा, ब्रजेन्द्र त्रिपाठी जिलाध्यक्ष विश्व हिंदू महासंघ, शैलेंद्र मिश्रा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश ब्राम्हण परिषद, कमलेश तिवारी संस्थापक परसुराम सेना ट्रस्ट, आशीष तिवारी, विमल तिवारी परसुराम सेना ब्रम्हवाहिनी, शिवहरि चौबे उर्फ मुंन्ना चौबे ज्योति, भूषण तिवारी संरक्षक ब्राम्हण परिसद के साथ भारी मात्रा में लोग उपस्थित रहे।

## किचन का बजट बिगड़ा, छापेमारी न होने से जमाखोरों की चांदी, जनमानस में भारी आक्रोश

**समृद्धि न्यूज, रानीगंज-प्रतापगढ़।** चीनी और प्याज के बढ़ते दामों से जेब खाली हो रही है, वहीं किचन के जरूरी सामानों पर अप्रत्यक्ष बैन, बेतहाशा महंगाई और खाद्य पदार्थों में मिलावट ने आम आदमी की कमर तोड़कर रख दी है। रानीगंज क्षेत्र में खाद्य पदार्थों की मनमानी कीमतों और कालाबाजारी के कारण रसोई का स्वाद पूरी तरह फीका पड़ चुका है। सरकार द्वारा तय की गई दरों को दरकिनार कर स्थानीय दुकानदार अपने मनमाने ढंग से सामान बेच रहे हैं, जिससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों का बजट पूरी तरह गड़बड़ा गया है। क्षेत्र के प्रमुख बाजारों–रानीगंज, लच्छीपुर, भगवतगंज, हरिहरगंज, जामताली, बीरापुर, रामापुर, गीतानगर और दुर्गागंज में स्थिति काफी चिंताजनक है। सरकार द्वारा चीनी के दामों में 10 रुपये प्रति किलो की कटौती किए जाने के बावजूद जमीनी स्तर पर उपभोक्ताओं को इसका कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। इन बाजारों में चीनी 62 रुपये प्रति किलो और प्याज 60 रुपये प्रति किलो के हिसाब से खुलेआम बेचा जा रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रशासन इस जमाखोरी और मुनाफाखोरी पर अंकुश लगाने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है। क्षेत्र के बाजारों में प्रशासनिक टीमों या खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा कोई छापेमारी नहीं की जा रही है। इस प्रशासनिक ढिलाई का पूरा फायदा उठाकर बिचौलिए और व्यापारी सामानों को डंप कर रहे हैं और कृत्रिम किल्लत पैदा करके मोटा मुनाफा बटोर रहे हैं। फल, सब्जी और अन्य खाद्य वस्तुओं के आसमान छूते दामों के कारण आम आदमी के किचन की थैली लगातार हल्की होती जा रही है।

## बाइक की टक्कर से पैदल यात्री समेत दो घायल, एक लखनऊ रेफर

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।** कोतवाली देहात क्षेत्र में लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर रविवार सुबह प्रताप ढाबा के पास तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से पैदल जा रहे व्यक्ति समेत दो लोग घायल हो गए। हादसे में पैदल यात्री की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया, जबकि बाइक सवार का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। रविवार को शिवगढ़ थाना क्षेत्र के गुपसाड़ निवासी अजय कुमार सिंह (50) रविवार सुबह हाईवे किनारे मॉर्निंग वॉक कर रहे थे। इसी दौरान सड़क पार करते समय तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में अजय कुमार सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया।

# नाबालिग को शादी का झांसा देकर भगाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।**

जनपद के थाना मानिकपुर पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़िता को सकुशल बरामद कर लिया है। साथ ही मामले में नामजद अभियुक्त को कुण्डा रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत, मानिकपुर थाना प्रभारी के नेतृत्व में उप-निरीक्षक राम नारायण सिंह, कांस्टेबल संदीप पटेल, प्रिंस राय और महिला कांस्टेबल रागिनी की टीम क्षेत्र में गश्त और विवेचना के दौरान सक्रिय थी। मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस टीम ने बीएनएस की धारा 87/137(2) से संबंधित नाबालिग पीड़िता को कुण्डा रेलवे स्टेशन से सकुशल ढूंढ निकाला। मौके से पुलिस ने नामजद आरोपी मुकेश कुमार (19 वर्ष) पुत्र सहदेव सरोज, निवासी कुशाहिल बाजार थाना मानिकपुर को हिरासत में लिया। पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि वह 29/30 अगस्त की रात नाबालिग को शादी का झांसा देकर अपने साथ ले जा रहा था और दोनों स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार कर रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय भेज दिया है।

## पुरानी रंजिश में युवक पर जानलेवा हमला करने वाला शातिर आरोपी तमंचे के साथ गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।** दिलीपपुर थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर फायरिंग और मारपीट करने के मामले में पुलिस ने रविवार को एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार, बीती 21 अगस्त को मो. सादाब का स्विफ्ट कार से पीछा कर नवाब अली उर्फ फोल्लन, अरबाज, साहिल और दो अज्ञात लोगों ने उन्हें घेर लिया था। हमलावरों ने फायरिंग करते हुए लाठी-डंडों से सादाब की पिटाई कर दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पीड़ित के चाचा नवाब अली की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी थी।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के 'मन की बात'

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के आज के संस्करण का सामूहिक श्रवण कार्यक्रम अटल भवन, त्रिपुला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों और देशहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को ध्यानपूर्वक सुना। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धि लाल पासी के साथ पूर्व जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष विजय सिंह टप्पू, अभिषेक वर्मा, निखिल पांडेय, जिला महामंत्री अनुज मौर्य, संतोष सिंह, काजू श्रीवास्तव, मंजेश सिंह, विद्यु सिंह, शिवेंद्र सिंह, राजीव अग्रवाल, यश पांडेय सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान मन की बात के संयोजक शिवेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री का 'मन की बात' कार्यक्रम देशवासियों को राष्ट्र निर्माण, सामाजिक सरोकारों और जनभागीदारी के लिए प्रेरित करता है। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का संकल्प लिया। शिवेंद्र सिंह ने बताया कि जनपद के प्रत्येक बूथ पर माह के अंतिम रविवार को मन की बात सुनी जाती है। प्रधानमंत्री ने मन की बा तमे कहा की युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए चल रहे 'नशा-मुक्त युवा, विकसित भारत' अभियान को जन-अभियान बनाने की अपील की। पी.एम स्वाधिनि योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि लगभग 35 लाख महिलाएं इस योजना के माध्यम से अपने कारोबार को आगे बढ़ा रही हैं।



## सड़क पर स्टंटबाजी कर रील बनाना पड़ा भारी, जन्मदिन का जश्न मना रहे दो युवक गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।** सोशल मीडिया पर लाइक और कमेंट्स के चक्कर में मुख्य सड़क को स्टंट का अखाड़ा बनाना दो युवकों को भारी पड़ गया। हथिगवां थाना क्षेत्र के पुरनेमऊ-बेंती मार्ग पर जन्मदिन के जश्न के नाम पर सड़क सुरक्षा और कानून की धज्जियां उड़ाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, युवकों ने जन्मदिन की खुशी में कार और कई दोपहिया वाहनों से सड़क को घेरकर पूरी तरह ब्लॉक कर दिया था। इसके बाद कार की छत पर खड़े होकर खतरनाक स्टंटबाजी की गई और रील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी गई।

# वार्ड न. 15 में जलभराव से सड़क बनी तालाब

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**

नगर पालिका के अंतर्गत आने वाले शहर के वार्ड नंबर 15 जफ़र नगर में जलभराव की समस्या ने एक बार फ़िर नगर पालिका की जलनिकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। 29 अगस्त 2026 दिन शनिवार रात करीब 11 बजे बारिश के बाद सड़क पर इतना पानी जमा हो गया कि राहगीरों और स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय निवासी संजय कश्यप की गाड़ी जलभराव के बीच खराब हो गई। गाड़ी खराब होने से नाराज संजय ने उसे बीच सड़क पर ही खड़ा कर दिया और सड़क पर बैठकर अपनी नाराजगी जाहिर की। संजय कश्यप का कहना है कि वह वर्षों से जफ़र नगर में रह रहे हैं, लेकिन आज तक इलाके में जलनिकासी की कोई ठोस व्यवस्था नहीं हो सकी। बारिश होते ही सड़कें पानी और कीचड़ से लबालब हो जाती हैं। गंदा पानी घंटों नहीं बल्कि कई बार लंबे समय तक जमा रहता है। लोगों का आरोप है कि समस्या कोई नई नहीं है, इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से स्थायी समाधान के बजाय हर बार सिर्फ आश्वासन दिया जाता है। शनिवार रात संजय कश्यप की गाड़ी पानी में खराब होने के बाद उनका सड़क पर बैठना व्यवस्था के खिलाफ स्थानीय नाराजगी का प्रतीक बन गया। सवाल यह है कि आखिर कब तक शहरवासी जलभराव, कीचड़ और गंदे पानी के बीच रहने को मजबूर रहेंगे।

## महज दो महीने मे ही बनी नई सडक पर जगह-जगह बने गढ्ढे

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।** प्रधानमंत्री ग्रामिण सडक योजना के तहत बनाई गई सडक महज दो महीनों में उखड गई और सडक में जगह जगह गढढे हो गए। ग्रमिणों ने प्रदर्शन कर मानक विहीन निर्माण का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से जांच की मांग की है। जिले के डलमऊ तहसील के क्षेत्र में दो महीने पहले तेरूखा से देवन्ना गांव तक बनी सड़क खराग होने लगी सड़क पर जगह जगह गिट्टी उखड़ने लगी। ग्रमीणों ने इस मानक विहीन सड़क की जांच की मांग की है। ग्रामीण राजेश बाजपेई ने बताया कि तेरूखा से देवन्ना जाने वाला मार्ग आस पास के गावों वालो के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

# सपा प्रवक्ता पर मुकदमे से अखिलेश नाराज

**समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।**

प्रतापगढ़ के बहुचर्चित सौरभ विश्वकर्मा हत्याकांड में पीड़ित परिवार के लिए लगातार आवाज उठा रहे समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता इंजी. संदीप विश्वकर्मा पर मुकदमा दर्ज किए जाने को लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने शासन-प्रशासन के इस रवैये पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए स्पष्ट किया कि प्रशासन चाहे जितना भी दबाव बना ले, समाजवादी पार्टी न्याय की इस लड़ाई से पीछे नहीं हटेगी। इंजी. संदीप विश्वकर्मा घटना के पहले दिन से ही पीड़ित परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। उन्होंने लगातार मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग उठाई है। संदीप विश्वकर्मा ने कहा कि पीडीए समाज के उत्पीड़न पर न्याय की मांग करने वालों को आवाज दबाने के लिए मुकदमों का सहारा लिया जा रहा है, जबकि प्रशासन को पीड़ित परिवार की व्यथा सुनकर त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। सपा प्रवक्ता ने सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में विश्वकर्मा समाज के खिलाफ हत्या, बलात्कार और उत्पीड़न की 80 से अधिक गंभीर घटनाएं दर्ज हो चुकी हैं। सत्ता का संरक्षण प्राप्त होने के कारण 90 प्रतिशत से अधिक मामलों में आरोपियों पर कार्रवाई नहीं होती और पीड़ित न्याय के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। उन्होंने सवाल उठाया, 'क्या विश्वकर्मा समाज हिंदू नहीं है? जब फरियाद सुनने के बजाय आवाज उठाने वालों पर ही मुकदमे दर्ज होंगे, तो समाज न्याय के लिए कहां जाएगा? अखिलेश यादव के इस समर्थन से पीड़ित परिवार और न्याय की लड़ाई लड़ रहे कार्यकर्ताओं में नया उत्साह संचरित हुआ है।



इंजी. संदीप विश्वकर्मा ने दोटूक शब्दों में कहा, 'मुकदमों और दबाव से हमारी आवाज को दबाया नहीं जा सकता। जब तक सौरभ विश्वकर्मा के परिवार को इंसाफ नहीं मिल जाता, यह संघर्ष जारी रहेगा।

# पीडीए के गठन से बीजेपी परेशान : कश्यप

▸ जनपंचायत में गूंजा 2027 का संदेश

समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज/छिबरामऊकन्नौज।



196 विधानसभा क्षेत्र के भगवंतपुर गांव में आयोजित समाजवादी पार्टी की पीडीए जनपंचायत में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजपाल कश्यप कहा कि पीडीए के सभी वर्ग समाजवादी पार्टी को मजबूत करके आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करें। उन्होंने कहा भाजपा सरकार में कश्यप समाज के साथ अन्याय हो रहा है। इस अन्याय से छुटकारा पाने के लिए विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को फिर से मुख्यमंत्री बनाएं। पूर्व विधायक अरविन्द सिंह यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार के कार्यकाल में छिबरामऊ क्षेत्र में 9 पावर हाउस स्थापित किए गए तथा तालग्राम ब्लॉक के गांव-गांव में पानी की टंकियां लगाई गई, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली और पेयजल की सुविधाओं को मजबूती मिली। महंगाई और बेरोजगारी से बुरी तरह परेशान आम जनता ने सपा सरकार बनाने का फैसला कर लिया है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष कलीम खान, उमेश पाल विधानसभा अध्यक्ष, सत्तन कश्यप, बाबा रामप्रकाश यादव, लालू ठेकेदार, अर्पित शुक्ला, राशिद फारुकी, वीरेंद्र कश्यप, ग्रीश चंद्र कश्यप, राहुल कश्यप, मनोज बाथम, अवनीश कश्यप, अतुल कश्यप, भगवान दास जाटव, बलवीर बाथम, अमन खान, तस्लीम वारसी, कमलजीत कश्यप, श्याम बाबू कश्यप, अनीश कश्यप, अखिलेश यादव, ब्रजेश सिंह सहित बड़ी संख्या में समाजवादी कार्यकर्ता एवं लोग मौजूद रहे।

### पीडीए पंचायत व जनसंवाद में उमड़ा जन सैलाब

**गुरसहायगंज।** नगर के रामगंज स्थित अन्नपूर्णा गेस्ट हाउस मे संपन्न हुई। पूर्व सांसद डा.राजपाल कश्यप ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा पर तीखा हमला बोला। नगर के जुझारू नेता तालिब खां ने कार्यकर्ताओं को किया संबोधित करते हुए गुटबाजी से बचने और जनता के बीच मेहनत करने की नसीहत दी एक जनसभा को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के नेता तालिब खां ने कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच किसी भी तरह का भेदभाव न रखने की बात कही। उनके आदर्शों को अपनाते हुए पार्टी के सभी साथियों को 2027 के चुनावों की तैयारी में जुट जाना चाहिए। जनसभा का संचालन रामसेवक बाथम ने किया कार्यक्रम मे पूर्व विधायक अरविन्द यादव,पूर्व ब्लाक प्रमुख रजनीकांत यादव,सपा नगर अध्यक्ष मुकीम खान, राजसिंह(छोटे ठाकुर), रणधीर ठाकुर, विजय गुप्ता, नाहर सिंह यादव, डा. राजकुमार प्रजापति, रामसिंह प्रजापति, रामकरन राठौर (नेता जी ), विकास गुप्ता, अतुल गुप्ता, विपिन यादव, रामसहेली, रामशंकर लोधी,पवन माथुरआदि समजावादी कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# सतगुरु की कृपा से पूर्ण होती है भक्ति

▸ संत निरंकारी भवन में सत्संग

समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।



पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी भवन में सतगुरु माता जी के आशीर्वाद से आयोजित सत्संग में महात्मा हरिश्चंद्र जी ने अपने विचारों में कहा सतगुरु की कृपा से ही भक्ति पूर्ण होती है। उन्होंने कहा मीराबाई के जीवन का उदाहरण हमें यह सिखाता है कि केवल नाम लेने या किसी सीमित रूप में प्रेम करने से भक्ति पूर्ण नहीं होती। जब गुरु रविदास सतगुरु रूप में उनके जीवन में आए और ब्रह्मज्ञान देकर परमात्मा के साक्षात दर्शन कराए, तब उनकी वह अवस्था बनी– 'पायो जी मैंने, राम रतन धन पायो।' परमात्मा का नाम तो पहले भी लिया जा रहा था, प्रेम और भक्ति भी थी, लेकिन सतगुरु की कृपा के बिना वह मिलाप पूर्ण नहीं हो सका। सतगुरु ही ज्ञान की दृष्टि देकर इस असीम परमात्मा से जोड़ते हैं। इसलिए भक्त के जीवन में गुरु का स्थान सर्वोच्च होता है, क्योंकि गुरु ही वह मिलाप करवाते हैं, जिसकी खोज आत्मा लंबे समय से कर रही होती है। उन्होंने कहा वास्तविक प्राप्ति संसार की उपलब्धियों में नहीं, बल्कि उस आनंद में है जो परमात्मा के एहसास से आता है। संसार और परिस्थितियाँ वही रहती हैं, पर सतगुरु की कृपा से भक्त की मनोस्थिति बदल जाती है। महात्मा प्रेमचंद के संचालन में हुए सत्संग में अन्य महात्माओं ने भी अपने विचार एवं भजनों से संगत को निहाल किया। सेवादल संचालक महात्मा मनीष कुमार ने बताया कि सोमवार 31 अगस्त को दोपहर 12 बजे नगला दिलीप में खुली संगत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी महात्मा समय से आने की कृपा करें। हरियाणा प्रदेश के समालखा में 21 से 27 अक्टूबर तक होने वाले अंतर्राष्ट्रीय वार्षिक निरंकारी संत समागम के लिए बस की व्यवस्था की जाएगी।

# जय बालाजी सेवा समिति का गणेश महोत्सव इस वर्ष भी रहेगा ऐतिहासिक



समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।

जय बालाजी सेवा समिति, इंदिरा आवास कॉलोनी, फर्रुखाबाद रोड के सौजन्य से आयोजित होने वाला श्री गणेश महोत्सव इस वर्ष भी ऐतिहासिक रूप लेने जा रहा है।

समिति के अध्यक्ष सर्वेश कुमार तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री गणेश जी का विराजमान 14 सितंबर सोमवार को किया जाएगा। कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के लिए समिति की आवश्यक बैठक 31 अगस्त सोमवार को शाम सात बजे उनके आवास पर आयोजित की जाएगी। तिवारी ने समिति के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों से आग्रह किया है कि वे समय से बैठक में शामिल होकर अपने सुझाव एवं विचार व्यक्त करें, ताकि महोत्सव को और अधिक भव्य एवं यादगार बनाया जा सके।

समिति इस बार भी भक्तों की सुविधा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और भक्तिमय वातावरण को ध्यान में रखते हुए विस्तृत योजना बना रही है। स्थानीय भक्तों में उत्साह बढ़ा हुआ है और सभी की नजरें इस ऐतिहासिक आयोजन पर टिकी हुई हैं।

### पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने तेरारब्बू पहुंचकर जताया शोक

**समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज, कन्नौज।** विधानसभा 196 छिबरामऊ क्षेत्र के ग्राम तेरारब्बू निवासी मोहित श्रीवास्तव के छोटे भाई सत्यम श्रीवास्तव पुत्र संतोष श्रीवास्तव का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। निधन की सूचना मिलते ही देर रात्रि पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी उनके आवास पर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की। पूर्व विधायक ने परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि सत्यम श्रीवास्तव का असमय निधन बेहद दुखद है। यह परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे और परिवार को यह दुख सहने की शक्ति दे।

# राखी के पवित्र बंधन से सजा विद्यालय

▸ छात्राओं ने भाइयों की कलाई पर बांधा स्नेह का धागा

समृद्धि न्यूज़, समधन।



रक्षाबंधन पर्व के एक दिन पूर्व क्षेत्र के ग्राम तमियामऊ स्थित कमला देवी बृजनंदन सिंह विद्यालय परिसर में भाई-बहन के पवित्र रिश्ते की अनूठी मिसाल देखने को मिली। विद्यालय की छात्राओं ने अपने साथ पढ़ने वाले छात्रों की कलाई पर राखी बांधकर उनके दीर्घायु और सुखमय जीवन की कामना की। गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं ने छात्रों की कलाई पर रंग-बिरंगी राखियां बांधीं और माथे पर तिलक लगाकर भाई-बहन के अटूट प्रेम एवं स्नेह का संदेश दिया। इस दौरान छात्रों ने भी बहनों के प्रति सम्मान और प्रेम प्रकट करते हुए उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया तथा नेग के रूप में नकद धनराशि भेंट की। कुछ छात्रों ने अपनी बहनों को उपहार देकर रक्षाबंधन की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम के बाद विद्यालय प्रबंधक राजीव कुमार ने रक्षाबंधन पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह त्योहार भाई-बहन के रिश्ते में प्रेम, विश्वास और अपनत्व को और मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन को जीवन के हर सुख-दुख में एक-दूसरे का साथ निभाने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य चंदन सिंह, शिक्षक कुलदीप कुमार, सचिन कुमार, नेहा सिंह, लक्ष्मी यादव, मानशी देवी, हिमांशु ठाकुर सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय छात्रवृत्ति प्रवेशद्वार खुला विद्यालयों को सत्यापन के निर्देश

समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज कन्नौज।

राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा वर्ष 2026-27 में सफल विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति का लाभ देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने जनपद के सभी राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को पत्र जारी किया है। जिला विद्यालय निरीक्षक के अनुसार निदेशक मनोविज्ञानशाला प्रयागराज के निर्देश पर यह कार्रवाई की जा रही है। कक्षा 9 के नवीन तथा कक्षा 10, 11 एवं 12 के नवीनीकरण के पात्र लाभार्थियों का विवरण राष्ट्रीय छात्रवृत्ति प्रवेशद्वार पर जमा किया जाना है। इसके लिए प्रवेशद्वार दिनांक 01 जून 2026 से खोल दिया गया है। इस वर्ष एक बार पंजीकरण की व्यवस्था के क्रम में ही पंजीकरण कराना अनिवार्य किया गया है। इस वर्ष किसी भी दशा में तिथि नहीं बढ़ाई जाएगी।

**महत्वपूर्ण तिथियां –**

- आवेदन प्रारंभ होने की तिथि - 01 जून 2026
- आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि - 31 अगस्त 2026
- विद्यालय स्तर से सत्यापन की अंतिम तिथि - 15 सितंबर 2026
- जिला स्तर से सत्यापन की अंतिम तिथि - 30 सितंबर 2026

योग्यता और कल्याण आधारित योजनाओं का अलग-अलग वर्गीकरण किया गया है। अब विद्यार्थी एक योग्यता वाली योजना और एक या अधिक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले सकेंगे।

## खबरें एक नजर में

### नाली व जलभराव की समस्या को लेकर आंदोलन की तैयारी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम नौली में नाली एवं जलभराव की गंभीर समस्या को लेकर भारतीय किसान यूनियन भानू ने आंदोलन की तैयारी शुरू कर दी है। लंबे समय से ग्रामीणों द्वारा संबंधित अधिकारियों से शिकायत कर समस्या के स्थायी समाधान की मांग की जा रही है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी बनी हुई है। राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमन यादव ने बताया कि नगर व ग्रामीण क्षेत्र की नाली और जलभराव की समस्या को लेकर संगठन लगातार अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। जलभराव के कारण ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी के साथ ही गंदगी और संक्रमण का खतरा भी बना हुआ है। उन्होंने बताया कि इस जनसमस्या को 31अगस्त को मथुरा में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय बैठक में प्रमुखता से उठाया जाएगा। राष्ट्रीय बैठक के बाद छिबरामऊ ब्लाक का घेराव करते तथा आंदोलन शुरू करने की आगामी रणनीति तय की जाएगी। अमन यादव ने संगठन के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से एकजुट रहने तथा प्रस्तावित आंदोलन की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की समस्या का स्थायी समाधान होने तक संगठन संघर्ष जारी रखेगा।

### खेल दिवस पर वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज एवं डीसी अजय यादव के निर्देशानुसार शनिवार को विमला देवी बृजमोहन सिंह इंटर कॉलेज सराय प्रयाग में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर वॉलीबॉल सहित विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य सुरेश कुमार यादव ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में पल्लवी यादव, पूर्वी, वैष्णवी, नेहा शाक्य, दिव्यांशी, लालिनी, शोभा की टीम तथा बालक वर्ग में अजय यादव, कार्तिक, शिवा, कृष्णा, रूपेश, उत्तम कुशवाहा आदि की टीम विजेता रही। आयोजन को अशोक कुमार, रोहित कटियार, सुनील कुमार, दलपत सिंह, मयूर राठौर सहित समस्त स्टाफ ने सफल बनाया। डीसी अजय यादव ने कहा कि खेल दिवस का उद्देश्य छात्रों में खेल भावना और अनुशासन विकसित करना है। वॉलीबॉल जैसे टीम खेल बच्चों में एकता, नेतृत्व और सहयोग की भावना पैदा करते हैं। सभी विद्यालयों में खेलों को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सके। प्रधानाचार्य सुरेश कुमार यादव ने कहा कि हमारे विद्यालय में खेल और शिक्षा दोनों को समान महत्व दिया जाता है। आज के आयोजन में बच्चों ने जिस उत्साह से भाग लिया, वह सराहनीय है। विजेता टीमों को बधाई और सभी प्रतिभागियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं। हम आगे भी ऐसे आयोजन कराते रहेंगे।

# आरोग्य मेले में 1701 मरीजों का हुआ निःशुल्क इलाज

▸ 37 आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए

समृद्धि न्यूज़, कन्नौज।



रविवार को जिले के 32 ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और चार नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर नोडल अधिकारी समेत निरीक्षणकर्ता अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वास्थ्य केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मेले में कुल 1701 मरीजों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिला। इनमें 763 पुरुष, 641 महिलाएं और 297 बच्चे शामिल रहे। मरीजों की जांच और उपचार के साथ बच्चों व गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, परिवार कल्याण संबंधी सेवाएं, हेपेटाइटिस-बी व सी की जांच, टीबी संभावित मरीजों की जांच तथा नेत्र परीक्षण किया गया। इसके अलावा आयुष्मान योजना के तहत 37 गोल्डन कार्ड बनाकर वितरित किए गए। सभी केंद्रों पर चिकित्सकों के साथ पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहा।

# घरेलू गैस सिलेंडर में खाना बनाते समय भड़की आग, मचा हड़कंप

▸ मामला कन्नौज जिले के थाना ठठिया गढ़ापुर्वा गांव का

समृद्धि न्यूज़, ठठिया/कन्नौज।



खाना बनाते समय एक घर पर स्थित रसोई में घरेलू गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई। घटना से परिवार और गांव में हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक, थाना ठठिया क्षेत्र के गांव गढ़ापुर्वा गांव निवासी रामविलास के घर पर रविवार की सुबह खाना बनाया जा रहे था। इसी दौरान घर की रसोई में मौजूद घरेलू गैस सिलेंडर में आग लग गई। खाना बना रही महिलाओं ने जब सिलेंडर में आग लगी देखी, तो बचाव के लिए शोरगुल मचाया। इसी बीच शोरगुल की आवाज पर अन्य परिजन मौके पर पहुंचे और रसोई में मौजूद सिलेंडर को किसी प्रकार कड़ी मशक्कत करके घर के बाहर जलती हालत में ही गांव की गली में फेंक दिया। मामले की जानकारी पर ग्रामीणों में भी हड़कंप मच गया। आनन फानन में मामले की सूचना फायर टीम को दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंची फायर टीम के कर्मियों ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दमकल कर्मियों द्वारा आग शांत होने के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने बड़ा हादसा टलने से बाल बाल बचने पर राहत की सांस ली। दमकल कर्मियों के मुताबिक गैस में आग लीकेज के कारण लगी थी। फिलहाल स्थिति सामान्य है।

# नेपाल की तबाही में लापता इंजीनियर, परिवार की बढ़ी चिंता

▸ चार दिन से नहीं हो सका संपर्क

▸ सकुशल वापसी की दुआ कर रहा पूरा गांव

समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।



नेपाल में 26 अगस्त को आई भीषण बाढ़ और भूस्खलन के बीच छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कल्यानपुर निवासी 31 वर्षीय सिविल इंजीनियर हिमांशु शाक्य लापता हो गए हैं। नेपाल के जिला रसुआ स्थित त्रिशूली अपर हाइड्रो पॉवर प्रोजेक्ट में कार्यरत हिमांशु से चार दिन से परिजनों का संपर्क नहीं हो सका है। मोबाइल फोन स्विच ऑफ होने के बाद परिवार की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। परिजन उनके सकुशल होने की प्रार्थना कर रहे हैं। कल्यानपुर निवासी अतर सिंह शाक्य के छोटे पुत्र हिमांशु शाक्य त्रिशूली अपर हाइड्रो पॉवर प्रोजेक्ट में सिविल इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। वह 20 जुलाई को अपने गांव से ड्यूटी के लिए नेपाल लौटे थे। परिजनों के अनुसार हिमांशु प्रतिदिन अपने माता-पिता से फोन पर बातचीत करते थे। उनके बड़े भाई दीपांशु शाक्य, जो अहमदाबाद में टर्नर एंड टाउनसेंड कंपनी में सहायक प्रोजेक्ट मैनेजर हैं, ने बताया कि 26 अगस्त की सुबह हिमांशु ने पिता अतर सिंह से मोबाइल पर बात की थी। उस समय सब कुछ सामान्य था। इसके बाद दोपहर से उनका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। बताया गया कि हिमांशु की तैनाती वाले क्षेत्र में बाढ़ और भूस्खलन ने भारी तबाही मचाई है। यही वजह है कि परिजन किसी अनहोनी की आशंका से परेशान हैं। हिमांशु के माता-पिता वर्तमान में भोपाल में बड़े बेटे दीपांशु के पास रह रहे हैं। वहीं पैतृक गांव कल्यानपुर में भी ग्रामीणों की निगाहें नेपाल से आने वाली हर खबर पर टिकी हैं। हिमांशु के ताऊ अमर सिंह और चाचा अजीत सिंह लगातार जानकारी जुटा रहे हैं। परिवार टीवी चैनलों, समाचार वेबसाइटों और सोशल मीडिया के माध्यम से नेपाल के हालात पर नजर रख रहा है।

# डिवाइडर से टकराई बाइक, युवक की मौत

समृद्धि न्यूज़, कन्नौज।



लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर रविवार तड़के नींद की झपकी दो युवकों पर भारी पड़ गई। ठठिया थाना क्षेत्र के बहसुइया गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। तिर्वा मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान पीछे बैठे अरुण (30) की मौत हो गई, जबकि बाइक चालक विपिन (20) का उपचार जारी है। गोंडा जिले के इटियाथोक थाना क्षेत्र के मुजहना गांव निवासी विपिन पुत्र बृजेश तिवारी और भोदूपुर इग्मावापुर निवासी अरुण पुत्र गिरधारी तिवारी दिल्ली में साथ नौकरी करते थे। दोनों शनिवार देर शाम बाइक से गोंडा स्थित अपने घर लौट रहे थे। रविवार सुबह करीब 4:22 बजे माइलस्टोन 209+800 के पास नींद की झपकी आने से बाइक डिवाइडर से टकरा गई। सूचना पर यूपीडा टीम ने घायलों को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। डॉक्टरों ने अरुण को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे से परिवार में कोहराम मच गया।

### शादी का झांसा देकर रुपये हड़पने और मारपीट का आरोप, पीड़िता ने लगाई न्याय की गुहार

**समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज, कन्नौज।** कोतवाली गुरसहायगंज क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर एक युवक पर शादी का झांसा देकर 50 हजार रुपये लेने और मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि आरोपी युवक ने पहले उसका मोबाइल नंबर लेकर बातचीत शुरू की और शादी करने का भरोसा दिलाया।

आरोप है कि इसी भरोसे में युवक ने उससे करीब 50 हजार रुपये ले लिए। जब पीड़िता ने रुपये वापस मांगे तो वह टालमटोल करने लगा। पीड़िता का आरोप है कि शनिवार को वह अपने रुपये वापस मांगने आरोपी के घर गई थी, जहां उसके साथ अभद्रता और मारपीट की गई।

# हरीश द्विवेदी के स्वागत को लखनऊ रवाना हुए सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता

समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी के प्रथम लखनऊ आगमन पर आयोजित स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता लखनऊ के लिए रवाना हुए। कार्यकर्ताओं में कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। भाजपा के निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष विपिन द्विवेदी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं का जत्था लखनऊ रवाना हुआ। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पार्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए राष्ट्रीय महामंत्री के स्वागत कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने की बात कही। विपिन द्विवेदी ने कहा कि हरीश द्विवेदी का लखनऊ में प्रथम आगमन पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए उत्साह और गौरव का विषय है। उनके स्वागत के लिए छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता लखनऊ पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रहा है। इस दौरान शिवम त्रिपाठी, नीलू मिश्रा, रामगोपाल वर्मा, रजत त्रिपाठी, सुशांत शुक्ला, परशुराम देवल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# घर से निकले युवक का पेड़ से लटका मिला शव



**समृद्धि न्यूज़, ठठिया/कन्नौज।** ठठिया थाना क्षेत्र के रकसहिया गांव में शनिवार शाम घर से घूमने निकले 20 वर्षीय युवक का शव खेत में नीम के पेड़ से फंदे पर लटका मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।गांव निवासी सुरेंद्र सिंह का पुत्र गोपाल शनिवार शाम करीब साढ़े सात बजे घर से घूमने की बात कहकर निकला था। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसी बीच ग्रामीण अजय पाल के खेत में नीम के पेड़ से एक युवक का शव लटका होने की सूचना मिली। परिजन मौके पर पहुंचे तो शव की पहचान गोपाल के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि गोपाल ने ऐसा कदम क्यों उठाया, इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि मामले की जांच जारी है। तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# प्रेमपुर बूथ 41 पर सुनी गई प्रधानमंत्री के मन की बात

▸ आम जनमानस को प्रेरित करता है यह कार्यक्रम

समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।



विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रेमपुर मंडल के बूथ संख्या 41 पर भाजपा के पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के 137वें एपिसोड को एकजुट होकर सुना। इस अवसर पर विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडे ने कहा 'मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री जी देशवासियों से सीधा संवाद करते हुए राष्ट्र निर्माण, जनभागीदारी और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को निरंतर मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम आम जनमानस को प्रेरित करता है और देश की प्रगति में हर नागरिक की भूमिका सुनिश्चित करता है। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में हम सभी मिलकर विकसित भारत का सपना साकार करेंगे।

उधर नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे के कैंप कार्यालय में भी 'मन की बात' सुनी गई। इस दौरान उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, भाजपा नगर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता, सहकारी समिति पूर्वी के अध्यक्ष मुनीश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डीएम ने जिला महिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण

- स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार व मरीजों की सुविधा के लिए निर्देश

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**



निरीक्षण करती डीएम

जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर ने जिला महिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने महिला वार्ड, शिशु वार्ड एवं एसएनसीयू वार्ड का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं चिकित्सकों से स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान डीएम ने पीडियाट्रिक वार्ड में स्थापना से संबंधित पदों पर आवश्यक तैनाती के लिए शासन को मांग पत्र तत्काल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जब तक शासन स्तर से पदों पर तैनाती नहीं हो जाती, तब तक वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में महिला अस्पताल में तैनात पीडियाट्रिशियन स्टाफ का सहयोग लिया जाए, ताकि नवजात एवं बच्चों को उपचार में किसी प्रकार की असुविधा न हो। डीएम ने एसएनसीयू वार्ड का निरीक्षण करते हुए वहां उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि विवेकाधीन कोष से एसएनसीयू के लिए आवश्यक संसाधनों की आपूर्ति की कार्यवाही पूर्ण कराई जाए, जिससे गंभीर नवजात शिशुओं को बेहतर एवं समयबद्ध उपचार उपलब्ध कराया जा सके। डीएम ने ऑपरेशन थिएटर की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने जनमानस की सुविधा एवं पारदर्शिता के दृष्टिगत निर्देश दिए कि ऑपरेशन थिएटर के बाहर रोस्टर के अनुरूप सर्जरी करने वाले चिकित्सकों की सूची चस्पा की जाए, ताकि मरीजों एवं उनके परिजनों को संबंधित चिकित्सक के बारे में स्पष्ट जानकारी उपलब्ध हो सके। डीएम ने अस्पताल प्रशासन को निर्देशित किया कि चिकित्सालय में साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकों एवं मेडिकल स्टाफ की उपस्थिति तथा मरीजों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

# रोटरी क्लब ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**



रक्तदान करते रोटरी क्लब के पदाधिकारी

रोटरी क्लब ऑफ फर्रुखाबाद द्वारा लोहिया हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अस्पताल के सीएमएस डा0 जगमोहन शर्मा के द्वारा किया गया। क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन दीपक खन्ना, सचिव रोटेरियन संदीप अग्रवाल, पूर्व प्रेसिडेंट रोटेरियन डॉ0 वीके गुप्ता, कार्यक्रम समन्वयक रोटेरियन शिवाशीष, रोटरियन डा0 बीके चौधरी, डा0 एसपी सिंह, डा0 अनुराग अग्रवाल, सुकृत रस्तोगी, उदित अग्रवाल, प्रवीण माथुर, डा0 रोहित तिवारी सहित क्लब के अन्य रोटेरियन एवं एन्स उपस्थित रहे। शिविर में रोटेरियन एवं एन्स सदस्यों व अन्य रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के लिए अपना अमूल्य योगदान दिया। सदस्यों ने लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन दीपक खन्ना ने कहा कि रक्तदान मानव सेवा का एक महान कार्य है। किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने में सहायक हो सकता है। रोटरी क्लब भविष्य में भी इसी प्रकार के जनसेवा के कार्यों को निरंतर करता रहेगा। क्लब सचिव रोटेरियन संदीप अग्रवाल ने रक्तदाताओं, एवं अस्पताल प्रशासन, चिकित्सकीय टीम तथा सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। रोटेरियन वासुदेव अग्रवाल एवं हर्षित मेहरोत्रा का विशेष सहयोग रहा।

# पांचाल संगीत संध्या की सावन विशेष संगीत गोष्ठी का हुआ आयोजन




गीत प्रस्तुत करते कलाकार

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

नटराज भवन कुचिया में ललन पिया हाजी विलायत अली संगीत अकादमी की मासिक बैठक पांचाल संगीत संध्या की सावन विशेष संगीत गोष्ठी का शुभारंभ समाजसेवी संजय गर्ग द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कलाकारों ने गायन, नृत्य, समूहगान तथा वादन की विविध प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में शिवी पांडेय ने नृत्य, शानवी ने भजन गायन तथा शिवानी कटियार ने नृत्य की प्रस्तुति दी। कलाकारों द्वारा सावन गीत और राग खमाज पर आधारित समूहगान प्रस्तुत किया गया। हर्षिखा, मिष्ठी मुखर्जी, अंजली श्रीवास्तव तथा काव्या चतुर्वेदी ने अपने नृत्य से कार्यक्रम में रंग भर दिया। संगीत संध्या में आशीष शुक्ला ने राग-आधारित गायन, तनिषा शर्मा ने नृत्य तथा आस्तिकी मिश्रा ने गायन प्रस्तुत किया। अभिनव ने एकल तबला वादन से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रियांशु भारद्वाज एवं कौशल मौर्य के गायन ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। हारमोनियम पर संगत आकर्ष शुक्ला ने तथा तबले पर संगत अमन मिश्रा ने की।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार शिक्षामित्र की मौत

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।** रविवार की सुबह मऊदरवाजा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार शिक्षामित्र को टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंचे परिजन उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार ग्राम कुइंया बूंट निवासी 45 वर्षीय सर्वेश कुमार शिक्षामित्र थे। रविवार की सुबह वह अपनी बाइक से अपनी ससुराल ग्राम सितौली जा रहे थे। सुबह करीब 9:30 बजे जैसे ही वह ढिलावल चौराहे के पास पहुंचे, एक बेकाबू अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि सर्वेश गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे की सूचना मिलते ही सर्वेश के पुत्र देवांश तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। आनन-फानन में उन्होंने अपने पिता को डॉ0 राम मनोहर लोहिया में भर्ती कराया। हालांकि, तब तक काफी देर हो चुकी थी। वहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ0 ऋषिकांत वर्मा ने प्राथमिक जांच के बाद ही उन्हें मृत घोषित कर दिया और शव को मोर्चरी में रखवाकर पुलिस को सूचना दी।



रोते बिलखते मृतक के परिजन

# बराकेशव में किसानों के अनिश्चितकालीन धरने का 7वां दिन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** ग्राम सभा बराकेशव में चकबंदी प्रक्रिया में अनियमितताओं और किसानों पर दर्ज झूठे मुकदमों के विरोध में चल रहा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन अपने सातवें दिन में प्रवेश कर गया। धरने में किसानों, महिलाओं और बच्चों की भारी उपस्थिति ने आंदोलन में अत्यधिक ऊर्जा भर दी है और दिन प्रतिदिन यह संख्या बढ़ती जा रही है। जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने ग्राम सभा बराकेशव की वीर प्रसूता माताओं को नमन किया। उन्होंने कहा हम धन्य हैं कि इस गांव की माताओं ने शहीद राकेश सिंह यादव जैसे वीर जवानों को जन्म दिया है। 1 सितंबर से सभी ब्लॉकों पर शांतिपूर्ण ट्रैक्टर मार्च और धरना प्रदर्शन किया जाएगा। नवाबगंज ब्लॉक को छोड़कर अन्य सभी ब्लॉकों का कार्यक्रम ब्लॉक मुख्यालयों पर होगा। किसानों को रोकने का प्रयास किया गया तो 8 सितंबर को प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा के आगमन पर इससे भी बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा। संचालन गोपी शाक्य ने किया। अध्यक्षता दीपसिंह यादव ने किया। इस अवसर पर छविनाथ शाक्य, कृष्ण गोपाल मिश्रा, अभय यादव आदि मौजूद रहे।



धरने पर बैठे किसान नेता

## खबरें एक नजर में

### कोतवाली के बाहर स्थित यात्री प्रतीक्षालय पर बाबा ने जमाया डेरा

**कायमगंज।** शहर में कोतवाली के ठीक बाहर स्थित यात्री प्रतीक्षालय इन दिनों अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। यात्रियों को सुरक्षित और छायादार स्थान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बनाए गए इस प्रतीक्षालय पर अब एक बाबा ने अवैध कब्जा कर लिया है। हालत यह है कि प्रतीक्षालय में हर तरफ कूड़ा-कबाड़ और गंदगी फैली हुई है, जिसके कारण दिल्ली और अन्य शहरों की ओर जाने वाले यात्री यहां बैठने से कतराते हैं। मजबूरी में यात्रियों को चिलचिलाती धूप और धूल के बीच सड़क किनारे खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, प्रतीक्षालय को अपना ठिकाना बनाने वाले बाबा मूल रूप से पड़ोसी जिले कासगंज के बिलसड़ गांव के निवासी हैं। हैरानी की बात यह है कि बाबा की सगी बहन और एक भाई कायमगंज नगर में ही रहते हैं, इसके बावजूद उन्होंने पिछले कई वर्षों से इसी सार्वजनिक प्रतीक्षालय पर अपना डेरा जमाया हुआ है। गौरतलब है कि इस यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण वर्ष 1993 में किया गया था। तत्कालीन एसडीएम अरविंद सिंह ह्यांकी की प्रेरणा से जेसीज क्लब ने इसे बनवाया था, जिसका लोकार्पण तत्कालीन एसएसपी हिम्मत सिंह बलबारिया ने किया था। इसका मुख्य उद्देश्य यात्रियों को धूप और बारिश से बचाकर बसों के इंतजार के लिए एक सुगम स्थान देना था, लेकिन अब यह अपना मूल उद्देश्य खो चुका है।

### 50 हजार में किशोरी की शादी का सौदा करने का आरोप

**नवाबगंज।** नगर के एक मोहल्ले में एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला पर 15 वर्षीय नाबालिग किशोरी का सौदा करने का गंभीर आरोप लगा है। महिला ने किशोरी की फोटो खींचकर एक युवक को भेजी और 50 हजार रुपये के बदले उसकी शादी कराने का झांसा दिया। इतना ही नहीं, महिला ने युवक से बयाने के तौर पर कुछ रकम भी ऐंठ ली। इस पूरी साजिश की भनक किशोरी और उसके परिजनों को बिल्कुल नहीं थी। जब किशोरी के परिवार वालों को इस घिनौने सौदे के बारे में जानकारी मिली, तो उनके होश उड़ गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए किशोरी की मां ने तुरंत स्थानीय थाने का रुख किया और आरोपी महिला व इस मामले में शामिल लोगों के खिलाफपुलिस को नामजद तहरीर दी। किशोरी की मां की तहरीर मिलते ही नवाबगंज पुलिस हरकत में आ गई और मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी। घटना से जुड़े सुराग तलाशने और सच्चाई का पता लगाने के लिए पुलिस ने मोहल्ले के ही एक युवक को हिरासत में लिया है। पुलिस उसे थाने लाकर पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस पूरे गिरोह या साजिश में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। इस घटना के बाद से मोहल्ले में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं और लोगों में आरोपी महिला के खिलाफभारी रोष है। फिलहाल, पुलिस मामले की हर एंगल से तफ्तीश कर रही है।

### अंकित तिवारी ने प्रदेश अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

**फर्रुखाबाद।** अंकित तिवारी ने हिंदू समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद से अपना त्यागपत्र संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष को भेज दिया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों एवं व्यक्तिगत/संगठनात्मक कारणों को ध्यान में रखते हुए मैंने अपने अध्यक्ष पद से तत्काल प्रभाव से त्यागपत्र दे रहा हूं।

### जय माता पराशक्ति सेवा फाउंडेशन की कमेटी घोषित

**फर्रुखाबाद।** जय माता पराशक्ति सेवा फाउंडेशन की कार्यकारिणी का गठन किया गया है। संस्थापक प्रशांत तिवारी ने संगठन के लोगों को जिम्मेदारी बांटी। संस्थापक/कोषाध्यक्ष गौरव राठौर को बनाया गया। अध्यक्ष मृदुल कुमार तिवारी बने। महामंत्री की जिम्मेदारी राममनोहर तिवार को मिली। महासचिव सुनील दुबे बनाये गये। पीयूष तिवारी को उपाध्यक्ष, वीरेन्द्र कुमार राठौर को उपाध्यक्ष, राजेन्द्र कुमार व दिनेश कुमार सक्सेना उपाध्यक्ष बनाये गये। संस्था का व्यवस्थापक गौरव मिश्रा को बनाया गया। सचिव की जिम्मेदारी ओम कुमार श्रीवास्तव, मनोज कुमार राठौर, शेर सिंह को दी गई। कार्यकारिणी में सदस्य मयंक मिश्रा, मोहित राजपूत बनाये गये।

### छेड़छाड़ में युवक पर मुकदमा दर्ज

**मोहम्मदाबाद।** थाना क्षेत्र के गांव करमचंद्रपुर निवासी पीड़ित ने गांव के ही मोनू पर मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें कहा कि 29 अगस्त को उसकी पुत्री 2 बजकर 30 मिनट पर गाय व भैंस चराने गई थी। शाम को जब 5 बजकर 30 मिनट पर वापस आई तो उसने अपनी मां मंजुदेवी को बताया कि वह जब भैंस चरा रही थी, तभी गांव का ही रहने वाला रिश्ते का ममेरा भाई मोनू आया तथा हाथ पकड़कर मक्के के खेत में ले गया तथा छेड़खानी करने लगा। शोर-शराबा सुनकर आरोपी मोटर साइकिल से भाग गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को हिरासत में लिया है।

### महिला के पर्स से जेवरात व नगदी गायब

**मोहम्मदाबाद।** थाना मेरापुर के गांव सिमतुइया निवासी अवधेश की पत्नी सरिता अपने घर से टेंपू से मोहम्मदाबाद चौराहे आई थी तथा उसके बाद टेम्पो से वेबर जा रही थी। मदनपुर पहले उतर गई जब पैसे देने के लिए पर्स खोला तो छोटा पर्स में रखा जेवर एक जोड़ी चांदी की पायल, एक जोड़ी सोने के झाले, एक जोड़ी चांदी की तोड़िया व नगद 1000 नगद गायब थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सपा मुखिया से अमन सूर्यवंशी ने की भेंट

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से खटीक समाज के नेता एवं समाजवादी पार्टी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी जिला अध्यक्ष अमन सूर्यवंशी ने मुलाकात कर जनपद की विभिन्न जनसमस्याओं, संगठनात्मक विषयों तथा खटीक समाज से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को राष्ट्रीय अध्यक्ष के समक्ष रखा। अमन सूर्यवंशी ने अपने समाज के आराध्य देव राष्ट्रीय संत संत दुर्बल नाथ महाराज की आगामी जयंती 25 सितंबर को उत्तर प्रदेश में पहली बार समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में सम्मानपूर्वक मनाए जाने का विषय भी राष्ट्रीय अध्यक्ष के समक्ष रखा।

# मूसलाधार बारिश में भरभराकर गिरा कच्चा मकान

- मलबे में दबकर घरेलू सामान नष्ट
- ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण पोषण करता पीड़ित

**समृद्धि न्यूज, नवाबगंज।**

नगर पंचायत नवाबगंज के मोहल्ला चंदनी में शुक्रवार को हुई मूसलाधार बारिश के चलते एक कच्चा मकान अचानक भरभराकर गिर गया। मकान के गिरने से घर में रखा घरेलू सामान मलबे में दब गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि मकान गिरने के दौरान परिवार के लोग सुरक्षित रहे, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया।

जानकारी के अनुसार चंदनी निवासी रजाहसन खां का कच्चा मकान लगातार बारिश के कारण कमजोर हो गया था। शुक्रवार को बारिश के बीच अचानक मकान का एक हिस्सा भरभराकर नीचे आ गिरा। मकान गिरने से कमरे में रखा बक्सा, गैस सिलेंडर, खटिया और अन्य घरेलू सामान मलबे के नीचे दब गया। मकान गिरने की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। परिवार के लोगों के साथ ग्रामीणों ने काफी मशक्कत कर मलबा हटाया। कई घंटे की मेहनत के बाद मलबे में दबे घरेलू सामान को बाहर निकाला गया। हालांकि मकान गिरने से परिवार को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। पीड़ित रजाहसन खां ई-रिक्शा चलाकर मेहनत-मजदूरी करते हैं। इसी से होने वाली आमदनी से वह अपने बच्चों और परिवार का भरण-पोषण करते हैं। कच्चा मकान गिर जाने के बाद अब परिवार के सामने रहने की समस्या भी खड़ी हो गई है।

आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उनके लिए मकान की मरम्मत या नया निर्माण कराना आसान नहीं है।



गिरा पड़ा कच्चा मकान

## अटसेनी में भी बारिश से ढहा कच्चा मकान

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के अटसेनी गांव में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के चलते एक कच्चा मकान भरभरा कर ढह गया। गनीमत यह रही कि जिस वक्त यह हादसा हुआ, कमरे में कोई मौजूद नहीं था। जिससे एक बड़ा हादसा टल गया और कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार, अटसेनी गांव निवासी प्रताप सिंह अपने परिवार के साथ इस कच्चे मकान में रहते हैं। पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण उनके मकान की कच्ची दीवारें काफी कमजोर हो गई थीं। बारिश के दौरान अचानक मकान का एक कमरा ढह गया। हादसे में कमरे के अंदर रखा भूसा, चारपाई, कपड़े और अनाज सहित गृहस्थी का सारा सामान मलबे के नीचे दब गया। मकान गिरने की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने एकजुट होकर मलबा हटाने में प्रताप सिंह की मदद की। काफी मशक्कत के बाद मलबे में दबे चारपाई, कपड़े, अनाज और अन्य घरेलू सामान को बाहर निकाला जा सका, लेकिन तब तक काफी सामान खराब हो चुका था। पीड़ित ने बताया कि वह मेहनत-मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता है।

### राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी का हुआ भव्य स्वागत

**समृद्धि न्यूज, उन्नाव।** सदर विधायक पंकज गुप्ता के संयोजकत्व में भारतीय जनता पार्टी के यशस्वी राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी के प्रथम लखनऊ आगमन पर उनके स्वागत एवं अभिनंदन में उन्नाव से लगभग 150 कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के साथ पहुंच कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया।सदर विधायक पंकज गुप्ता ने राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी को गुलदस्ता एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया। उनके प्रथम लखनऊ आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह एवं उमंग का वातावरण देखने को मिला।इस अवसर पर सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि आदरणीय राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी का सरल, सहज एवं कर्मठ व्यक्तित्व तथा संगठन के प्रति उनका समर्पण हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए सदैव प्रेरणादायी है।

# टहलने निकले युवक की मार्ग दुर्घटना में मौत

**समृद्धि न्यूज, कायमगंज।**

बीती देर रात एक 35 वर्षीय युवक घर से टहलने के लिए निकलने पर अज्ञात वाहन की टक्कर युवक की मौत हो गई। युवक का शव जिराऊ और नगला मकौड़ा के बीच सड़क पर अचेत अवस्था में मिला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी और 108 एंबुलेंस की मदद से युवक को नवाबगंज अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव नगला पीपल बराबिकू निवासी अशोक कुमार शाक्य उम्र 35 वर्षीय पुत्र जयचन्द शाक्य शनिवार देर रात अपने घर से खेत की ओर निकला था। इसी दौरान जिराऊ और नगला मकौड़ा के बीच सड़क पर राहगीरों ने उन्हें अचेत पड़ा देखा। अशोक की मौत की खबर मिलते ही उनके चचेरे भाई रामपाल परिजनों के साथ अस्पताल पहुंचे। मृतक की मां सुभद्रा, पत्नी सोनी, पांच साल के बेटे अर्नव और तीन साल की बेटी अनुष्का आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। अशोक सात भाइयों में चौथे नंबर का था। परिजन शव को बिना पोस्टमार्टम कराए घर ले आए थे। बाद में कोतवाली पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।



मृतक का फाइल फोटो

## सांसद सहित कई नेताओं ने सुनी पीएम मोदी का मन की बात

**समृद्धि न्यूज, नवाबगंज।** नगर पंचायत कार्यालय नवाबगंज के अंतर्गत बूथ नंबर 265 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात का विशेष प्रसारण आयोजित किया गया। सांसद मुकेश राजपूत की उपस्थिति में तमाम पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के विचार सुने। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों को मन की बात के माध्यम से देशहित, जनसेवा एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े प्रधानमंत्री के सकारात्मक विचारों को सुनने का अवसर मिला। इस अवसर पर सांसद के अलावा अनिल राजपूत चेयरमैन नवाबगंज, पुष्पराज सिंह चेयरमैन खिमसेपुर, अभिषेक बाथम, मनोज गंगवार, कमल भारद्वाज, आदेश राठौर, योगेंद्र सिंह चौहान, हेम सिंह लोधी, योगेंद्र सिंह राठौड़, कृष्ण मुरारी राजपूत, विनीत भारद्वाज, आकाश गुप्ता, रमन सिंह, ललित श्रीवास्तव उपस्थित रहे।



# कोर्ट के आदेश पर आठ लोगों पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

**समृद्धि न्यूज, नवाबगंज।**

थाना जहानगंज क्षेत्र के गांव महमदपुर निवासी महिला की शिकायत पर न्यायालय के आदेश से नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बसंतपुर निवासी आठ लोगों के खिलाफदहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना अपराध निरीक्षक ब्रजमोहन पाल को सौंपी गई है।

महमदपुर निवासी ममता देवी पत्नी अवधेश सिंह ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री सुधा की शादी करीब 12 वर्ष पूर्व बसंतपुर निवासी अमर सिंह के पुत्र धर्मेंद्र के साथ की थी।

आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग सुधा के साथ मारपीट करते थे और उसे परेशान करते थे। ममता देवी के अनुसार 10 जून को सुधा से ससुराल पक्ष के लोगों ने पांच लाख रुपये की मांग की थी। उन्होंने 14 जून को आने की बात कही थी। आरोप है कि इसी बीच 13 जून की सुबह करीब आठ बजे ससुराल पक्ष के लोगों ने एक राय होकर सुधा की हत्या कर दी और उसके शव को गांव के बाहर आम के पेड़ से लटका दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई।

ममता देवी का आरोप है कि पोस्टमार्टम के बाद पुलिस की ओर से मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद उन्होंने 29 जून को न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने बीते दिवस बसंतपुर निवासी अमर सिंह, जबर सिंह, गया प्रसाद, धर्मेंद्र, कुसुमा, रूबी, साधना और अरुण कुमार के खिलाफ संबंधित धाराओं में दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया।

पुलिस ने मामले की विवेचना अपराध निरीक्षक ब्रजमोहन पाल को सौंपी है। पुलिस का कहना है कि विवेचना के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पिता के पैसे खर्च कर बेटे ने रची 60 हजार की लूट की कहानी

**समृद्धि न्यूज, मोहम्मदाबाद।**

थाना क्षेत्र के गांव धीरपुर में रविवार दोपहर 60 हजार रुपये की लूट की सूचना से इलाके में हड़कंप मच गया। हालांकि, पुलिस की तत्परता और कड़ाई से की गई पूछताछ में यह पूरा मामला फर्जी निकला। पिता के दिए हुए पैसे खर्च हो जाने पर खुद बेटे ने ही बचने के लिए यह झूठी कहानी गढ़ी थी। जानकारी के अनुसार गांव धीरपुर के रहने वाले धर्मेंद्र ने दोपहर लगभग 3 बजे डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को एक बड़ी घटना की जानकारी दी। धर्मेंद्र ने बताया कि धीरपुर-नवीगंज मार्ग पर स्थित एक पेट्रोल पंप के पास उनके बेटे अभय के साथ लूटपाट हुई है। उनका आरोप था कि 3 बाइक पर सवार होकर आए 6 युवकों ने अभय को घेरा और उससे 60 हजार रुपये की नकदी लूट कर फरार हो गए। दिनदहाड़े लूट की इस बड़ी सूचना पर पुलिस प्रशासन तुरंत हरकत में आ गया। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक आमोद कुमार सिंह, अपराध निरीक्षक मुन्नूलाल यादव और मदनपुर चौकी इंचार्ज दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मौके का मुआयना किया, लेकिन शुरुआती जांच में मामला कुछ संदिग्ध लगा। इसके बाद पुलिस पिता-पुत्र धर्मेंद्र और अभय को आगे की पूछताछ के लिए थाने ले आई। थाने लाकर जब पुलिस ने बेटे अभय से घटना के बारे में कड़ाई से पूछताछ की, तो वह घबरा गया और अंततः उसने सच उगल दिया। अभय ने पुलिस को बताया कि उसके पिता धर्मेंद्र ने उसे जो 60 हजार रुपये दिए थे, वह उसने धीरे-धीरे अपने निजी कामों में खर्च कर दिए। जब पिता धर्मेंद्र ने उससे वे पैसे निकालकर लाने को कहा, तो वह डर गया।

पिता की डांट से बचने और पैसों का हिसाब न देना पड़े, इसके लिए उसने 6 बदमाशों द्वारा लूट की यह मनगढ़ंत और झूठी कहानी रच दी।

# सीएमओ के उत्पीड़न से स्वास्थ्य कर्मियों में भारी आक्रोश

## कार्य बहिष्कार की दी चेतावनी

समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।


बैठक को संबोधित करते प्रमोद दीक्षित

सिविल चिकित्सालय लिंजीगंज में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के मनमाने रवैये और उत्पीड़न के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। रविवार को अस्पताल के अधीक्षक डॉ0 राणा प्रताप की अध्यक्षता में समस्त कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सीएमओ के हालिया फैसलों का कड़ा विरोध करते हुए आर-पार की लड़ाई का ऐलान किया गया है। 27 अगस्त को सुबह 9:50 बजे सीएमओ ने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। आरोप है कि यह निरीक्षण मात्र 5 से 7 मिनट में पूरा कर लिया गया। निरीक्षण के बाद सीएमओ नियमित और संविदा कर्मियों की उपस्थिति पंजिका अपने साथ ले गए, जो 30 अगस्त तक वापस नहीं की गई है। 29 अगस्त को सीएमओ ने केवल व्हाट्सएप के माध्यम से सिविल अधीक्षक डॉ0 राणा प्रताप का स्थानांतरण राजेपुर ब्लॉक के सीएचसी पर मेडिकल ऑफिसर द्वितीय के पद पर कर दिया। कर्मचारियों का स्पष्ट तर्क है कि डॉ0 राणा प्रताप लेवल-3 के अधिकारी हैं, इसलिए उन्हें डिमोट कर द्वितीय पद पर भेजना नियमानुसार पूरी तरह गलत है। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार दीक्षित व अन्य कर्मचारियों ने मांगें रखी हैं। सिविल अधीक्षक डॉ0 राणा प्रताप का स्थानांतरण तत्काल प्रभाव से रोका जाए। कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका अविलंब वापस की जाए। स्वास्थ्य कर्मियों ने निर्णय लिया है कि वे सोमवार 31 अगस्त को सीएमओ के साथ इस पूरे प्रकरण पर वार्ता करेंगे। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि इस वार्ता का कोई संतोषजनक और सार्थक हल नहीं निकलता है, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ऐसी स्थिति में सिविल अस्पताल लिंजीगंज और उसके अधीन आने वाले सभी स्वास्थ्य केंद्रों व प्राथमिक चिकित्सा इकाइयों में आकस्मिक सेवाओं को छोड़कर समस्त कार्यों का बहिष्कार किया जाएगा। इस संभावित कार्य बहिष्कार और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रभावित होने की पूरी जिम्मेदारी सीएमओ की होगी।

## शराब ठेके पर हुए विवाद में फायरिंग, गोली लगने से युवक की मौत

समृद्धि न्यूज, फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम असनी के समीप शनिवार की देर रात देशी शराब ठेका मालिक ने 40 वर्षीय युवक को गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां उसे मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। जिसकी रास्ते में ही मौत हो गयी। वहीं मृतक के पुत्र ने सगे भाईयों समेत तीन लोगो पर आरोप लगाया है। उधर असनी चौकी में तैनात दीवान सहित सिपाही पर भी गंभीर आरोप लगाये है। पुलिस ने ठेके सेल्समैन को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी थाने के असनी गांव निवासी कामता प्रसाद दुबे का पुत्र मनीष कुमार दुबे को रात लगभग 10 बजे देशी शराब ठेका मालिक ने गोली मार दिया।

# विद्युत सब स्टेशन में ट्राली में खराबी से आपूर्ति ठप

समृद्धि न्यूज, बांगरमऊ (उन्नाव)।



नगर में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था शनिवार शाम से ठप होने के बाद मध्य रात्रि बाद कुछ समय के लिए बिजली आई और सुबह फिर चली गई। शनिवार शाम से रविवार दोपहर तक कई घंटे विद्युत आपूर्ति ठप रही जिससे उमस भरी गर्मी के चलते रात भर नागरिक परेशान रहे।बताया जाता है कि शनिवार शाम को विद्युत सब स्टेशन की ट्राली में तकनीकी खराबी के चलते विद्युत आपूर्ति ठप हो गई थी। कई घंटे तक मरम्मत का कार्य चलता रहा स जिसके कारण मध्य रात तक बिजली आपूर्ति नही हो सकी और लोगों के घरों में लगे इन्वर्टर भी ठप हो गए। जिसके कारण लोगों को रात में खुली छतों पर सोना पड़ा। रात लगभग साढ़े बारह बजे विभागीय कर्मचारियों ने किसी तरह अस्थायी व्यवस्था कर आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया। लेकिन कुछ मोहल्लें में आपूर्ति जारी रही और कुछ मोहल्लें की आपूर्ति पूरी तरह ठप रही। तकनीकी खराबी के चलते सुबह फिर आपूर्ति बंद कर दी गई। इसके बाद रविवार दोपहर दो बजे तक बिजली न आने से नागरिकों को उमस भरी गर्मी में बेहाल होना पड़ा। वर्षा के कारण बढ़ी उमस के बीच लंबे समय तक बिजली गुल रहने से घरों में लगे पंखे और कूलर बंद रहे। बिजली नही आने से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं व बीमार लोगों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ी। बिजली आधारित छोटे कारोबार भी प्रभावित हुए।सुबह आपूर्ति बंद होने के बाद विभागीय कर्मचारियों ने पैनल और ट्राली की जांच व मरम्मत का काम शुरू किया। रविवार दोपहर दो बजे आपूर्ति बहाल की जा सकी। विद्युत उपखंड अधिकारी रमेश चंद्र धीमान ने बताया कि शनिवार रात अचानक विद्युत व्यवस्था में खराबी आई थी। जिसे अस्थायी रूप से ठीक कर रात में आपूर्ति शुरू करा दी गई थी।

उमस भरी गर्मी से बेहाल रहे लोग

# संस्कृत वैज्ञानिक भाषाः डॉ. रत्नेश


गोष्ठी में मौजूद वक्ता

समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद। संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत भारतीय संस्कृति-पीठ ने कार्यालय के सभागार में संस्कृत संगोष्ठी एवं संस्कृत कविगोष्ठी का आयोजन किया अध्यक्षता आचार्य ज्योतिस्वरूप ने तथा संचालन डॉ0 कृष्णकान्त अक्षर ने किया। आचार्य प्रवेश चौबे ने संस्कृत में वाणी वंदना की। डा0 रामबाबू रत्नेश ने संस्कृत को वैज्ञानिक भाषा बताया।

डॉ0 अर्चना पाण्डेय ने संस्कृत ग्रंथो से लाभ लेने को कहा। डॉ0 विनीता तिवारी ने संस्कृत को संस्कारों की भाषा बताया। संचालक डॉ0 कृष्णकान्त ने स्वरचित संस्कृत काव्यपाठ किया। आचार्य हरीओम ने संस्कृत और आयुर्वेद पर वक्तव्य दिया। अध्यक्ष आचार्य ज्योतिस्वरूप ने स्वरचित संस्कृत काव्य पाठ करते हुये संस्कृत प्रचार पर बल दिया।

# औद्योगिक गलियारे के विरोध में उतरी पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत

## किसानों से कहा-कोई नहीं करेगा बैनामा

समृद्धि न्यूज ,फर्रुखाबाद।


बैठक में मौजूद ग्रामीण

भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। ग्राम जाजपुर गौवा में आयोजित औद्योगिक गलियारा जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने सरकार के इस कदम का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि किसी भी कीमत पर लोगों को भूमिहीन नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने मंच से ऐलान किया इसके लिए, जैसी भी लड़ाई लड़ी जाएगी, हम आपके साथ हैं। यूपीडा द्वारा औद्योगिक गलियारे के नाम पर लगभग एक दर्जन गांवों की करीब 441.748 हेक्टेयर कृषि भूमि को चिन्हित कर अधिग्रहीत करने का आदेश दिया गया है। भूमि अधिग्रहण से जिन गांवों के अधिकांश ग्रामीणों के सामने भूमिहीन होने का संकट खड़ा हो गया है, उनमें जाजपुर गोवा, जाजपुर बंजारा, शेखपुर, खजुरी, फगुना, अतनपुर, सिरोली, निसाई, तेरा गांव शामिल है। उर्मिला राजपूत ने किसानों से इस संकट की घड़ी में पूरी तरह संगठित रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति अपनी जमीन का बैनामा करने नहीं जाएगा और जमीन बचाने की यह लड़ाई हर कीमत पर लड़ी जाएगी।

## भाजपा ने जिले के सभी बूथों पर मन की बात कार्यक्रम सुना

समृद्धि न्यूज, उन्नाव। भारतीय जनता पार्टी, उन्नाव द्वारा जनपद के सभी बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 137वें एपिसोड का श्रवण कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित किया गया। मुख्य कार्यक्रम जिला मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय के बूथ संख्या 321 हुसैन नगर पर संपन्न हुआ, जहाँ भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री का संबोधन सुना। इसी क्रम में सदर विधानसभा के अंतर्गत शक्ति केंद्र आवास विकास के बूथ संख्या 264 पर सदर विधायक पंकज गुप्ता ने पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की। विधायक भगवंतनगर आशुतोष शुक्ला ने अपने आवास पर विधायक मोहान बृजेश कुमार रावत ने अपनी विधानसभा के अंतर्गत आवास स्थिति कार्यालय पर मन के बात के 137 वे संस्करण को कार्यकर्ताओं और उपस्थित जनों के साथ सुना।

# भादों के पहले रविवार हत्याहरण तीर्थ पर उमड़ा आस्था का सैलाब



समृद्धि न्यूज, भरावन, हरदोई।

भादों माह के प्रथम रविवार को पौराणिक हत्याहरण तीर्थ श्रद्धालुओं की आस्था से सराबोर नजर आया। सुबह से ही तीर्थ परिसर में स्नानार्थियों की भीड़ जुटने लगी। हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र हत्याहरण कुंड में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित किया और भगवान हनुमान के दर्शन किए। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए। श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होने के कारण यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने रूट डायवर्जन किया। वाहनों को निर्धारित स्थानों पर रोकने के लिए अस्थायी बाइक और कार स्टैंड बनाए गए।

हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई पवित्र कुंड में डुबकी

## खबरें एक नजर में

### वैदिक जीवन-पद्धति मनुष्य को सत्य का मार्ग दिखाती: संदीप आर्य

फर्रुखाबाद। आर्य समाज कमालगंज में रविवार को साप्ताहिक यज्ञ एवं वैदिक सत्संग का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। नगरवासियों ने सामूहिक रूप से यज्ञ में आहुतियां प्रदान कर लोककल्याण एवं सुख-समृद्धि की कामना की। यज्ञ के उपरांत आयोजित सत्संग में श्रद्धालुओं ने वेदोपदेश का श्रवण किया तथा परमात्मा को प्राप्त करने के वैदिक मार्ग को जाना। आचार्य संदीप आर्य ने कहा कि ईश्वर से बड़ा और महान इस संसार में कोई नहीं है। उसकी भक्ति और उपासना के सामने संसार की समस्त वस्तुएं तुच्छ प्रतीत होती हैं। इसलिए मनुष्य के जीवन का परम लक्ष्य ईश्वर की प्राप्ति होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वैदिक जीवन-पद्धति मनुष्य को सत्य, सदाचार, संयम और ईश्वर-भक्ति का मार्ग दिखाती है। नियमित यज्ञ एवं सत्संग से जीवन में सकारात्मकता और आध्यात्मिक चेतना का विकास होता है। क्रार्यक्रम में सुमित आर्य, सार्थक कटियार, राजीव, गौरव, प्रदीप कुमार, विकास, उर्मिला आर्या, स्तुति दुबे, सुरभि दीक्षित, उन्नति उपस्थित रहे।

### भाजपा नेता ने खराब पड़ी स्ट्रीट लाइट को कराया ठीक

फर्रुखाबाद। तिर्वा कॉलोनी स्थित मां मनोकामना देवी मंदिर प्रांगण में लगी स्ट्रीट लाइट पिछले लगभग एक महीने से खराब पड़ी है, जिससे पूरे क्षेत्र में शाम होते ही अंधेरा पसर जाता है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस संबंध में कई बार नगर पालिका परिषद और विद्युत विभाग को अवगत कराया गया। प्रधान को भी जानकारी दी गई, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अंधेरे के कारण मंदिर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं, महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही सुरक्षा को लेकर भी लोगों में चिंता बनी हुई है। जैसे ही जानकारी भाजपा मण्डल मीडिया प्रभारी राहुल राठौर ने मौके पर पहुंचकर विद्युत विभाग को अवगत कराया। खराब पड़ी लाइट को तुरन्त सही कराया गया।

### अभिभावक संघ ने छात्र के परिजनों से की मुलाकात



फतेहपुर। 12वीं के छात्र तेजस उर्फ यशु द्विवेदी की मौत के बाद फतेहपुर में सियासी पारा गर्म है। तमाम अलग-अलग संगठन और पार्टी के लोग तेजस द्विवेदी के आवास में पहुंचकर परिजनों को ढ़ाढस बंधा रहे हैं और स्कूल प्रशासन के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल उनके आवास पहुंचकर परिजनों से मिले और परिजनों के सामने सदर कोतवाली प्रभारी और जिला विद्यालय निरीक्षक से सीधे मोबाइल से वार्ता किया और कहा की जो लोग भी इस छात्र की मौत के दोषी हैं उन्हें बक्सा ना जाए और सख्त से सख्त कार्रवाई किया जाए ताकि फिर भविष्य में किसी अन्य छात्र के साथ इस तरीके की घटना न घट सके। वहीं अभिभावक संघ के जिलाध्यक्ष दीपक कुमार व जिला बार एसोसिएशन के महामंत्री अनुराग नारायण मिश्रा उर्फ पुत्तन मिश्रा, सत्येंद्र गुप्ता भी परिजनों से मुलाकात किया और कहा कि इस दुख की घड़ी में वह उनके साथ खड़े हैं इसके साथी जो भी लोग दोषी हैं उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई कराए जाने की भी इन लोगों ने मांग किया। अब इन हालातो में जिला प्रशासन ने भी कार्रवाई तेज कर दिया है जहां प्रधानाचार्य व प्रबंधक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज करने के बाद प्रधानाचार्य सक्षम को जेल भेजा गया है।

# स्टेडियम में दिखा मुक्केबाजी व कबड्डी का रोमांच

समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।



खेल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं का स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में शानदार समापन हुआ। मुक्केबाजी (बॉक्सिंग) और कबड्डी प्रतियोगिता के रोमांचक फाइनल मुकाबले खेले गए। भोजपुर विधायक नागेन्द्र सिंह राठौर ने प्रतियोगिता का शुभारम्भ कराया। जिसमें युवा खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता संपन्न होने के पश्चात, जिला क्रीड़ा अधिकारी संजीव कुमार सिंह ने विजेता खिलाड़ियों और निर्णायकों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए क्रीड़ा अधिकारी ने आश्वासन दिया कि उनका प्रयास रहेगा कि जिला खेल कार्यालय द्वारा भविष्य में भी समय-समय पर ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन होता रहे, जिससे अधिक से अधिक खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हो सके। कबड्डी का खिताबी मुकाबला बेहद ही दिलचस्प रहा। फाइनल मैच सरस्वती इंटर कॉलेज मोहम्मदाबाद और सीके क्लब शमशाबाद के बीच खेला गया। इसमें सरस्वती इंटर कॉलेज ने शानदार खेल दिखाते हुए 35 अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, सीके क्लब शमशाबाद की टीम द्वितीय स्थान पर रही। मुक्केबाजी प्रतियोगिता बालक वर्ग में 46 किलोग्राम में प्रथम अरमान, द्वितीय देव रहे। 52 किलोग्राम में प्रथम सूरज, द्वितीय आलेख व तृतीय अभय रहे। 60 किलोग्राम में प्रथम हनी, द्वितीय रघुवीर, तृतीय रुद्र प्रताप रहे। 70 किलोग्राम प्रथम आयुष कुमार, द्वितीय देवांश रहे। 75 किलोग्राम में प्रथम बृज किशोर, द्वितीय उज्जवल रहे। वहीं बालिका वर्ग में 40 किलोग्राम प्रथम दीपा शुक्ला, द्वितीय संजना चौहान रही। 36 किलोग्राम में प्रथम अशिका व द्वितीय स्थान आरोही ने पाया। पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान खेल प्रेमियों का खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर सत्यम मिश्रा, पूनम शर्मा, पंकज यादव, सुशांत गुप्ता, संजीव कटियार, कुलदीप यादव, अरुण यादव, करण कुशवाहा, विमलेश, अभिषेक पाल, अभिषेक शाक्य, विनीत और अहमद मियां मौजूद रहे।

# समीर रिजवी की तूफानी पारी से कानपुर सुपरस्टार्स की शानदार जीत



समृद्धि न्यूज, कानपुर। ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेले गए यूपी टी-20 लीग सीजन-4 के 25वें मुकाबले में कानपुर सुपरस्टार्स ने नोएडा किंग्स को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी। इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे समीर रिजवी ने महज 39 गेंदों में नाबाद 91 रन की तूफानी पारी खेलकर कानपुर की जीत में अहम भूमिका निभाई। बारिश और गीली आउटफील्ड के चलते मुकाबला 12-12 ओवर का कर दिया गया। नोएडा किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 6 विकेट खोकर 128 रन बनाए। जवाब में कानपुर सुपरस्टार्स ने 10.4 ओवर में दो विकेट खोकर 130 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। समीर रिजवी ने अपनी पारी में चौके-छक्कों की बरसात की। उन्होंने 39 गेंदों पर 91 रन की नाबाद पारी खेली। वहीं अभिषेक पांडेय ने 17 गेंदों पर 31 रन बनाकर उनका शानदार साथ दिया। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 43 गेंदों में 93 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को आसान जीत दिलाई। नोएडा की शुरुआत खराब रही। सलामी बल्लेबाजों के जल्दी आउट होने के बाद अभिषेक पांडेय ने गेंदबाजी में भी प्रभाव छोड़ा और तीन ओवर में 10 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। जवाब में कानपुर के बल्लेबाजों ने दबाव के बावजूद आक्रामक क्रिकेट खेली।

# 39वां वार्षिकोत्सव व विद्यालय के संस्थापक मूर्ति का अनावरण कार्यक्रम संपन्न



समृद्धि न्यूज, उन्नाव।

रविवार को पंडित राम शंकर त्रिपाठी सरस्वती विद्या मंदिर सिविल लाइन्स में विद्यालय के 39 वां वार्षिकोत्सव एवं विद्यालय के संस्थापक स्व. राम शंकर त्रिपाठी जी की मूर्ति का अनावरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर हवन पूजन के साथ प्रसाद वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय राम शंकर त्रिपाठी जी की जयंती पर मूर्ति का अनावरण हाईकोर्ट के जस्टिस तरुण सक्सेना ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे तरुण सक्सेना ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विद्यालय के अध्यक्ष ओम शंकर त्रिपाठी ने संस्थापक स्व. रामशंकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनके संस्मरणों को साझा किया। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में शिक्षक विधायक राजबहादुर सिंह चंदेल ने संस्थापक की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर कहा कि उनके द्वारा सामाजिक सहयोग के लिए ही इस विद्यालय की स्थापना हुई थी। जिसे समाज के बच्चे शिक्षित होकर देश व विद्यालय का मान बढ़ायेंगे। आए हुए अतिथियों व अभिभावकों ने संस्थापक जी की मूर्ति पर पुष्पांजलि की।

# अज्ञात युवक की हत्या का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज, कानपुर।



स्वरूप नगर थाना क्षेत्र में 29 अगस्त को हुई अज्ञात व्यक्ति की सनसनीखेज हत्या का पुलिस ने महज 24 घंटे में खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल स्कूटी, अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस, दो मोबाइल फोन और खून के निशान वाले जूते बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक, 29 अगस्त को स्वरूप नगर क्षेत्र में एक अज्ञात व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत की सूचना यूपी-112 के माध्यम से मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस को घटना संदिग्ध प्रतीत हुई। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर सामने आया कि स्कूटी सवार दो युवक अज्ञात व्यक्ति के साथ मारपीट कर रहे थे और बाद में उसके ऊपर स्कूटी चढ़ाकर उसकी हत्या कर दी गई।

इस मामले में थाना स्वरूप नगर में मुकदमा संख्या 98/2026 के तहत धारा 103(1) बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस टीम ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सीसीटीवी फुटेज और साइबर सेल की तकनीकी सहायता से आरोपियों की पहचान की। 30 अगस्त को दोनों आरोपियों को केडीए कार्यालय के पीछे पानी के टैंकर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। उनके कब्जे से स्कूटी, 315 बोर का अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस, दो मोबाइल फोन और सफेद-आसमानी रंग के स्पोर्ट्स जूते बरामद हुए, जिन पर खून के निशान पाए गए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि मृतक द्वारा उन्हें 'पागल' कहे जाने से नाराज होकर विवाद हुआ।

# दिवंगत शिक्षकों के सम्मान में श्रद्धांजलि सभा व शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन

समृद्धि न्यूज, उन्नाव।



कार्यक्रम का शुभारंभ प्रज्वलित कर सदर विधायक पंकज गुप्ता ने किया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में मात्र शिक्षक की सोच ऐसी हो सकती है जो अपने लिए छोड़कर दूसरों के लिए भी सोचता हो। शिक्षक ही है जो लीक से हटकर कुछ और सोच सकते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल ने कहा कि शिक्षक समाज-समय पर अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करता रहा है और आज का यह कार्यक्रम भी शिक्षक समाज द्वारा एक अनुकरणीय उदाहरण के रूप में देखा जाएगा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश कोषाध्यक्ष संजीव रजक ने कहा टीम अपनी वर्तमान कि योजना में सफल हुई है आगे भी शिक्षकों का साथ मिला तो नए कीर्तिमान रचे जायेंगे। शिक्षकों ने वह कर दिखाया जो किसी भी संगठन के लिए संभव नहीं था।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री सुदेश पाण्डेय ने कहा कि सहयोग में पिछले दो वर्ष में 45वें से दसवें स्थान पर पहुंच गया है अब उन्नाव की जिम्मेदारी या बनती है कि उन्नाव यह देखें कि हमारे यहां शत प्रतिशत शिक्षक योजना से आच्छादित हो जाएं।

कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि अमितेश सिंह नंदू, वरिष्ठ शिक्षाविद ज्ञानेंद्र शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष डीएसडीएफ प्रियंका शुक्ला, श्रद्धा बाजपेई समेत विभिन्न शैक्षणिक संगठनों के जिला अध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, विवेक तिवारी, अनुपम मिश्रा, कृष्ण शंकर मिश्रा, शिवेंद्र प्रताप सिंह, सुरेंद्र प्रकाश, सचिन मिश्रा आदि उपस्थित रहे। टीचर्स सेल्फ केयर टीम की जिला कार्यकारिणी के द्वारा उपस्थित सभी का सम्मान किया गया। अपने उद्बोधन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष विवेकानंद ने बताया कि टीचर्स सेल्फ केयर टीम अब तक 268 करोड़ रुपए से अधिक धनराशि बिना किसी बाहरी सहायता के दिवंगत शिक्षकों के परिवारों को प्रदान कर चुकी है।

अब तक 680 से अधिक दिवंगत शिक्षकों के परिवारों को सहायता राशि से आच्छादित किया गया है।

कार्यक्रम में उनके द्वारा घोषणा की गई की अब दिवंगत शिक्षकों के नाम से प्रयागराज में एक शिक्षक पथ बनाया जाएगा जहां प्रत्येक दिवंगत शिक्षक के नाम पर पीपल के वृक्ष लगाए जाएंगे और उनके संरक्षण किया जाएगा।

# सर्पदंश से युवक की मौत

समृद्धि न्यूज, औंग, फतेहपुर। औंग थाना क्षेत्र के ग्राम शादीपुर में रविवार की भोर घर के अन्दर सो रहे 19 वर्षीय युवक को सर्प ने डस लिया। इलाज के लिए निजी हस्पिटल ले गये। जहां उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार शादीपुर गांव निवासी राम लाल का पुत्र शिवांशु घर के अन्दर सो रहा था। तभी रविवार की भोर सर्प ने उसे डस लिया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुयी तो उसे उपचार के लिए प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज दौरान उसकी मौत हो गयी। वहीं घटना की सूचना पाकर मौके में पहुची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया।

# जंगली शिव महादेव मंदिर में सांसद ने किया भूमिपूजन

- 131 लाख रुपये से होगा प्रसिद्ध मंदिर का कायाकल्प
- श्रद्धालुओं को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

समृद्धि न्यूज, हरदोई।



विकासखंड भरावन क्षेत्र के प्रसिद्ध जंगली शिव महादेव मंदिर के विकास एवं सौंदर्यीकरण की दिशा में रविवार को महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। पर्यटन विभाग से स्वीकृत 1 करोड़ 31 लाख रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का मिश्रिख सांसद अशोक रावत ने विधि-विधान से भूमि पूजन कर शुभारंभ किया। इस दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, मंदिर कमेटी के पदाधिकारी, श्रद्धालु एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।स्वीकृत धनराशि से मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए, यात्री विश्राम गृह, यात्री शेड, सोलर स्ट्रीट लाइट, वाटर कूलर, समर बोरिंग सहित विभिन्न विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्य कराए जाएंगे। इससे दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को ठहरने, पेयजल और प्रकाश जैसी सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। जंगली शिव महादेव मंदिर क्षेत्र का प्रमुख धार्मिक स्थल है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। मंदिर परिसर में नियमित रूप से सीताराम जाप भी होता है। सावन के दौरान कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने से मंदिर परिसर में विशेष चहल-पहल रहती है।

# मिश्रौली डोल मेला पर प्रशासन की नजर, 19 गांवों को लेकर बनी रणनीति

- अफवाह से बचें विवाद से दूर रहें प्रशासन की अपील

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर निकलने वाले मिश्रौली डोल मेले में आस्था की भीड़ के बीच व्यवस्था की परीक्षा होगी। संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासन ने अभी से मोर्चा संभाल लिया है। शनिवार को मिश्रौली चौकी परिसर में एसडीएम सदर राजीव निगम की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें 19 गांवों के डोल आयोजकों, ग्राम प्रधानों और संभ्रांत लोगों के साथ मेले के दौरान सुरक्षा, यातायात, बिजली और साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर मंथन किया गया।



एसडीएम सदर राजीव निगम ने कहा कि त्योहार हमारी सभ्यता और संस्कृति की पहचान हैं। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाया जाना चाहिए। उन्होंने आयोजकों से प्रशासन की गाइडलाइन का पालन करते हुए कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में सहयोग की अपील की। सीओ सदर राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि अति उत्साह कई बार दुर्घटना का कारण बन जाता है। इसलिए डीजे की ऊंचाई निर्धारित मानकों के अनुरूप रखने के साथ ही जुलूस और डोल मेले के दौरान विशेष सतर्कता बरती जाए। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा किसी भी विपरीत परिस्थिति की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।

कोतवाली पडरौना के प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश तिवारी ने बड़हरा और मिश्रौली क्षेत्र के धार्मिक स्थलों पर प्रशासन की ओर से लगाए गए लाल निशान और निर्धारित नियमों का पालन करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि परंपराओं के साथ प्रशासनिक निर्देशों का अनुपालन भी जरूरी है, ताकि आयोजन के दौरान किसी तरह की समस्या उत्पन्न न हो। बैठक में ग्रामीणों और डोल आयोजकों ने बिजली के ढीले तारों को ठीक कराने तथा मेला क्षेत्र में साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग उठाई। इस पर अधिकारियों ने संबंधित विभागों को आवश्यक कार्य समय से पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक का संचालन महेंद्र दीक्षित ने किया। इस दौरान चौकी प्रभारी शैलेंद्र मिश्र, प्रधान आनंद दीक्षित, सुनील दीक्षित, पिंटू मिश्रा, धर्मेंद्र उपाध्याय, मोहन गुप्ता, भोला यादव, आद्या राय, अकलीम बबलू, कृष्ण मोहन रौनियार, हाफीज बशीर, दूधनाथ वर्मा, शंभूशरण मिश्र, मनोज दीक्षित, ऐहसान, राजकुमार वर्मा, मुरारीलाल श्रीवास्तव समेत 19 गांवों के डोल आयोजक, प्रधान और अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# एडिशनल एसपी ने अवैध खनन, परिवहन रोकने के लिए बने बैरियरों का किया औचक निरीक्षण

**कुशीनगर।** जनपद में अवैध खनन परिवहन की रोकथाम के लिए बने विभिन्न बैरियरों का 29/30 देर रात्रि में अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर सिद्धार्थ वर्मा द्वारा देर रात्रि में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों एवं खनन/राजस्व विभाग के कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ वर्मा द्वारा 29/30 अगस्त की देर रात्रि में अवैध खनन एवं इसके अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों के सीमाओं पर स्थापित महत्वपूर्ण बैरियरों- बहादुरपुर बैरियर, टड़वा बैरियर, चखनी बैरियर, दौनहा बैरियर का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान बैरियरों पर तैनात पुलिस कर्मियों, खनन विभाग एवं राजस्व विभाग के कर्मचारियों को मुस्तैदी से बैरियर से गुजरने वाले प्रत्येक बालू, गिट्टी व अन्य खनन सामग्री से लदे वाहनों की गहनता से जांच हेतु निर्देश दिया। उन्होंने बिना वैध दस्तावेज, ओवरलोडिंग या बिना परमिट के संचालित वाहनों पर तत्काल प्रभाव से वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। साथ ही पुलिस, खनन और राजस्व विभाग के कर्मचारी आपसी समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्यवाही करने की बात कहते हुए अवैध खनन और परिवहन में संलिप्त भू-माफियाओं व असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

# 'मन की बात' नागरिकों से प्रधानमंत्री के सीधे संवाद का बन चुका है सशक्त माध्यम

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 137वें एपिसोड को रविवार को सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने अपने वीर बहादुर नगर बूथ संख्या 209 पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों के साथ सुना। प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान कार्यकर्ताओं ने विभिन्न विषयों पर उनके विचारों को ध्यानपूर्वक सुना और कार्यक्रम के बाद उसमें उठाए गए विषयों पर चर्चा भी की। इस अवसर पर विधायक श्री कन्नौजिया ने कहा कि मन की बात देश के नागरिकों से प्रधानमंत्री के सीधे संवाद का सशक्त माध्यम बन चुका है। प्रधानमंत्री इस




कार्यक्रम के जरिए देश के अलग-अलग क्षेत्रों में समाज और राष्ट्रहित में बेहतर कार्य करने वाले लोगों की उपलब्धियों को देश के सामने रखते हैं। इससे आम नागरिकों, युवाओं और कार्यकर्ताओं को समाज के लिए सकारात्मक योगदान देने की प्रेरणा मिलती है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात में स्थानीय प्रतिभाओं, नवाचार, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तीकरण, युवा शक्ति और जनभागीदारी जैसे विषयों को प्रमुखता दी जाती है। इससे देश के विभिन्न हिस्सों में किए जा रहे छोटे-छोटे लेकिन महत्वपूर्ण प्रयासों को राष्ट्रीय पहचान मिलती है। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम समाज के प्रत्येक वर्ग को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का काम कर रहा है। 'मन की बात' के माध्यम से देश की विविधता में एकता और सबका प्रयास की भावना को मजबूती मिलती है। इस दौरान नगर अध्यक्ष आकाश श्रीवास्तव, इंद्रजीत गुप्ता, बूथ प्रमुख अश्विनी तिवारी, संजीव शुक्ला, भाजयुमो जिला महामंत्री गोविंद जायसवाल, राम आशीष, रमेश वर्मा, भीष्म तिवारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस ने लूट की घटना का किया खुलासा, 3 अभियुक्त गिरफ्तार

- पुलिस ने लूट का सामान किया बरामद

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**

जिले के सेवरही व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र में हुई लूट की घटना का सफल अनावरण कर घटना में शामिल 3 शातिर अभियुक्तों को लूट कर सामान के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसपी कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में लूट की घटना का खुलासा करते अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ वर्मा ने पत्रकारों को बताया कि बीते 30 अगस्त को सेवरही पुलिस व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुअसं 208/2026 धारा 309(4) बीएनएस से संबंधित में 3 शातिर अभियुक्त फैयाज शेख पुत्र मुस्लिम साकिन रकबा दुलमा पट्टी टोला रामसगरा थाना सेवरही जनपद कुशीनगर, नजरे आलम पुत्र हैदर अली निवासी रकबा दुलमा पट्टी टोला रामसगरा थाना सेवरही जनपद कुशीनगर, आसीर अली पुत्र मुजाम अली निवासी मझम्मपुर थाना बेलडन्गा जनपद मुर्शीदाबाद पश्चिम बंगाल हा.मु. भटवलिया नं-2 थाना तमकुहीराज जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार किया तथा उनके कब्जे से लूट की मोबाइल, सैमसंग कंपनी की व लेडिज पर्स तथा 9100/- रुपये नगद की बरामदगी की गयी। पुलिस के अनुसार बीते 15 अगस्त को दिलीप सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी गौरी श्रीराम, थाना विशुनपुरा, जनपद कुशीनगर अपनी पत्नी पम्मी पटेल और पुत्र आदर्श सिंह के साथ तमकुहीराज मेला घूमकर रात करीब 10 बजे घर लौट रहे थे। रास्ते में अहिरौली हनुमान सिंह स्थित दुर्गा माता मंदिर के पास पहुँचने पर दो अज्ञात




मोटरसाइकिल सवार पीछे से आए और दिलीप सिंह की पत्नी का हैंडबैग छीनकर भाग गए। हैंडबैग में 10,000 रुपए नकद और एक सैमसंग एंड्रॉइड मोबाइल रखा था। घटना की सूचना पर थाना स्थानीय में मु.अ.सं. 208/2026 धारा 309(4) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस ने मामले में शामिल दो अभियुक्तों फैयाज शेख एवं नजरे आलम उपरोक्त को गिरफ्तार किया। फैयाज व नजरे आलम आपस में अच्छे मित्र है। पुलिस द्वारा नजरे आलम से पुछताछ की गयी तो उसके द्वारा बताया गया कि उसने यह घटना अपनी नयी नवेली पत्नी को नया मोबाइल देने के लिये कारित किया है। इनके कब्जे से लूटी गई राशि में से 9,100 रुपए तथा पर्स हैंडबैग बरामद हुआ। गिरफ्तार उपरोक्त दोनों अभियुक्तों ने लूटे हुए मोबाइल तमकुहीराज स्थित पुरानी मोबाइल खरीद-बिक्री की दुकान पर तीसरे अभियुक्त आसीर अली पश्चिम बंगाल, हा.मु. भटवलिया नं-2 थाना तमकुहीराज जनपद कुशीनगर निवासी को बेच दिया था। पुलिस ने आसीर अली के पास से उक्त सैमसंग मोबाइल बरामद कर लिया है। आसीर अली का अतिरिक्त आपराधिक कृत्य-आसीर अली चोरी के मोबाइलों को खोलकर उनके कीमती पार्ट्स (स्क्रीन, टच, कैमरा, बैटरी आदि) अलग-अलग निकालकर पश्चिम बंगाल में बेचने का काम करता था। उसकी दुकान से पुलिस ने 18 अदद खुले मोबाइल, बड़ी मात्रा में एंड्रॉइड मोबाइल पार्ट्स तथा कीपैड मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस टीम ने गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों को मु.अ.सं. 208/2026 धारा 309(4), 317(2), 3(5) बीएनएस के तहत जेल भेज दिया है। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा सेवरही, उ.नि. स्वतंत्र कुमार सिंह प्रभारी स्वाट, उ.नि. सन्नी दूबे प्रभारी सर्विलांस, उ.नि. अनिल कुमार शर्मा चौकी प्रभारी कस्बा सेवरही, उ.नि. राम सिंह, उ.नि. राजेश यादव, अमित सिंह कम्प्यूटर आपरेटर सर्विलांस सेल, हे.कां. रामइकबाल राव स्वाट टीम, हे.का. संतोष कुमार सिंह, हे.कां. राहुल सिंह, हे.कां. सत्येन्द्र कुमार, कां. शिवानन्द सिंह, कां. ऋषि पटेल, कां. अंकित सिंह, हे.कां. उमेश कुमार, कां. पवन कुशवाहा, कां. गिरीशचन्द गौड शामिल रहे।

# भयानक फ्लैश फ्लड और मलबे के बहाव ने नेपाल को दिया गहरा जख्म, जनपद में सतर्कता जारी

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।**

बीते 26 अगस्त की सुबह आए भयानक फ्लैश फ्लड और मलवे से नेपाल का रसुवा और धाडिंग जिला, तिब्बत-नेपाल सीमा पर स्थित रसुवागढ़ीऔर गयिरॉन्ग पोर्ट, तथा भोटे कोशी व त्रिशूली नदी घाटी के तटीय इलाके बुरी तरह से प्रभावित होने की खबर हैं। जिससे भारी संख्या में जनहानि एवं क्षति हुई है। 26 अगस्त 2026 को आपदा का कारण ग्लेशियर का गिरना और मलबे का बहाव बताया जा रहा है ।शुरुआती रिपोर्टों में इसे भूकंप या झील फटने से जोड़ा गया था। हालांकि, अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण और विशेषज्ञों के उपग्रह विश्लेषण के अनुसार, लांगटांग नेशनल पार्क/तिब्बत क्षेत्र में अत्यधिक ऊंचाई (लगभग 5,000 मीटर) से भारी मात्रा में बर्फ और चट्टानों के ढहने से यह भीषण जल प्रलय उत्पन्न हुई।इस दौरान बर्फ और मलबे के तेजी से गिरने की वजह से जो ऊर्जा उत्पन्न हुई, उसने सिस्मिक सेंसरों पर 5.2 तीव्रता के भूकंप जैसा प्रभाव दर्ज कराया। जिसके परिणाम स्वरूप नेपाल में अब तक करीब पौने सात सौ लोगों की मौत होने की खबर आ रही है। वहीं हजारों लोग अभी लापता है जिनकी खोज जारी है। लापता लोगों में कैलाश मानसरोवर यात्रा पर गए कई भारतीय तीर्थयात्री और विदेशी पर्यटक शामिल हैं। फ्लैश फ्लड एवं मलबे के चलते नेपाल और चीन (तिब्बत) को जोड़ने वाला मुख्य व्यापारिक और व्यापार मार्ग तथा फ्रेंडशिप ब्रिज पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने की खबर है। इसके अलावा भोटे कोशी और त्रिशूली नदी पर बने कई हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स (जलविद्युत संयंत्र), पुल और कई दर्जनों घर बह गए हैं। शुरुआती अनुमान के अनुसार सड़कों और पुलों के नुकसान का आंकड़ा ही करीब 157 मिलियन (लगभग 15 अरब नेपाली रुपये) पहुंच गया है। नेपाल सेना, पुलिस और सशस्त्र बलों द्वारा हेलीकॉप्टरों की मदद से बचाव कार्य चलाया जा रहा है। वहीं अन्य देशों से भी तकनीकी लोगों का दल पहुंच चुका है और रेस्क्यू जारी है। हालांकि सड़कें टूटने और खराब मौसम की वजह से अंदरूनी इलाकों तक पहुंचने में मुश्किलें आ रही हैं।चूंकि भोटे कोशी-त्रिशूली नदी प्रणाली भारत में गंडक नदी के रूप में बहती है, इसलिए बाढ़ के खतरे को देखते हुए बिहार और उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में अलर्ट जारी किया गया है और एन डी आर एफ टीमों को तैनात किया गया है। वर्तमान में गंडक नदी में जल प्रलय की आपदा से मृत्यु लोगों की लाशें मिल रही है और तमाम उपयोगी वस्तुएं बह रही हैं। महराजगंज जिला प्रशासन द्वारा जनपद वासियों को सूचित किया गया कि नेपाल राष्ट्र के अंतर्गत नारायणी नदी के कैचमेंट में सामान्य वर्षा होने के कारण नारायणी नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। जिससे वाल्मीकि बैराज पर अधिकतम डिस्चार्ज डेढ़ लाख क्यूसेक तक जाने की संभावना है। इसमें कृत्रिम बनी बैरियर झील के डिस्चार्ज का विशेष प्रभाव नहीं है।स्थिति सामान्य एवं नियंत्रण में है। और लगातार निगरानी जारी है।

## पास्को एक्ट का वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया न्यायालय

**महाराजगंज।** पुलिस अधीक्षक शक्तिमोहन अवस्थी द्वारा अपराध की रोकथाम तथा वांछित/वारंटियों की गिरफ्तारी के संबंध में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी निचलौल रविन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में थाना कोठीभार पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है। दिनांक 30 अगस्त 2026 को थाना कोठीभार पुलिस टीम द्वारा मुअसं. 313/2025 धारा 64(1), 137(2), 351(3), 61(2), 87 बीएनएस व 3/4 पोक्सो एक्ट से संबंधित वांछित वारंटी अभियुक्त संदीप पुत्र मोफिल, निवासी रुद्रापुर, थाना कोठीभार, जनपद महराजगंज को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम मे उ.नि. विनित यादव, उ.नि. संदीप वर्मा, उ.नि. उदयभान यादव एवं कां. शुभम यादव शामिल रहे।

# सर्पदंश से किसान की मौत, घंटों चारपाई के पास बैठा रहा सांप

- चिकित्सकों ने मृत घोषित किया
- परिजन झाड़-फूंक के लिए ले गए

**भांवरकोल/गाजीपुर।** क्षेत्र के जसदेवपुर निवासी किसान दिनेश यादव उर्फ बुआ (50) की रविवार की भोर सर्पदंश से मौत हो गई। दिनेश यादव गांव से करीब दो किलोमीटर उत्तर जसदेवपुर मोड़ के पूर्व राष्ट्रीय राजमार्ग-31 के किनारे स्थित अपने खेत में डेरा बनाकर रहते थे। बताया जाता है कि रविवार की सुबह करीब चार बजे वह चारपाई पर सो रहे थे। इसी दौरान सांप ने उनके हाथ की उंगली में डंस लिया। सर्पदंश के बाद परिजन उन्हें उपचार के लिए खीस्त सेवाश्रम, रसूलपुर ले गए। हालत गंभीर होने पर वहां से उन्हें मऊ स्थित फातिमा अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस बीच, घटना के बाद सांप काफी देर तक दिनेश यादव की चारपाई के पास बैठा रहा। सांप को चारपाई के पास देखकर मौके पर मौजूद लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित किए जाने के बावजूद परिजन उन्हें झाड़-फूंक के लिए बिहार के इजरी ले गए। हालांकि, कुछ ही देर बाद स्वजन निराश होकर दिनेश यादव के शव को इजरी से वापस घर ले आए। ग्रामीणों की सूचना पर वन



विभाग की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और सांप को सुरक्षित पकड़ लिया। वन क्षेत्राधिकारी आदित्य कुमार यादव ने बताया कि सांप को रेस्क्यू कर प्राकृतिक आवास में छोड़ने के लिए सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया है। ग्राम प्रधान मुन्ना सिंह यादव की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष रोहित कुमार मिश्र ने बताया कि ग्रामीणों की मांग पर आवश्यक कार्रवाई की गई है। किसान की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है।

# साइबर हेल्प डेस्क, जंगीपुर ने धोखाधड़ी का वापस कराया 42 हजार रुपये




**गाजीपुर।** साइबर हेल्प डेस्क थाना जंगीपुर की त्वरित कार्यवाही शिकायतकर्ता के साथ हुई 41446/- रुपये की साइबर धोखाधड़ी को सफलतापूर्वक वापस कराया गया। शिकायतकर्ता विनोद कुमार पुत्र रामायन राम निवासी ग्राम देवकठिया, थाना जंगीपुर जनपद गाजीपुर द्वारा 41446/- रुपये की साइबर धोखाधड़ी सम्बंधित शिकायत दर्ज करायी गयी।साइबर हेल्प डेस्क थाना जंगीपुर द्वारा NCRP पोर्टल द्वारा प्राप्त कम्पलेन से 41446/- रुपये की धनराशि सफलतापूर्वक आवेदक के खाते में वापस कराई गई। इस कार्यवाही में उनि. जमालुद्दीन, कां..आलोक कुमार मौर्या की महत्वपूर्ण भूमिका रही। धनराशि वापस प्राप्त होने पर आवेदक ने गाजीपुर पुलिस एवं साइबर हेल्प डेस्क थाना जंगीपुर का आभार व्यक्त किया ।

## जर्जर विद्यालय भवनों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई तेज, 87 भवनों का कार्य पूर्ण

**गाजीपुर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी श्री अनुपम शुक्ला के निर्देश के क्रम में जनपद में चिन्हित जर्जर परिषदीय विद्यालय भवनों के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही तेजी से कराई जा रही है। जनपद में चिन्हित कुल 196 जर्जर विद्यालयों के सापेक्ष आज दिनांक 30 अगस्त 2026 तक 87 विद्यालय भवनों का ध्वस्तीकरण कार्य पूर्ण करा लिया गया है। शेष जर्जर विद्यालय भवनों के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही भी युद्धस्तर पर जारी है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपासना रानी वर्मा ने बताया कि ध्वस्तीकरण कार्य के दौरान छात्र–छात्राओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आवश्यक सावधानियां बरती जा रही हैं। संबंधित अधिकारियों को कार्य की निरंतर निगरानी करते हुए निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# नंदगंज को तहसील व नपं. घोषित करने की मांग को लेकर होगा धरना-प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**

नन्दगंज तहसील बनाओ-नगर पंचायत बनाओं संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मोर्चा के संयोजक अरूण कुमार श्रीवास्तव और अध्यक्ष उमाकांत सिंह मोती के संयुक्त नेतृत्व में नन्दगंज बाजार में जनसम्पर्क कर नन्दगंज को तहसील बनाने और नगर पंचायत घोषित करने की मांग को लेकर दिनांक 22सितम्बर को जिला मुख्यालय सरजू पांडे पार्क में आयोजित धरना प्रदर्शन में शामिल होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। जनसम्पर्क के पश्चात मोर्चा की एक आवश्यक बैठक श्री ठाकुर जी राम-लक्ष्मण जानकी महिला महाविद्यालय में आयोजित हुई। इस बैठक में मोर्चा के संयोजक अरूण



कुमार श्रीवास्तव ने स्थानीय निवासियों से इस धरना प्रदर्शन में तन-मन-धन से सहयोग करने की अपील करते हुए कहा नन्दगंज क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए नन्दगंज को तहसील एवं नगर पंचायत बनाया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि आजादी के आंदोलन में इस क्षेत्र के नौजवानों ने अग्रणी भूमिका निभाई थी। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी भोला सिंह,डोमा लोहार,पतरू लाल, राम सुंदर शास्त्री,गौरीशंकर लाल, रामधारी सिंह यादव,कामता लाल,बेचन प्रसाद गुप्ता, सदानंद यादव आदि तमाम स्वतंत्रता सेनानियों की चर्चा करते हुए कहा इन सेनानियों के सम्मान में नन्दगंज क्षेत्र में कोई भी विकास कार्य नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि आज भी नन्दगंज क्षेत्र की गिनती पिछड़े क्षेत्र के रूप में होती है। विकास के नाम पर नन्दगंज में एक चीनी मिल थी वह भी बंद हो गई। नन्दगंज स्टेशन पर कोई भी एक्सप्रेस ट्रेन नहीं रूकती है जिससे रोजी रोजगार के लिए मुम्बई, दिल्ली, लखनऊ, कलकत्ता तथा अन्य महानगरों में जाने के लिए काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। इस क्षेत्र के लोगों को इन स्थानों पर जाने के लिए लगभग 20-30किलोमीटर दूर जाकर औड़िहार या गाजीपुर रेलवे स्टेशन जाकर ट्रेन पकड़नी पड़ती है। उन्होंने इस क्षेत्र की बिजली संकट की चर्चा करते हुए बताया कि नन्दगंज फीडर को जौहरगंज विधुत उपकेंद्र से सप्लाई होती थी जिसे अब जौहरगंज के बजाय नन्दगंज फीडर को सादात उपकेंद्र से जोड़ दिया गया है जिसके चलते सादात विधुत सब स्टेशन का भार बढ़ गया है। जिसकी वजह से नन्दगंज क्षेत्र की विधुत व्यवस्था चरमरा गई है। इसके चलते इस क्षेत्र में घोर विधुत संकट है। विधुत आपुर्ति सुचारू न होने के कारण इस क्षेत्र के व्यापारियों और किसानों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। मोर्चा के अध्यक्ष उमाकांत सिंह उर्फ मोती सिंह ने इस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए नन्दगंज को जल्द से जल्द तहसील और नगर पंचायत घोषित करने, नन्दगंज रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर महान स्वतंत्रता सेनानी भोला सिंह के नाम पर करने और नन्दगंज क्षेत्र में 132के.वी. का विधुत उपकेंद्र स्थापित करने की मांग किया तथा इसके साथ साथ नन्दगंज से होकर गुजरने वाली सभी एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टाप नन्दगंज में भी किये जाने की मांग किया। इस जनसम्पर्क कार्यक्रम में पर डॉ. शशिकांत सिंह, अशोक प्रताप त्रिपाठी, अमन सिंह, गुलाब प्रजापति, प्रमोद चौबे, दूधनाथ राम, गोल्डी सिंह, राम अवध सिंह यादव आदि मौजूद थे।

# पशुचर भूमि पर अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध प्रशासन ने की कार्रवाई

- पक्का निर्माण हटाकर भूमि कराई गई अतिक्रमणमुक्त

**समृद्धि न्यूज़, गाज़ीपुर।**

दिनांक 30.08.2026 को तहसील सदर, गाजीपुर अन्तर्गत मौजा नसीरुद्दीनपुर, परगना-पचोतर स्थित आराजी संख्या-565, रकबा 0.2690 हे., जो राजस्व अभिलेखों में पशुचर भूमि के खाते में दर्ज है, के अंश भाग पर किए गए अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी भूरा सुनील कुमार त्रिवेदी राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा नियमानुसार बेदखली की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि उक्त भूमि के अंश रकबा 0.0030 हे. एवं 0.0100 हे. पर किए गए अवैध



कब्जे/पक्के निर्माण के संबंध में न्यायालय तहसीलदार सदर, गाजीपुर में धारा-67, उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 के अन्तर्गत वाद संचालित किए गए थे।

न्यायालय द्वारा क्रमशः दिनांक 03.04.2025 एवं 14.10.2025 को बेदखली एवं क्षतिपूर्ति के आदेश पारित किए गए थे। आदेशों के विरुद्ध प्रस्तुत अपील भी सक्षम न्यायालय द्वारा दिनांक 17.01.2026 को निरस्त की जा चुकी थी। न्यायालयीय आदेशों के अनुपालन में अतिक्रमणकर्ता को स्वयं अतिक्रमण हटाने हेतु नियमानुसार नोटिस एवं द्वितीय नोटिस भी निर्गत किए गए। निर्धारित अवसर दिए जाने के बावजूद अतिक्रमण स्वयं न हटाए जाने के कारण आज राजस्व एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जा एवं निर्माण हटवाते हुए पशुचर भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया गया। सम्पूर्ण कार्रवाई उपजिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार सदर एवं प्रभारी निरीक्षक की उपस्थिति में पर्याप्त राजस्व एवं पुलिस बल के साथ शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराई गई। कार्रवाई की निगरानी मुख्य राजस्व अधिकारी, गाजीपुर एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, गाजीपुर द्वारा की गई।

जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि ग्राम सभा की सार्वजनिक उपयोग की भूमि, विशेषकर पशुचर, तालाब, रास्ता, खलिहान आदि आरक्षित श्रेणी की भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऐसे अतिक्रमणों को चिह्नित कर विधिक प्रक्रिया के अनुसार हटाने की कार्रवाई निरंतर की जाएगी तथा दोषी व्यक्तियों से नियमानुसार क्षतिपूर्ति एवं अतिक्रमण हटाने में हुए व्यय की वसूली भी सुनिश्चित की जाएगा।

# 14 सितंबर तक मनाया जायेगा उल्लास साक्षरता पखवाड़ाः बीएसए

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गाजीपुर द्वारा जनपद में 1 सितम्बर से 14 सितम्बर 2026 तक उल्लास साक्षरता पखवाड़ा मनाए जाने के संबंध में समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। पखवाड़े के दौरान 8 सितम्बर 2026 को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन जनपद, विकासखण्ड एवं ग्राम स्तर पर किया जाएगा। उल्लास साक्षरता पखवाड़े के अंतर्गत 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के असाक्षर व्यक्तियों तथा वॉलंटियर्स का सर्वेयर के माध्यम से चिन्हांकन किया जाएगा। साथ ही सरकारी एवं गैर-सरकारी विद्यालयों में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु



कार्यशालाएं, संगोष्ठियां एवं सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। पखवाड़े के दौरान परिषदीय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं, ग्राम प्रधानों, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की सहभागिता से साक्षरता रैली, प्रभात फेरी एवं नुक्कड़ नाटक आयोजित किए जाएंगे। छात्र-छात्राओं द्वारा साक्षरता संबंधी नारों के साथ जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। विद्यालयों में प्रार्थना स्थल पर छात्र-छात्राओं को साक्षरता के महत्व की जानकारी देते हुए अपने घर एवं आसपास के असाक्षर व्यक्तियों को नव और भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत साक्षर बनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिए जन-जन साक्षर (Jan Jan Sakshar) तथा ULLAS - Understanding of Lifelong Learning for all in Society के संदेश के साथ पोस्टर, पम्पलेट एवं दीवारों पर पेंटिंग आदि के माध्यम से जनजागरूकता की जाएगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि सभी संबंधित विद्यालयों में 01 से 14 सितम्बर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की फोटोग्राफी एवं वीडियो क्लिपिंग सुरक्षित रखी जाए तथा 08 सितम्बर को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस समारोह का आयोजन प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जाए।